सूर्योदय प्रातः 5:03 | सूर्यास्त संध्या 6:38 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु. चतुर्दशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 23°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शुक्रवार, 21 जून 2024, वर्ष : 15, अंक : 128, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter







**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,478.93 | 141.34 (0.18%) |
| निफ्टी | 23,567.00 | 51.00 (0.22%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 22 carat | 66,400.00 |
| चांदी | | 925.00 |

## एक झलक

### श्रीनगर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**जम्मू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए गुरुवार शाम को श्रीनगर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि परियोजना का शुभारंभ भी करेंगे। यह परियोजना जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों के 90 ब्लॉकों में लागू की जाएगी, जिससे 3 लाख घरों को फायदा मिलेगा।

### चार डीएसपी का तबादला

**रांची :** राज्य सरकार ने चार डीएसपी का तबादला किया है। रांची में विशेष शाखा में पदस्थापित डीएसपी समीर कुमार सवैया को लोहरदगा जिले के किस्को का डीएसपी बनाया गया है। इसी प्रकार सीटीसी मुसाबनी में पदस्थापित डीएसपी अनिमेष गुप्ता को बोकारो का डीएसपी मुख्यालय, पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मुजीबुर रहमान को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और पलामू आईआरबी-10 में पदस्थापित डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी को गिरिडीह आईआरबी- 9 का डीएसपी बनाया गया है। इस सम्बन्ध में बुधवार देर रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### अमित शाह आज आयेंगे गुजरात

**अहमदाबाद :** लोकसभा चुनाव में जीत के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहली बार शुक्रवार को गुजरात आएंगे। वे दोपहर बाद सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे पूर्व वे नाडाबेट में आयोजित राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भी सहभाग करेंगे। नरेन्द्र मोदी सरकार में दूसरी बार केन्द्रीय मंत्री बने अमित शाह शुक्रवार को अहमदाबाद आएंगे। दिन के 3.30 बजे वे अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन संचालित 30 प्राथमिक स्कूलों के स्मार्ट स्कूल में रूपांतरित कार्यक्रम अंतर्गत वस्त्रापुर के सरकारी वसाहत स्थित स्मार्ट स्कूल का मुआयना करेंगे। इसके बाद दिन के 3.45 बजे वे नाराणपुरा गाम स्थित स्मार्ट स्कूल (अनुपम शाला) का लोकार्पण करेंगे।

### बांग्लादेश की प्रधानमंत्री आज आयेंगी भारत

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आएंगी। 18वीं लोकसभा के चुने जाने और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली राजकीय यात्रा है।

# किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : चम्पाई

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- सरकार की कृषि से जुड़ीं योजनाओं को लेकर किसानों, कृषक समूहों और किसान संगठनों से हों संवाद
- किसानों की समृद्धि से राज्य की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती



- मुख्यमंत्री ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की कार्य प्रगति की ली जानकारी, दिये कई अहम निर्देश
- मुख्यमंत्री ने किसानों के एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करने का अधिकारियों को दिये निर्देश
- मुख्यमंत्री ने किसानों को समय पर खाद-बीज के साथ अन्य कृषि सामग्रियां उपलब्ध करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ अन्नदाताओं को मिले, इसे निश्चित तौर पर सुनिश्चित करें, क्योंकि किसानों की समृद्धि से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के क्रम में ये बातें कहीं। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कृषि से जुड़ीं महत्त्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया।

**किसानों की एनपीए माफी को लेकर बैंकों से बातचीत करें**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत दो लाख रुपये तक का ऋण माफ करने की योजना है। इससे पहले किसानों के 50 हजार रुपए तक का लोन माफ किया गया था। ऐसे में जिन किसानों का कृषि ऋण बकाया है, उनके एनपीए माफी के लिए बैंकों से बातचीत करें, ताकि सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। इसके साथ मृतक लाभुकों का सही तरीके से सत्यापन करने के बाद ऋण माफी की राशि का भुगतान किया जाये।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में टाइम लाइन का रखें ध्यान**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कृषि कार्यों में टाइम फैक्टर काफी मायने रखती है। ऐसे में किसानों के बीच समय पर खाद -बीज का वितरण करने के साथ अन्य कृषि से जुड़ीं सामग्रियां उपलब्ध करायी जाये, ताकि वे इसका पूरा सदुपयोग कर सकें।

**राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्तर का आकलन कर बोरिंग हो**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य के अलग-अलग क्षेत्र में जल स्तर में काफी भिन्नताएं हैं। किसी इलाके में ग्राउंड वाटर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## महिला सशक्तीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम

- राज्य में शीघ्र होगी मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरूआत
- सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित सभी पेंशनधारियों को ससमय भुगतान सुनिश्चित करें



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में शीघ्र 'मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजनाՙ की शुरूआत करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत 25 वर्ष से ऊपर तथा 50 वर्ष से कम उम्र की सभी वर्ग समुदाय की गरीब जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ՙहमारी सरकार झारखंड प्रदेश की महिलाओं के बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तीकरण, परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।' उन्होंने अधिकारियों ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कोल इंडिया ने 23 बंद खदानें आवंटित की

**कोलकाता :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी बंद और ठप पड़ीं भूमिगत खदानों को निजी कम्पनियों को अलॉट कर दिया है। यह जानकारी कोल इंडिया की ओर से बुधवार को दी गयी है। पता चला है कि कोयला भंडार निकालने के लिए ऐसी 23 खानों को राजस्व-भागीदारी के आधार पर निजी कम्पनियों को आवंटित करने का निर्णय लिया गया। कम्पनी ने कहा कि इन खानों की अधिकतम क्षमता सालाना 3.41 करोड़ टन की है। इसमें से कुल निकालने योग्य कोयला भंडार 63.5 करोड़ टन है।

**वोटिंग में गड़बड़ी की शिकायत पर चुनाव आयोग का फैसला**

# 08 लोकसभा सीटों की ईवीएम होंगी चेक

- इनमें भाजपा ने 03 और कांग्रेस ने 02 सीटें जीतीं, जांच के लिए 08 आवेदन मिले




- करनाल से केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व फरीदाबाद से केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने 06 राज्यों की 08 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिये हैं। इनमें हरियाणा- तमिलनाडु की 02-02 सीटें शामिल हैं। वहीं, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की 01-01 सीटें हैं। 08 सीटों में से भाजपा को 03 और कांग्रेस को 02 सीटों में जीती मिली थी। वहीं, 03 सीटें अन्य पार्टियों के खाते में गयीं।

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 08 आवेदन आये थे। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गयी थी। आयोग अब इन 08 सीटों की 92 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच करेगा। इसके अलावा आयोग ने आंध्रप्रदेश और ओडिशा की 03 विधानसभा सीटों की ईवीएम की जांच के आदेश दिये हैं। आयोग यहां के 26 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम में गड़बड़ी की जांच करेगा।

**हरियाणा में 02 सीटों की ईवीएम चेक होंगी**

**राज्य** की करनाल और फरीदाबाद सीट की ईवीएम चेक करायी जायेगी। करनाल से केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जतायी गयी थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिख कर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जतायी थी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पंचायत सेवक 05 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सेरेगड़ा पंचायत के पंचायत सेवक अर्जुन राम को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू की टीम ने गुरुवार को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचायत सेवक सड़क निर्माण कार्य में भुगतान के लिए लाभुक से पांच हजार रुपये रिश्वत ले रहा था। जानकारी के अनुसार मालूमात प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के बुकरू गांव में ईट सोलिंग सड़क का निर्माण पंचायत स्तर पर कराया जा रहा था। काम पूरा होने के बाद लाभुक समिति द्वारा जब पंचायत सेवक से पैसे भुगतान की मांग की जाने लगी, तो पंचायत सेवक ने इसके बदले रिश्वत के रूप में 05 हजार रुपये की मांग की।

## समाज की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है : मुर्मू



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखायी गयी संवेदनशीलता से मापा जा सकता है। राष्ट्रपति ने गुरुवार को नयी दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। उन्होंने पुनर्निर्मित ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भगवान जगन्नाथ कल करेंगे सहस्त्र धारा स्नान, 14 दिनों तक नहीं देंगे दर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा संग महास्नान और श्रृंगार कर 15 दिनों के लिए एकांतवास में जायेंगे। ज्येष्ठ पूर्णिमा 22 जून को प्रसिद्ध जगन्नाथपुर मंदिर में नेम-निष्ठा से स्नान यात्रा अनुष्ठान कराया जायेगा। मंदिर के पुजारी कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि दिन के डेढ़ बजे से अनुष्ठान शुरू होगा।



मंदिर के पुरोहित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान को 108 कलश में रखे वनौषधि और सुगंधित जल से स्नान करायेंगे। श्रृंगार-पूजन कर 108 दीपों से आरती उतारी जायेगी। ढाई बजे परंपरानुसार आदिवासी पाहन और श्रद्धालु भी दूध, जल और सुगंधित द्रव्य आदि से प्रभु को स्नान करायेंगे। इसके बाद विग्रहों का स्पर्श दर्शन कर मंगल कामनाएं की जायेगी। फिर विग्रहों को पुजारी गर्भ गृह में ले जायेंगे।

# यूजीसी-नेट परीक्षा के मुद्दे पर छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के सामने किया विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** यूजीसी-नेट परीक्षा में पायी गयीं विसंगतियों और उसके बाद इसे रद्द किये जाने के खिलाफ स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई दिल्ली) के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को समाप्त करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफा देने की भी मांग की।




इस मौके पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए जेएनयूएसयू के उपाध्यक्ष अविजित घोष ने कहा कि एनटीए की स्थापना के बाद से ही वह पूरी शिक्षा प्रणाली का मजाक बना रहे हैं। एनटीए इन परीक्षाओं के संचालन में पूरी तरह से अक्षम रहा है, जैसा कि नीट में पेपर लीक, सीयूईटी परीक्षा में विसंगतियां और अब यूजीसी नेट 2024 परीक्षा से मौजूदा समझौता स्पष्ट है। यह भी ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि नेट परीक्षा रद्द होने से इस साल बड़ी संख्या में छात्रों के पीएचडी प्रवेश की सम्भावना भी खतरे में पड़ जायेगी। विश्वविद्यालयों को पीएचडी पदों के लिए नेट को मानदंड बनाये बिना अलग से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।

### यूजीसी-नेट परीक्षा मामले की सीबीआई करेगी जांच, नयी तारीख जल्द होगी घोषित

**शिक्षा** मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जायेगी। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने शास्त्री भवन में संवाददाताओं को बताया कि एनटीए द्वारा 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में 09 लाख छात्रों ने भाग लिया था। मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा में गड़बड़ी की संभावना है। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। इसकी अगली तिथि जल्द ही घोषित की जायेगी। जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) माध्यम से यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की थी।

### एनईईटी पेपर लीक मामले में राहुल गांधी केन्द्र सरकार पर हुए हमलावार

**नीट** (एनईईटी) पेपर लीक मामले में एक तरफ दोबारा से परीक्षा कराने की घोषणा की जा चुकी है। वहीं, दूसरी तरफ गुरुवार को अखिल भारतीय छात्र संगठन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस भी इसे मुद्दा बनाने पर जुटी हुई है। इस मामले को लेकर पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एनईईटी पेपर लीक मामले पर भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए सरकार पर हमला बोला।

### नीट, यूजीसी-नेट मामले पर भाजपा ने कांग्रेस पर किया पलटवार

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को नीट विवाद और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केन्द्र सरकार छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील है।

## एक झलक

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की हुई मौत



**बुढ़मू :** सुबह 4 बजे वज्रपात की चपेट में आकर बुढ़मू निवासी गीता देवी (25) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गीता देवी गुरुवार सुबह में करीब चार बजे शौच के लिए गई थी, इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गई। और मौके पर ही गीता देवी की मौत हो गई। सूचना पाकर पूर्व मुखिया गोवर्धन लोहरा और मृतक के परिजन अशोक जी मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।

### आमजनों को उचित दर पर मिले बालू: अशफाक आलम



**रांची :** रांची जिला में बालू को लेकर आमजनों की समस्याओं के समाधान की दिशा में राज्य सरकार, जिला प्रशासन, स्थानीय सांसद और विधायक की कोई ठोस पहल नही देखने को मिल रहा है। जिसके कारण कई दिनों से आमजनों को बालू की खरीदारी संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई दिनों से बालू की कमी और महंगी दर पर इसके बिकने की लगातार आमजनो की शिकायत आ रही है। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के रांची जिला ग्रामीण महासचिव अशफाक आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा उन्होंने कहा कि आम लोगों तक आसानी से बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने का मकसद वर्तमान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की है। विभागीय उदासीनता के कारण शौचालय व गरीबों को मिले आबूवा आवास योजना के लाभुकों के साथ साथ आम जनों के लिए निर्माण में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है उठाव पर रोक होने से बालू की कालाबाजारी जगजाहिर है। ऊंचे मूल्य पर बालू खरीदी व बेची जा रही है। जिसका खामियाजा आमजनों को ऊंची कीमत पर बालू खरीद कर चुकानी पड़ रही है। मैं समझता हूं कि खान व भूतत्व विभाग के अधिकारियों को बालू की समस्या पर काफी गंभीरता के साथ विचार विमर्श की आवश्यकता है।

### भाकपा माले ने भुरकुंडा में मनाया प्रतिवाद दिवस



**भुरकुंडा :** भाकपा भाले पतरातू प्रखंड सचिव नरेश बड़ाइक के नेतृत्व में गुरुवार को भुरकुंडा क्षेत्र के हुरुमगढ़ा में प्रतिवाद दिवस मनाया। इस दौरान अरुंधती राय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के यूएपीए कानून के हुए मुकदमे पर विरोध जताया गया। मौके पर नरेश बड़ाइक ने कहा कि केंद्र में मिलीजुली सरकार का गठन होते ही अरूंधति राय और डॉ. शेख शौकत हुसैन यूएपीए लगाने की अनुमति देकर सरकार से तानाशाही की मंशा को उजागर कर दिया है। यह सीधे तो पर अभिव्यक्ति की आजादी और असहमति के अधिकार पर हमला है। मौके पर मनोज मांझी, सोहन बेदिया, ब्रह्मदेव मुर्मू, मनोज मुर्मू,सुरज मुर्मू, मनोज टुड्डू, राजेश सोरेन, श्याम हैम्ब्रम,कमल सोरेन,महेश मुर्मू, पिंटू मुर्मू,विशाल मरांडी,दशाराम हैम्ब्रम, महादेव मुर्मू, पन्नालाल मुर्मू, अमित मुर्मू सहित दर्जनों मौजूद रहे।

### विधायक के प्रयास पर 50 बेड का बनेगा पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



**पतरातू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का भवन अब 30 बेड की बजाय 50 बेड का बनेगा। इसे लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मामले को लेकर विधानसभा में कई बार मामला उठाया था। स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव सहित उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात करके सुविधा अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन को 30 बेड के स्थान पर 50 बेड स्वास्थ्य केंद्र बनवाने की पहल की। इधर, भवन निर्माण विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 50 बेड का अस्पताल बनाने में लगभग 12 करोड़ 68 लाख 78 हजार की लागत आएगी। ज्ञात हो कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भवन निर्माण में अनियमितताओं का हवाला देकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया था। जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पहुंचकर इस संबंध में एनओसी दिलवाने का कार्य किया। जल्द ही निविदा प्रक्रिया निष्पादित करते हुए निर्माण कार्य को धरातल पर उतारने का कार्य किया जाएगा।

## उपायुक्त ने की राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक

# न्यायालयों में लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में, अपर समाहर्ता रांची, राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, मोहन लाल मरांडी, एल.आर.डी.सी. रांची, मुकेश कुमार, एल.आर.डी.सी. बुंडू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सुनील चंद्र, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव कुमार एवं रांची जिला के सभी अंचल के अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अंचल अधिकारी से विशेष रूप से कहा कि भूमि का सीमांकन, दाखिल खारिज, रैय्यती जमीन पर लगान लगा कर सरकारी खजाने में लगान जमा कराना, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ना हो इसके लिए इसे सहेज कर रखना, जितने भी भू-हस्तान्तरण के मामले भारत सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं में देना है, उसका भू-हस्तान्तरण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लंबित दाखिल -खारिज (लंबित 30 दिन बिना आपत्ति एवं लंबित 90 दिन आपत्ति) एवं भूमि



सीमांकन के मामलों की सघन समीक्षा की गई। कार्य निष्पादन पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित अंचल अधिकारियों को जल्द से जल्द लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन के मामले का निष्पादन ससमय करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन मामलों का निष्पादन ससमय नहीं होने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

**अंचलों में चल रही महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा करने पर विशेष ध्यान दें**

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने अंचल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी जमीन का अधिग्रहण एवं स्थानांतरण राज्य सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए अंचलों में जो महत्वपूर्ण योजनाएं बड़े पैमाने में चल रही हैं , उसे पूरा कराने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें।

लंबित प्रमाण पत्र (जाति/आय/आवासीय) उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने सम्बंधित सभी अंचल अधिकारियों से अंचल में लंबित प्रमाण पत्र (जाति/आय/आवसीय) के बारे में जानकारी लेते हुए इसे ससमय बना कर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र समय पर आवेदक को मिल जाए, यह सुनिश्चित किया जाये।

उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के विभिन्न एजेंसियों के भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि जिला में विभिन्न परियोजनाओं पर काम ससमय पूरा हो इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारी/पदाधिकारी अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएं।

म्यूटेशन से संबंधित मामले म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने का निर्देश दिया । लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन/म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से अपने कोर्ट की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुराने वाद में नकल लेने वालों को क्रमवार नकल देने का निष्पादन करें।

## उपायुक्त ने की डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी की बैठक

# नवगठित सहकारी समितियों का नियमित रूप से डेटाबेस अद्यतन करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न सहकारी समितियों के सशक्तिकरण हेतु गठित डिस्ट्रिक को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एजेंडावार जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। नैशलन को-ऑपरेटिव डेटाबेस अपडेशन की समीक्षा के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची द्वारा बताया गया कि जिला में निबंधित सभी 306 लैम्पस एवं 1893 विशेष प्रकार की सहकारी समितियों का अद्यतन डाटा अपलोड किया जा चुका है, जिसमें से सभी 306 लैम्पस एवं 374 विशेष प्रकार की सहकारी समितियाँ कार्यरत हैं। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा नवगठित सहकारी समितियाँ का नियमित रूप से डेटाबेस अद्यतन करने का निदेश दिया गया। नई बहुउद्देशीय लैम्पस/डेयरी/मत्स्यजीवी सहकारी समितियों की स्थापना पर विचार करते हुए उपायुक्त द्वारा अधिक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निबंधन करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि बड़े तालाबों के लिए भी मत्स्यजीवी सहयोग समिति का गठन करने की कार्यवाही करें। झारखण्ड राज्य सहकारी, बैंक लिमिटेड से संबद्धता एवं समन्वय स्थापित करने के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया जिला में सभी 306 लैम्पस द्वारा झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक से संबद्धता प्राप्त कर ली गई है। 17 लैम्पस सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड राँची से संबद्ध है। उपायुक्त द्वारा सहकारी बैंक के प्रतिनिधि को बैंक में अधिक से अधिक किसानों का खाता खोलनक और केसीसी की सुविधा देने का निदेश दिया गया।

## शिव मंदिर में मना हिन्दू साम्राज्य दिवस

**बुढ़मू :** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ बुढ़मू द्वारा ठाकुरगांव शिव मंदिर में हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभाग सह संघचालक सिद्धनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म में सभी के विकास की बात कही गई है और सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जहां सभी एक स्वर में बोलते है कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो। कार्यक्रम को विभाग कार्यवाह डा. सुनील कुमार महतो, अर्जुन राम, प्रखंड कार्यवाह रंजन कुमार, प्रशांत गुप्ता, मुकेश कुशवाहा ने भी संबोधित किया। मौके पर लगन, राहुल, देवेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## थाईलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता 2024 में भारतीय टीम का जलवा बरकरार, विजेता टीम बना कर लौटी दोनों वर्गों की टीमें

# रांची वापसी पर रांची रेलवे स्टेशन में नाच-गान के साथ भव्य स्वागत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**रांची :** थाईलैंड की लोप बुरी में अंतर्राष्ट्रीय थ्रोबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग खिलाड़ी महिला एवं पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा। भारतीय टीम मे झारखंड के 09 खिलाड़ी थे पुष्पा मिंज, महिमा उरांव, असुंता टोप्पो, तारामणि लकड़ा, संजुक्ता एक्का, (महिला वर्ग) सनोज महतो, मुकेश कंचन, मुकेश कुमार, महावीर बिन (पुरुष वर्ग) जिनका प्रदर्शन लाजवाब रहा। पारा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार अल्बर्ट ने भारतीय टीम को जीत की हार्दिक बधाई दी और उम्मीद जताया की आने वाले दिनों में यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ट टीम बनेगी। सीरीज में पुरुष वर्ग में भारत ने थाईलैंड को 25-20, 24-25 , 25-15 से हराया। वहीं महिला वर्ग में 25-16, 25-18, 25-20 से जीत हसिल की। टीम के सदस्य दिव्यांग सनोज महतो ने बताया कि हमे काफी मेहनत करना पड़ा है, इस प्रतियोगिता को जीत दर्ज करने के लिए पूरा टीम ताल-मेल से खेला। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष राहुल मेहता, सचिव सरिता सिन्हा, पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू , सृजन हेल्प के सचिव गुंजन गुप्ता, पतरस तिर्की (सोदाग पंचायत के मुखिया), अर्जुन नायक ,सुनील राज चक्रवर्ती, दीनानाथ सिंह मुंडा, राजू कश्यप, अली उमर, इरफान उल्लाह, संजू कुमारी, शिवरानी कुमारी, अमर महतो, सोनाराम महतो, मनोज महतो, मक्कू तिर्की, मुड़ा नायक, रूसू महतो, सुधुवा महतो, विजय महतो एवं कई सामाजिक संगठनों ने सभी खिलाडियों का भव्य स्वागत किया , बधाई और शुभकामनाएं दी।

## उरीमारी के गौरी शंकर मंदिर में गेट निर्माण का हुआ शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** दामोदर नदी तट पर अवस्थित गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में सीसीएल के द्वारा चाहरदीवारी होने के बाद गेट निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को किया गया। गेट निर्माण का शिलान्यास उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के द्वारा नारियल फोड़ कर कार्य आरंभ किया गया। मौके पर उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि दामोदर नदी तट पर अवस्थित गौरीशंकर मंदिर के सुंदरीकरण के तहत गेट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से यूनियन के उरीमारी शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, बिरसा शाखा अध्यक्ष कंचन मांझी, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, उरीमारी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य कानू मरांडी, गणेश राम, डॉ जीआर भगत, उप मुखिया सतीश कुमार, ओवरसियर कविन कुमार, चंदू जायसवाल, संजय कुमार यादव, बाबू राम, लखन साव, नकुल प्रजापति, सहबीर मांझी, अखिलेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## अनगड़ा प्रखण्ड की हेसल पंचायत में युवा आजसू की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** हेसल पंचायत रामनगर में युवा आजसू की बैठक सोनू कुमार के अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी युवा केन्द्रीय संयोजक जनाव अबदुल जबार अन्सारी ने अपने संबोधन में कहा कि 22 जून को आजसू पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर बलिदान दिवस के रूप में झारखंड के पुरे 81 विधान सभा में मनायी जा रही इस बीच आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा युवा आजसू 2024 विधानसभा चुनाव में झारखंड की दिशा और दशा बदलने में अहम भूमिका निभायेगी और इसकी शुरूआत 22 जून स्थापना दिवस में 1000 युवाओं की भागीदारी से सुनिश्चित करना है क्योंकि युवा हीं झारखण्ड राज्य के राज्य का नव निर्माण कर सकतें हैं। मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी, महिला मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी, इंडिगो एयरलाइंस के आपरेशन मैनेजर संजीत कुमार, अशीष कुमार, अमित कुमार महली, विमल मंडल, सुमित कुमार, रोहित कुमार, निलेश बड़ाइक, प्रिंस कुमार, सत्यम कुमार, आयुष पाठक, राहुल उरांव, सूरज कुमार, मनीष कुमार, मुकेश दुबे आदि दर्जनो युवा उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा पर हुआ कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना में 16 जून से 30 जून 2024 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' नामक एक पाक्षिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुरुवार को कार्यक्रम का उद्घाटन कक्षा षष्ठ और सप्तम के छात्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेकर किया गया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद और प्रमिला सिंह, सीसीए प्रभारी ने किया। प्राचार्य ने अपने भाषण में कहा कि स्वच्छता ईश्वरत्व की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है और छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। अभियान के दौरान, छात्रों ने स्कूल परिसर को नो प्लास्टिक जोन और नो स्पिटिंग जोन की तख्तियों से सजाया। यह पहल छात्रों को पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए की गई थी। इस आयोजन ने छात्रों में स्वच्छता के प्रति एक नई जागरूकता पैदा की और उन्हें स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता न केवल शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि मन और आत्मा को भी शांति और स्वच्छता प्रदान करती है, जिससे एक अच्छे चरित्र का निर्माण होता है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व हुआ योग अभ्यास




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में प्राचार्य उमेश प्रसाद के निर्देशन पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी की गई। योगाचार्य बचूलाल तिवारी द्वारा योगाभ्यास कराते हुए बताया कि योग शरीर और मन को एक साथ लाता है। यह तीन मुख्य तत्वों से बना है गति, श्वास और ध्यान। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, और मरोड़ जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं।पूर्वाभ्यास में संधि योग, प्राणायाम मे भस्त्रिका, कपालभाती, अनुलोम-विलोम, उज्जायी प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम तथा आसन में सूक्ष्म व्यायाम एवं वज्रासन, शशकासन, मंडूकासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। पूर्वाभ्यास को सफल बनाने में आचार्य अमरदीप, चिरंजन खन्ना, शम्मी राज, इन्द्रजीत सिंह, अमरदीप नाथ शाहदेव, शंभू मिश्रा, सेखर, सतेन्द्र मिश्रा, दिलीप सिंह, शशि कान्त, अनूप झा, शुक्ला चौधरी, ज्योति राजहंस, आरती झा, ममता कुमारी, गायत्री पाठक दीदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने जन समस्याओं को सुना

**अनगड़ा :** खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने गुरुवार को कुच्चु पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव व टोलों का दौरा कर जन समस्याओं को सुना। रामकुमार पाहन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रासाबेड़ा, कामता, डिमरा, कुच्चु, हुंडरू गांवों में गये व ग्रामीणों से मिले. ग्रामीणों ने उनके समक्ष अपनी पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क आदि से संबंधित समस्याओं को रखा. उन्होंने समस्याओं को निराकरण कराने के लिए उपायुक्त रांची व सांसद संजय सेठ के समक्ष रखने का आश्वासन दिया. मौके पर घनेनाथ महतो, नरेश बेदिया, सोहरैया बेदिया, शिवशंकर बेदिया, लालू बेदिया, महेश बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## उरीमारी में सीएचपी साइलो से होते प्रदूषण पर लोगों में नाराजगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत उरीमारी सीएचपी साइलो से हो रहे वायु प्रदूषण के खिलाफ उरीमारी के लोग गोलबंद होकर प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। जिसे लेकर गुरुवार को उरीमारी बस्ती में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुखू मांझी और संचालन कार्तिक मांझी ने किया। मौके पर ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि उरीमारी बस्ती के समीप सीसीएल की सीएचपी साइलो से वायु प्रदूषण काफी ज्यादा हो रहा है। जिससे उरीमारी बस्ती, जोजो टोला सहित आसपास के सभी ग्रामीण धूल और गंदगी से त्राहिमाम है। सीएचपी साइलो से निकलने वाला धुल कण लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल रहा है। लोगों के घरों में पीने के पानी में कोयले के धूलकण की मोटी परत देखी जा सकती है और लोग इस पानी को पीने में विवश है। अगर सीसीएल प्रबंधन ग्रामीण की समस्या का समाधान नहीं करती है तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी। बैठक में मुख्य रूप से संजय टुड्डू, राजू पवारिया, सोलेन



हंसदा, कौलेश्वर सोरेन, अर्जुन प्रजापति, गूदल प्रजापति, बालेश्वर प्रजापति, तालो बेसरा, सोधन पवारिया, कुला प्रजापति, जुगल प्रजापति, दिनेश प्रजापति, दिलीप कुमार महतो, सनी बेसरा, बसंत सोरेन, भादो करमाली, बंधु करमाली, बुधन करमाली, अरविंद प्रजापति, विनोद प्रजापति, वासुदेव प्रजापति, गोरा प्रजापति, भवानी प्रसाद, सावित्री देवी, रेणु देवी, सारो देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, प्यासो देवी, चंचला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# योग दिवस के पूर्व श्री अग्रसेन स्कूल में हुई योग पर चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल में योग पर परिचर्चा का आयोजन। योग पखवारा पर विद्यार्थियों और अभिभावकों ने घर पर किया योगाभ्यास। योग के महत्व पर हुई लेखन प्रतियोगिता।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में योग का महत्व विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इससे पूर्व शिक्षकों के निर्देशन में जारी योग पखवारा के तहत विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपने घर पर प्रतिदिन योगाभ्यास किया गया। शिक्षकों ने सभी को योग के विभिन्न आसनों कपालभाति, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, बालासन, ताड़ासन, सेतुबंधासन, वृक्षासन, सुखासन, भुजंगासन, धनुराषण, नटराजासन, वीरभद्रासन, उष्ट्रासन आदि की जानकारी दी गई। उन्हें योग के फायदे बताए गए। परिचर्चा में स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण का एक समग्र मार्ग है। यह सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। मन की अशुद्धता को बाहर निकाल कर व्यक्तिगत चेतना को मजबूती प्रदान करता है। जिससे जीवन में उत्साह और ऊर्जा बनी रहती है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आधुनिक युग में योग का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज हर व्यक्ति कहीं न कहीं दोषपूर्ण जीवनशैली में जीने लगा है। जिसका उनके शरीर और मन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोग बीमारी की गिरफ्त में आने लगे हैं। ऐसे में योग हमें खुद को स्वस्थ रखने में सबसे कारगर साधन साबित हो सकता है। निदेशक (एकेडमिक) एसके चैधरी ने कहा कि सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए योग का असंख्य लाभ है। जिसके कारण योग ने पूरी दुनिया में अपार लोकप्रियता हासिल की है। यह न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि तनाव को कम करने, एकाग्रता में सुधार करने और आंतरिक शांति की भावना को बढ़ाने में भी मदद करता है। प्रशिक्षक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि योग से आत्मविश्वास, ध्यान और एकाग्रता बढ़ती है। शारीरिक लचीलापन आने के साथ मांसपेशियों को मजबूत बनाने में योग बेहद कारगर है। इससे तनाव व नकारात्मक व्यवहार दूर होता है। योग से शारीरिक संतुलन के साथ अच्छी नींद आती है। शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने, शांत एवं रिलैक्स रहने में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षक करुणा राजगढ़िया ने आंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीघार्यु बनाता है। परिचर्चा के बाद विद्यार्थियों के बीच योग के महत्व पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों को चित्रित करते हुए उसके फायदे बताए। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 10 वीं वर्षगांठ पर योग करने और समाज में भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया।आयोजन को सफल बनाने में प्रोन्नति मुखर्जी, उषा कुमारी, रीता राय, प्रीति कुमारी, सीमा लकड़ा, दिव्या कुमारी, सोनिका तिर्की, अंजली कुमारी का योगदान रहा।

## एक दिवसीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**बुढ़मू :** गुरूवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम बुढ़मू में एक दिवसीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ उपप्रमुख हरदेव साहु व शिक्षकों द्वारा दीप जलाकर संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में उच्चविद्यालय के बालक वर्ग का फाइनल भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव और राजकिशोर उच्चविद्यालय मक्का के बीच खेला गया जिसमें भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव की टीम दो गोल से विजयी रही। मध्यविद्यालय बालक वर्ग का फाइनल ठाकुरगांव और बरौदी के बीच खेला गया जिसमें बरौदी की टीम विजय रही। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल राजकीय उत्क्रमित उच्चविद्यालय साड़म और भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव के बीच खेला गया जिसमें भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव की टीम विजयी रही। विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रीमा दुबे, अमिता देवी, रविंद्र कुमार, कृष्णा साहु, जनक मुंडा, पनेश्वर महतो, विष्णु यादव, देवसागर साहु सहित अन्य मौजूद थे।

## बकरीद मिलन समारोह आयोजित अमन चैन की मांगी गयी दुआ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** कांके प्रखण्ड स्थित रिंग रोड के पास चुट्टू गांव में बकरीद के बाद बुधवार रात को बकरीद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव अनवारूल अंसारी के द्वारा आयोजित था। जहां पार्टी जिला ग्रामीण महासचिव अनवारूल अंसारी के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। सभी ने एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए भाईचारा के साथ कुर्बानी का पर्व बकरीद मनाने पर आभार व्यक्ति की। महासचिव सह वरिष्ठ समाजसेवी अनवारूल अंसारी ने बताया कि कांके प्रखण्ड पूरे झारखंड व देश मे भाईचारगी के लिए जाना जाता है। मौके पर मुख्य रूप से जिला ग्रामीण सचिव अब्दुस सलाम, नसरुद्दीन अंसारी, जहांगीर अंसारी, सफीक अंसारी, मजनू अंसारी, सार्दुल बहादुर, जुनबहल अंसारी, अलीमाम, आरिफ अंसारी, खालिद फैसल, मुर्शीद अंसारी, तोशीफ अंसारी, एनामुल अंसारी, एजाज चीमा, नफीश अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक झलक

### सीएम से मिले योगेंद्र प्रसाद महतो व प्रदीप यादव, जताया आभार



**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से झारखंड मंत्रालय में राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री–सह–राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो एवं विधायक प्रदीप यादव ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से इन्होंने झारखंड सरकार द्वारा 19 जून 2024 को आयोजित हुए मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के भीतर जाति आधारित जनगणना कराये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को बधाई दी तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक


**रांची :** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सिविल सर्जन, रांची डॉक्टर प्रभात कुमार, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत, निजी अस्पतालों के संचालक/प्रबंधक एवं इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सूचीबद्ध निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराए जाने के बाद इंश्योरेंस कंपनी द्वारा निष्क्रिय किए गए मामलों में भुगतान नहीं किए जाने पर विचार–विमर्श किया गया। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बारी–बारी से सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों से निष्क्रिय किए गए मामलों के जानकारी ली गई। निजी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा निष्क्रिय मामलों के लेकर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की गई। उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अस्पतालों को केन्द्र/राज्य सरकार के गाइडलाइंस अनुसार ससयम डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि भविष्य में रिजेक्शन ना हो।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने रक्तदान पखवाड़ा के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन विकास भवन ऑफिस ऑफ डेप्यूटी कमिश्नर रांची में किया गया। झारखंड प्रांतीय रक्तदान सयोजक पिंकेश खंडेलवाल जी मोके पर मोजूद थे, शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया। रक्तदान प्रभारी रोजी खंडेलवाल ने पूरे कार्यक्रम को लाइनअप किया, शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके अलावा सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया, एवं रक्तदान के महत्व को समझाया गया। सचिव शुभा अग्रवाल ने बताया, रक्तदाताओं को संस्था की तरफ से सर्टिफिकेट दिया गया, सबको जूस भी दिया गया। यह शिविर का कार्य रिम्स के चिकिस्को के सहयोग से सम्पन्न हुआ। मौके पर अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष स्वेता भाला, रोजी खंडेलवाल, कोमल पोद्दार, कविता जालान, पायल जैन मोजूद थी। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### देश के भविष्य नीट परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करे मोदी सरकार : अभिजीत राज



**रांची :** गुरुवार को राजभवन के समीप झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज जी अध्यक्षता में युवा कांग्रेस का टएएळ परीक्षा में हुई पेपर लीक और बड़े घोटाले के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम सम्पन हुआ कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने किया,अभिजीत जी का कहना था कि देश की गूंगी, बहरी, निकम्मी सरकार देश के भविष्य नीट के परीक्षार्थी के साथ धोखा किया सालों साल से बच्चे एग्जाम का तैयारी करते हैं और इनके भविष्य के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तफा देना चाहिये, मोदी सरकार पिछले 10 सालों से युवाओं को सिर्फ छला ही है 2 करोड़ नौकरी का वादा फेल,किसानों का वादा फेल,महिला सुरक्षा का वादा फेल इसलिए मोदी को इस लोकसभा में 400 पार का नारा जनता ने खोखला साबित कर दिया।

---

मादक पदार्थों पर रोक को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# कोई आसानी से न बेच पाये मादक पदार्थ : एसएसपी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मादक पदार्थों पर रोक को लेकर गुरुवार को मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी रांची, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली सह नोडल पदाधिकारी नशा विमुक्ति अभियान प्रकाश सोय, सिविल सर्जन प्रभात कुमार, एसपी एनसीबी सारिक उमर, न्यूरो फिजिशियन, रिनपास सजल अशीष नाग, नेहरु युवा केन्द्र के प्रतिनिधि डाक्टर कमल कुमार बोस, डॉ. सत्येन्द्र प्रताप, विभिन्न थानों के प्रभारी, गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधि, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यशाला में मादक पदार्थों पर रोक के लिए आवश्यक जानकारी एवं जन सहभागिता पर बल दिया गया।

**विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थो की दी गयी जानकारी**

**कार्यशाला** के दौरान एसपी एनसीबी सारिक उमर द्वारा विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों और उनके प्रभाव के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। उपस्थित




लोगों विशेषकर छात्रों को मादक पदार्थों की पहचान, सेवन से होने वाले प्रभाव और बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। नशे के सेवन से किस तरह युवा पीढ़ी और समाज प्रभावित हो रहे हैं इससे संबंधित एनसीबी का वीडियो भी सभी को दिखाया गया।

कार्यशाला में संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा के खिलाफ जनजागरण की आवश्यकता है। माता-पिता/अभिभावक बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर रखें, उनसे बातचीत करें, साथ में लंच या डिनर करें। बच्चों की आंखों, चलने और बोलने के तरीके से पहचानें, कहीं वो नशा तो नहीं कर रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि सिगरेट क्या है ?, तंबाकू की डंडी, जिसके एक सिरे में धुआं है और दूसरे सिरे पर एक मूर्ख।

**कोई आसानी से न बेच पाये मादक पदार्थ**

**वरीय** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला में कोई भी मादक पदार्थ आसानी से न बेच पायें, इसके लिए पुलिए को सतर्क रहने की आवश्कता है। उन्होंने अभियान से जुडे. सभी पुलिस पदाधिकारियों से नशे को कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश दिये।

**एक युद्ध नशे के विरुद्ध, हेल्पलाइन 9153886238 पर दें जानकारी**

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में आम जनता का सहयोग बेहद जरुरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए रांची पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिस पर व्हाट्सऐप के माध्यम से रांची में चल रहे नशे के कारोबार, मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी दी जा सकती है। कार्यशाला के दौरान सभी को ये वीडियो दिखाया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 9153886238 नोट कराया गया एवं सभी से दूसरे लोगों से साझा करने की अपील की गयी। कार्यशाला में न्यूरो फिजिशियन, रिनपास श्री सजल अशीष नाग द्वारा मादक पदार्थों के आदि हो चुके व्यक्ति के उपचार के संबंधित आवश्यक जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों को मादक पदार्थों पर रोक के लिए जन जागरण हेतु शपथ भी दिलायी गयी।

---

## बच्चों को छात्रवृत्ति विषयक अधिकारों के प्रति जागरूक करें : दीपक बिरुआ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** छात्रवृत्ति भुगतान किसी प्रकार से लम्बित ना रहे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें।साथ ही, जिला स्तर पर समन्वय स्थापित कर छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दें। ये बातें मंत्री दीपक बिरूआ ने कहीं। मंत्री गुरुवार को आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को निर्देश दे रहे थे।

**मंत्री के आदेश पर उपायुक्तों को मिला निर्देश**

**मंत्री** के आदेश के बाद जिला स्तर पर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आदिवासी कल्याण आयुक्त ने उपायुक्तों को कहा है कि वे प्रत्येक जिला के सभी संकुल स्तर पर कैम्प लगा कर मिशन मोड़ में सभी छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड को बैंक खाता से जोड़ने, केवाईसी कराने, ऑनलाइन जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने का

**मंत्री ने दिये निर्देश**

- छात्रवृत्ति का भुगतान लम्बित ना रहे
- प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के वितरण को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत वितरित करें

कार्य करायें। उपयुक्तों को बताएं गए उपरोक्त कार्य की जानकारी दीपक बिरुआ को आदिवासी कल्याण आयुक्त ने दी है।

**उपयुक्तों को लिखा पत्र, लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश**

**मंत्री** के आदेश पर प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के वितरण को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत वितरित करने के लिए सभी उपायुक्तों को आदिवासी कल्याण आयुक्त ने पत्र लिखा है। साथ ही, शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं पूर्व के सभी लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान 15 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। वहीं, 31 अक्टूबर 2024 तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 का भुगतान भी पूरा करने के प्रति गम्भीरता से कार्य करने की बात दीपक बिरुआ ने कही है। इसके अतिरिक्त मंत्री ने उपायुक्तों से यह भी अपील की है कि सभी विद्यालयों के बाल संसद में एक छात्रवृत्ति मन्त्री बनाया जाये, जिससे छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी के साथ, अपने छात्रवृत्ति विषयक अधिकारों के प्रति भी जागरूक हो सकें।

---

## एचडीएफसी बैंक ग्रुप हेड स्मिता भगत एमएसएमई मीट में हुई सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एचडीएफसी बैंक ग्रुप हेड रिटेल ब्रांच बैंकिंग स्मिता भगत ने अपनी रांची यात्रा के दौरान शीर्ष प्रसिद्ध एमएसएमई सदस्यों और विभिन्न स्टार्टअप व्यवसायियों से मुलाकात की। यह बैठक एफजेसीसीआई झारखंड की ओर से आयोजित की गई थी। व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एचडीएफसी बैंक ने इस वित्त वर्ष में अपनी शाखाओं को 93 से बढ़ाकर 100 करने की योजना बनाई है और विशेष ध्यान ग्रामीण बाजार और किसानों, व्यापारिक समुदाय और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से स्टार्टअप के लिए विभिन्न उत्पादों और सेवाओं पर होगा और




अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि यह झारखंड में पहली बार है, जहां ग्रुप हेड या कंट्री हेड ने इतने बड़े पैमाने पर एमएसएमई के साथ बातचीत की है। प्रश्न और उत्तर सत्र के दौरान चैंबर और व्यापार समुदाय के विभिन्न सदस्यों ने एचडीएफसी बैंक द्वारा पेश की जाने वाली उत्पाद सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला की सराहना की और बताया कि बैंक अपने लगातार उत्पाद प्रस्तावों और ग्राहकों के लिए सेवाओं के साथ व्यापार करना आसान बना रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी और संयुक्त सचिव शैलेश अग्रवाल, बीबीएच ईस्ट जोन के संदीप एस कुमार के साथ जोनल हेड - झारखंड अभिषेक कुमार और अन्य बैंक अधिकारी भी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

---

## एक्सआईएसएस में झारखंड में जेंडर, स्वदेशी और भूमि अधिकारों की वस्तुस्थिति पर पैनल चर्चा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और इंडियन एसोसिएशन फॉर विमेन स्टडीज (आईएडब्ल्यूएस) ने महिला अध्ययन केंद्र, यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स, रांची विश्वविद्यालय के सहयोग से गुरुवार को अपने परिसर में फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे ऑडिटोरियम में ह्यझारखंड में जेंडर, स्वदेशी और भूमि अधिकारों की वस्तुस्थितिह्न पर पैनल चर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम में आदिवासियों के भूमि के साथ घनिष्ठ संबंध, जो उनके रोजमर्रा के भौतिक अस्तित्व का एक महत्वपूर्ण आधार ही नहीं, बल्कि उनके आध्यात्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक जीवन में भी भूमि महत्वपूर्ण है, इसपर चर्चा की गयी। यह उनके पूर्वजों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी और आदिवासी पहचान और समुदायवाद का एक प्रमुख तत्व है। भूमि अलगाव, भूमि पर सामुदायिक अधिकारों का क्षरण, परिणामस्वरूप विस्थापन, प्रवास और गरीबी जैसे प्रासंगिक मुद्दे और उन्होंने आदिवासी महिलाओं के जीवन को महत्वपूर्ण तरीकों से कैसे प्रभावित किया है।

---

## पौराणिक श्री शिवजी मंदिर परिसर से सटे भवन में बार संचालन से पहुंच रही धार्मिक आस्था को ठेस : युवा आजसू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह और वेदांत कौस्तव जी के नेतृत्व में एजी कॉलोनी, कडरू स्थित पौराणिक श्री शिवाजी मंदिर परिसर से सटे भवन में संचालित हो रहे ओना बार एंड रेस्टोरेंट में बार संचालन के खिलाफ आवाज उठाई है। युवा आजसू ने आज आयुक्त, उत्पाद एवम मद्द निषेध विभाग और उपायुक्त, रांची के नामित ज्ञापन सौप अविलंब ओना बार को बंद कराने का आग्रह किया है। युवा आजसू ने संबंधित पदाधिकारियों को सूचित कराया है कि ओना बार और रेस्टोरेंट में मदिरा परोसे जाने की वजह से धार्मिक स्थल का पवित्र वातावरण बाधित हो रहा है और स्थानीय श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा, ओना में बार संचालन को लेकर दिए गए लाइसेंस की उच्च स्तरीय जांच की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि लाइसेंस देने की प्रक्रिया में कोई नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ है। जब तक जांच पूरी नहीं होती और उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक तत्काल प्रभाव से बार के संचालन पर रोक लगाई जाए ताकि धार्मिक स्थल की पवित्रता बनी रहे।

---

## भगवद् अनुज्ञा के साथ कल्याणोत्सव का हुआ आगाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्रीधाम वृंदावन से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य जी महाराज। महाराज श्री के सान्निध्य में होंगे कल्याणोत्सव के सारे आयोजित कार्यक्रम । श्रीस्वामी जी के साथ श्री गोविन्द दास जी महाराज और कई परिकर भी पधारे हैं। 21से 23 जून तक चलेगा तिरुपति बालाजी मंदिर में वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव। 21 जून शुक्रवार को सायं चार बजे से कलश स्थापना एवं यजमान संकल्पम 22 जून शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से सुदर्शन महा होमम एवं दिन के 12:00 बजे गोष्टी तथा अपराह्न 3:00 बजे से शोभा यात्रा (नगर भ्रमण) 23 जून रविवार को भगवान श्री वेंकटेश्वर संग लक्ष्मी जी की अवतारिका राजकुमारी पद्मावती का परिणय संस्कार (महाकल्याणोत्सव)। स्वामी भगवान दास सत्संग हॉल में कल्याणोत्सव मण्डपम का बिगत एक सप्ताह से सजावट हो रहा है। भव्य सजावट का आकार देने में कलकत्ता के कारीगरों की मण्डली रात- दिन एक किये हुए हैं। इधर दक्षिण भारत के कांचीपुरम से आचार्य, अर्चक और परिचारक के साथ भगवान की सवारी (पालकी)वाहक , दक्षिण भारत के देव दुर्लभ विशेष वाद्य नाद -स्वर के वादक तथा दक्षिण के व्यञ्जनों का विशेषज्ञ रसोईये सभी रांची पहुंच चूके हैं।

---

## द हंस फाउंडेशन ने झारखंड में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर किया एमओयू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** द हंस फाउंडेशन ने मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर रांची के जिला अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में तीन प्रमुख एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह महत्वपूर्ण समझौते पूरे भारत में मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य और स्वच्छता मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के द हंस फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों को एक नयी गति देंगे। एमओयू पर तीन प्रमुख साझेदारों मेनस्ट्रूपीडिया, एमवीएम न्यूट्रिशनल प्रोडक्ट्स और जिला स्वास्थ्य समिति, रांची ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को मजबूत करना, मासिक धर्म संबंधी शिक्षा को बढ़ाना, और संपूर्ण आहार सप्लीमेंट्स उपलब्ध कराना है। जिला स्वास्थ्य समिति, रांची और द हंस फाउंडेशन के बीच हुए समझौते का उद्देश्य रातू ब्लॉक के ऊषा मातू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव लाना है। अगले पांच सालों में, वे आसानी से सुलभ उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए सुवधिाओं को अपग्रेड करेंगे, कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे और चिकित्सा संसाधनों को उपलब्ध कराएंगे। जिला स्वास्थ्य समिति पंजीकरण और परिचालन कार्य संभालेगी, जबकि हंस फाउंडेशन के ऊपर भर्ती और दैनिक गतिविधियों को संभालने की जिम्मेदारी होगी। इसके अतिरिक्त, द हंस फाउंडेशन ने युवा लड़कियों और महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य पर शैक्षिक सामग्री तैयार करने के लिए मेनस्ट्रुपीडिया के साथ साझेदारी की है, जिसमें मिनी मेनस्ट्रुपीडिया कॉमिक बुक्स शामिल हैं।

---

फाइलेरिया उन्मूलन हेतु ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टीएएस) को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

## योजना अनुरूप कार्य करने के निर्देश

- जिले में कुल 265 स्कूल के 5808 विद्यार्थी जांच हेतु चयनित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन हेतु ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टीएएस) को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। सर्वप्रथम बैठक में पीपीटी के माध्यम से उपायुक्त महोदय को टीएएस संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि रांची जिले के चार सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र अनगड़ा, बेड़ो, बुढमू एवं तमाड़ में दिनांक 20.06.2024 से 15.7.2024 तक सर्वे निर्धारित है। इसमें चयनित स्कूलों के कक्षा एक एवं दो के सभी विद्यार्थियों की फाइलेरिया जांच की जायेगी। जिले में कुल 265 स्कूलों के 5808 विद्यार्थी जांच हेतु चयनित है। साथ ही जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति हेतु बैठक एवं अभिभावकों की सहमति प्राप्त की जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला स्तर से सिविल सर्जन, वीवीडी पदाधिकारी, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, एसीएमओ द्वारा प्रतिदिन संध्याकालीन बैठक भी किया जाना है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा योजना अनुरुप कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा न छूटे और जांच के बाद जल्द रिपोर्ट भेजें। उन्होंने संबंधित एमओआईसी को पूरी गंभीरता से कार्य निष्पादित करने को कहा। बैठक में सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, आरसीएचओ, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला वीवीडी सलाहकार, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, पिरामल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर अम्बेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल के सैंकड़ों बालिकाओं ने किया योगाभ्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं रिलेशंस कि ओर से अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व धुर्वा स्थित अंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल में 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' थीम पर सैंकड़ो ग्रामीण बालिकाओं ने एक साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता डॉ. अनिल कुमार एव भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक ने सभी बालिकाओं को योग के महत्व पर प्रकार डाला साथ ही साथ बालिकाओं को योग, प्राणायाम, आसन एव सूर्य नमस्कार का योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ अनिल कुमार व आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। व्यस्थ जीवन शैली मन और शरीर के लिए योग जरूरी है। स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। हम सबको हमेशा योग के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है तभी हम और हमारा भारत रोग मुक्त भारत की दिशा में अग्रसर रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल कि निर्देशिका संगीता कुमारी, प्राचार्य अमित कुमार रंजिता कुमारी, राधा पूर्ति, सबिता कुमारी, सुमन पूर्ति, रुकैया परवीन समेत अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---


## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बहावलपुरी पंजाबी समाज ने चार दिवसीय योगा कैम्प का किया आयोजन



**रांची :** बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा विश्व योग दिवस को लेकर चार दिवसीय योगा कैंप का आयोजन किया गया है। इस आयोजन की शुरूआत 18 जून से हुई, जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन 21 जून तक चलेगा। कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन में चल रहे इस योगा कैंप में 18 एवं 19 जून को शहर की प्रख्यात योग प्रशिक्षिका नीतू अरोड़ा ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। संस्था के सचिव अश्विनी सुखीजा ने बताया कि 20 एवं 21 जून को शहर की एक और प्रख्यात योग प्रशिक्षिका चांद नागपाल द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज संस्था के संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा द्वारा नीतू अरोड़ा को उनके इस निःस्वार्थ सहयोग के लिए पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। पिछले दो दिनों से चल रहे योगा कैंप में ललित किंगर, कवलजीत मिढ़ा, अंचल किंगर, मोहन खीरबाट, सुरजीत मुंजाल, जितेंद्र मुंजाल, कमलेश मिढ़ा, ज्योति मिढ़ा, पिंकी तलेजा, शीला अरोड़ा, ज्योति मुंजाल, लीना मनुजा, रेखा मुंजाल, इंदु पपनेजा, किरण गेरा,पुष्पा पपनेजा, किरण अरोड़ा, नीलू मनुजा, सोनिया गिरधर एवं रश्मि अरोड़ा नियमित रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

---

## 154वां नि :शुल्क श्री कृष्ण भंडारा सत्संग भजन व भक्तिभाव के साथ सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे द्वारा पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में बृहस्पतिवार को होने वाला 154वां निःशुल्क श्री कृष्ण भंडारा सत्संग भजन एव भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। परमहंस संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 108 श्री सदानन्द जी महाराज के आशीर्वाद से एम. आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवम कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में बिजय कुमार सरीता अग्रवाल अपने पोते धीर अग्रवाल पुत्र एव पुत्रवधु( नितीश श्रुती अग्रवाल) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे मंदिर मे लगे तेल चित्र एव मुर्ति के रुप मे विराजमान श्री राज श्यामा महारानी को भंडारे का भोग अर्पित कर आरती करने के समय पुरा मंदिर परिसर प्राणनाथ प्यारे की जय राज श्यामा महाराज की जय गुरु जी सदानंद जी महाराज के जय जयकारो से गुंजमान हो रहा था। संस्था के निर्मल जालान सज्जन पाडिया एवं चिरंजीलाल खणडेलवाल ने भगवान के दर पर भोग लगाते हुए यह भजन गायन कर भोग लगाया। आवत आज सखी मन मोहन सुन मोरो जीयो हर्षाय रे बालो जीयो हर्षाय रे, तोरन बंध बंधे हैं भवन मे मोतियो चोख पुराये रे बालो चोखीयन भोग पुराये रे बालो।

# लंबित योजनाओं की कार्य योजना बना कर ससमय पूर्ण करें : उपायुक्त

बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आज गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय की अध्यक्षता में की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित मौजूद रहीं। बैठक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत पहले चरण में स्वीकृत किए गए आवास निर्माण को पहली किस्त की राशि अविलंब जारी करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती



जाये। जिन्हें अबुआ आवास आवंटित हो चुका है और उनके पहला चरण का कार्य संतोषजनक है,तो उन्हें दूसरी किस्त की राशि जारी करें। सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोर कसर न रखें। योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कम प्रगति वाले प्रखंडों से जवाब तलब कर जल्द से जल्द प्रथम व द्वितीय किशत की राशि हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया। अबूआ आवास में ग्रामीणों द्वारा पीलिंथ तक के कार्यों की जीओ टैग फोटोग्राफ व डॉक्यूमेंट अपलोडिंग कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चार दिनों के अंदर अबूआ आवास से संबंधित सभी लंबित कार्य को पूर्ण करें वरना वेतन निर्गत पर रोक लगा दी जायेगी। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं तथा ग्रामीण स्तर पर चल रही कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने पी.डी जेनरेशन को भी बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही मनरेगा से संबंधित कार्यों ने किसी भी प्रकार का मशीन का प्रयोग न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**पोटो हो खेल योजना**

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायतों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाना है। शिक्षा विभाग से इस हेतु समन्वय स्थापित करने को कहा। खेल मैदान निर्माण के लिए जमीन चिन्हितीकरण के हेतु सभी बीडीओ को कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया।

**बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना**

बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष 6023 कूपों का निर्माण पूर्ण किया जाना है। इस कार्य पर प्रगति लाने का निर्देश दिया।

**बिरसा हरित ग्राम योजना**

इस योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख-रखाव एवं संरक्षण की भी पूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को सक्रिय कर बिरसा हरित ग्राम योजना से जोड़ने को कहा।

उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से सरकार की प्राथमिकता वाले योजनाओं को गंभीर होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड कार्यालय को पब्लिक फ्रेंडली बनाएं,लोगो की समस्याएं सुने और उनका निष्पादन भीं करे। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सभी बीडीओ, प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हजारीबाग** : जिला में राज्य, केंद्र प्रायोजित योजनाओं सहित डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं से आधारभूत संरचना निर्माण कार्य की समीक्षा उपायुक्त श्रीमती नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई।

उपायुक्त ने कहा योजनाओं को समय पर पूरा करे। योजनाओं के पूर्णता की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं के अंतिम चरण को पूर्ण करने, योजना को संबंधित विभागों को हैंडओवर करने, उपयोगिता पत्र देने में अनावश्यक विलम्ब पर निराजगी जताई। डीएमएफटी अथवा जिला स्तर पर स्वीकृत योजना को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने सहित कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता मानकों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन कार्यों में विशेष ध्यान दे। हॉस्पिटल व स्कूल आदि निर्माण कार्य को संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में योजना क्रियान्वयन में आपसी समन्वय तथा कॉन्ट्रैक्टर के साथ नियमित बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी कार्यपालक अभियंताओ को चल रहे योजना का फॉलोअप करने एवं योजना स्थल का विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। लंबे समय से लंबित निमार्णाधीन योजना के संदर्भ में कहा कि मामले के समाधान के लिए योजना स्थल पर ज्वाइंट विजिट करें, समस्याओं के समाधान के लिए पहल करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि सहित प्राथमिकता वाले योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित सरकारी एजेंसियों को दिया।

## रात के अंधेरे में दो अज्ञात का शव जला, मामला हत्या, आत्महत्या या फिर ऑनर किलिंग का

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

- मौके से खून लगा चाकू, कड़ा और चूड़ी बरामद, जांच में जुटी पुलिस
- अब तक क्यो मौन है नेता, समाज सेवी, एवं सामाजिक संगठन
- चोरी छिपे शव जलाने के मामला पर पुलिस ने लिया संज्ञान

**इचाक** : थाना क्षेत्र के परासी करोंजा टोला समीप श्मशान घाट में चोरी छिपे दो अज्ञात लोगो का शव जलाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना 14/15 जून की रात्रि की है। यह घटना पूरे क्षेत्र में सनसनी मचा दी है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सुबह टहलने के लिए शमशान घाट के इर्द गिर्द मैदान मे जाते है। ग्रामीणों ने सुबह देखा की दो शव को रात्रि में जलाया गया है। जब गांव और आस पास पता किए की किसकी मृत्यु हुई है तो पत्ता चला की गांव मे किसी की मृत्यु नही हुई जबकि दो शव की अंत्योष्ठी कर दी गई है। स्थानीय लोगो का कहना है की जब गांव ने किसी व्यक्ति की मौत ही नही हुई तो किसके शव को अंतिम संस्कार किया गया यह संदेह पैदा करता है ल स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बताया गया की शव जलाने के कुछ दिन पहले से ही शमशान घाट पर लकड़ी को इकट्ठा कर रखा गया था। जैसे किसी व्यक्ति की मौत से पहले शमशान घाट में लकड़ी की व्यवस्था की जाती है। दो अज्ञात शवों का जलने का मामला जैसे ही प्रकाश मे आया चौक-चौराहा में चर्चा का विषय बना, वैसे ही स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को उक्त घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर बुधवार की सुबह इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस ने अंत्येष्टि के जगह से खून से सना एक चाकू, युवक को पहनने वाला कड़ा और युवती की चूड़ी बरामद की है। इसके बाद पुलिस सकते में आ गई और मामला से जुड़े हर तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच में जुट गई है। बरामद सामानों से अंदेशा लगाया जा रहा है की जलाए गए शवों में एक युवक तथा एक युवती है क्योंकि मौके पर से कड़ा और चूड़ी की जो सामग्री

## सैकड़ों युवाओं व महिलाओ ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा और संचालन ओबीसी के प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। इस सम्मेलन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने आजसू पार्टी की नीतियों सिद्धांतों और रौशनलाल चौधरी के कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी मे अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए आजसू पार्टी मे विरजू कुमार और विमला देवी के नेतृत्व



में सैकड़ों लोग पार्टी मे सामिल हुए। सभी को मुख्य अतिथि रौशनलाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। मौके पर सभी नए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्ग के जानते को विश्वास दिलाता हूं कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलूंगा और किसी भी वर्ग के लोगों का भरोसा टूटने नहीं दूंगा। आजसू पार्टी और मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर झारखंड में अव्वल बनाना। आगे उन्होंने कहा कि आज उसको का नाम सिर्फ विकास के नाम से जाना जाता है आप सभी देख सकते हैं जहां-जहां पर आजसू पार्टी के विधायक हैं वहां का विकास रेट सभी विधानसभा क्षेत्र से ऊपर रहता है।

सभा में दर्जनों लोग ने पार्टी का लिया सदस्यता पार्टी में शामिल होने वाले सभी ने एक स्वर मे कहा की आने वाला विधानसभा चुनाव मे रौशनलाल चौधरी को विधायक बनाने मे पूरी ताकत झोंक देंगे। अब बड़कागांव रौशनलाल से ही रौशन होगा। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य राजा खान, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, ओबीसी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा साव, आजसू के वरिष्ठ नेता पप्पू प्रसाद मेहता, छोटू कुमार, कैशर आलम, आजसू के पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांसद मनीष जायसवाल से धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने ग्रामीणों संग की भेंट, जीत की दी बधाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : सांसद मनीष जायसवाल से शुक्रवार को हजारीबाग स्थित आवास पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भेट किया। मौके पर भगवा गमछा व बुके देकर जीत की बधाई दी। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में सामूहिक रूप से सांसद को बताया कि धनवार पंचायत में कोरियाड़ीह आरईओ रोड़ से शमसान घाट तक पथ व पुलिया निर्माण बरसोत तक, कोरियाड़ीह शमसान घाट के निकट चैक डेम का जीर्णोद्धार एवं सीढ़ी का निर्माण, कोरियाड़ीह ऊपर टोला में 200 केवीए का



ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना के साथ ग्राम लठिया में सामुदायिक भवन का निर्माण आदि शामिल है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अजय कुमार कुशवाहा, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, मनोज केशरी, उमेश यादव, राजेंद्र प्रसाद, उर्फ राजन, अशोक यादव, रामजी प्रसाद, झरी महतो, उमेश प्रसाद, मनोज कुमार, विनय कुमार, रामदेव सिंह, केशो महतो, तारकेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार, नागेश्वर प्रसाद, राजु प्रसाद, नारायण प्रसाद, नरेश प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण शामिल थें।

## पलायन क्षेत्र के विकास में बाधक : किशोरी राणा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी** : रोजगार को लेकर बढ़ते पलायन पर रोक को लेकर समाजसेवी किशोरी राणा नें युवाओं और ग्रामीणों के साथ डांड गांव के शिव मंदिर प्रांगण में बैठक की। बैठक में नव झारखंड फाउंडेशन के संस्थापक किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में पलायन बाधक है। जबकि झारखंड खनिज सम्पदा से सम्पन्न राज्य है। बावजूद यहां 70 फीसदी लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करने को विवश हैं। उन्होने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। सिंचाई साधन अनुपलब्ध होने से भीकिसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। क्षेत्र में रोजगार के साधन उपलब्ध होने के कारण शिक्षित युवाओं को मजबूरीवश रोजी रोजगार के तलाश में अन्यत्र राज्यों मे पलायन करना पड़ रहा है, जो काफी



दुःखद है। बैठक में ग्रामीण किसानों ने भी कहा कि सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद क्षेत्र में पेयजल व सिचाई संसाधनों की कमी के कारण लोगों में खेती के प्रति कम दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। इसलिए दो पैसे कमाने के लिए अपने बच्चों को पढ़ाने लिखाने के बाद भी बाहर भेजना पड़ रहा है। इसके लिए क्षेत्र के सांसद विधायक को जिम्मेदार बताया गया। बैठक में आगामी विधान सभा चुनाव पर भी चर्चा किया गया। ग्रामीणों के मुताबिक स्थानीय सांसद विधायक ही ग्रामीण जनता का दर्द को समझ सकता है। बैठक में इस बार विधान सभा चुनाव में विधायक पद के लिए कटकमसांडी क्षेत्र से एक प्रत्याशी चुनने की सहमति बनाई गई। बैठक में किशोरी राणा को विधायक प्रत्याशी बनाए जाने की सहमति बनाई गई। बैठक में जगदेव राणा, प्रमोद सिंह, सतीश सिंह, धनंजय पांडेय, विक्की सिंह, अनुज यादव, नौशेर खान, सचिन दास, संतोष यादव, प्रकाश यादव, अरविंद कुमार, सुरेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जन जागरण केन्द्र ने ग्रीष्मकालीन खेलमेला का किया आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के उत्क्रमित मध्य चेडरा बालक विद्यालय में छलांग परियोजना के तहत पिरामल फोडेसन एवं जन जागरण केन्द्र हजारीबाग के द्वारा गर्मी की छुट्टी में खेल मेला का आयोजन किया गया। खेल मेला जनजागरण से फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज और धीरज सोनी के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजित खेल मेला में उपस्थित गांव के ग्रामीण तथा बच्चे-बच्चियां उपस्थित रहे। इस खेल मेले में बायल्डिंग बिल्डोजर, ट्रेजर हंट, कबड्डी, डॉज बॉल, मूव एंड स्टॉप जैसे विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन करवाया गया। समाप्ति के पश्चात खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत हुए



खिलाड़ियों में शुभम कुमार, ऋषि कुमार, आर्यन कुमार एवं निखिल कुमार शामिल है। इस दौरान फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज ने बच्चों को बताया कि खेल से बच्चों में शारीरिक, बैद्धिक क्षमता एवम मानसिक का विकास होता है साथ ही उन्होंने कहा कि जीवन स्वस्थ रखने के लिए खेल कूद जरूरी है। छलांग परियोजना शारीरिक और मानसिक विकास में कारगर साबित हो रहा है। स्कूल की छुट्टी में बच्चे पढ़ाई के साथ साथ खेल भी सीख रहे हैं।

## एक दिन सांस लेने व छोड़ने से नहीं बनेगा स्वस्थ समाज

योग दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : चरही चुरचू प्रखंड वैसे तो भारत देश ऋषि, मुनियों का देश रहा है। भारत देश में योग की महत्व आज से नही बल्कि वर्षों पुराना से लोगों के जीवन में प्रचलित है। फिलहाल 21 जून को पूरा देश योग दिवस मनायेगा, लेकिन सिर्फ एक दिन सांस लेने व छोड़ने से स्वस्थ समाज की उम्मीद करना बेईमानी होगी। योग नित्यदिन करने की जरूरत है, ताकि हमारा घर, हमारा समाज व हमारा देश स्वस्थ बन सके। योग दिवस के दिन लोगों को योग के फायदे के बारे में बतलाने का काम



किया जाता है। आम लोगों के स्वास्थ्य से जुडी विद्या अब सरकारी कार्यालय तक पहुंचाया जा रहा है। लेकिन सिर्फ एक दिन सांस लेने व छोड़ने से समाज व देश परिपक्व समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। उसके लिए हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। फिलहाल एक दिन (21 जून) पूरे भारत देश योग दिवस मनाया जाता है जिससे देश व समाज फिट नहीं रह सकता हैं। इसके लिए हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। देश के प्रधानमंत्री ने जिस तरह से भारत में उपजी योग विद्या को लोगों के अपने जीवन में फिर ढ़ालने का काम करवाया है। उससे देश ही नही समाज सशक्त बनकर उभर सकता है। आधुनिक समय में अपनी दौड़ती भागती जिंदगी से हटा लिया है। जिंदगी बीमार बनकर जब बोझ बनने लगी तो फिर से उसे जीवन का एक अंग बनाने का कोशिश की जा रही है। विश्व भर में योग को फिर से पुनर्जीवित करने का श्रेय निः संदेह भारत के योग गुरुओ को जाता है। जिसके प्रयास से लोग अनुलोम-विलोम, कपालभाति, प्राणायाम, ध्यान आसन कर रहे है। एक दिन हाथ हिलाने से कोई व्यक्ति स्वस्थ नही बन सकता है। इसे निरंतर करने की जरूरत है। आम लोगों तक योग सूत्र के महत्व को बताने की आवश्कता है ताकि इस विश्वव्यापी अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाया जा सके। फिलहाल हम सभी को एक लक्ष्य व एक लय के साथ नियमित योग करने की जरूरत है जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण करवाया जा सके। वर्तमान समय में योग की महत्व इस कदर बढ़ रहा है की अगर समय रहते पूरा समाज पूरा देश योग की परिभाषा को समझ व इसकी महत्व को समझने लगेंगे तो पूरा समाज, पूरा देश स्वस्थ व सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का चरही चौक में हुआ स्वागत

**मनोज कुमार**

**चरही** : केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी का दिल्ली से कोडरमा जाने के क्रम में चरही के चरही चौक पर गुरुवार को जोरदार स्वागत किया गया' चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का चरही चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुके देकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया' स्वागत की उपरांत केंद्रीय मंत्री ने स्वर्गीय जयवीर महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के पूर्व केंद्रीय मंत्री ने नेताजी के गले में पड़े सूखे और पुराने फूल के मालाओं को



साफ करने को कहा प्रतिमा को साफ करने के बाद केन्द्रीय मंत्री ने माल्यार्पण किया केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने फ्रीडम फाइटर संवाददाता मनोज कुमार से बातचीत करते हुए कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है। चुनाव को लेकर पार्टी का निरंतर मंथन चलता रहता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पार्टी की बैठक हुई है। लक्ष्य हमारा झारखंड जीत हैं। हमारा लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर झारखंड में एक मजबूत सरकार बनायें उनसे पूछा गया कि झारखंड में गठबंधन होगा क्या इस पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह पार्टी का विषय है। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करने वालों में भाजपा चुरचू प्रखंड मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह आशा राय संगीता देवी रोहित महतो संजय साव महादेव गोपाल महतो गब्बर सिंह गौतम सिंह पारस महतो डॉ॰ राम सेवक प्रसाद महतो रोहित महतो नरेश

## एनटीपीसी के विरोध में विधायक व पूर्व कृषि मंत्री के नेतृत्व में महाजुटान सभा आयोजित

आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : प्रखण्ड के उत्तरी क्षेत्र के सैकड़ो भू रैयतों ने विभिन्न मांगों को लेकर बसरिया बाजार टांड़ में गुरुवार को महजुटान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जुटान में कोल माइंस से विस्थापित, प्रभावित गांव बसरिया, हवई पाण्डु, बलेदेवरी, चट्टीबरियातु, बसरिया, पगार,समेत अन्य कई गांवों के प्रभावित हजारों रैयतों ने अपने मांगो को लेजर शिरकत किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक



अम्बा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, सीओ वहीं सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के लिए अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, बीईईओ जवाहर प्रसाद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विधायक अम्बा प्रसाद ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विस्थापित, प्रभावित लोगो को समस्याओं को लेकर हमलोग पूरे परिवार आंदोलन करते रहे है। रैयतों की सवाल पर मेरे पिता योगेंद्र साव व मेरी मां निर्मला देवी जेल जा चुकी है। इसके बावजूद कम्पनी की मनमानी जारी है। पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों के लिए हक अधिकार के लिए मै एनटीपीसी कम्पनी से लड़ते आया हूं। और हमे कम्पनी हमे और मेरे परिवारों को सताते आया है। इससे मै नहीं डरता हूं। जनता को हक और अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा। मैं संवैधानिक तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करूंगा यह आंदोलन गांधीवादी तरीके से प्रभावित और विस्थापित परिवारों को उचित मान सम्मान दिलाने में मैं कोई कसर नहीं छोडूंगा बीजीआर कंपनी जो हो रही है तुमको डरा धमका कर कार्य कर रही है वह मैं कदापि होने नहीं दूंगा। इसके बाद सभा मे 18 सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुए डीसी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। अगर 18 सूत्री मांगों पर कम्पनी अगर नही मानती है तो हम सभी विस्थापित, प्रभावित भू रैयतों मिलकर कोल माइंस के कार्यलय में ताला बंदी किया जायेगा। मांग पत्र में ग्रामीणों के अधिग्रहित जमीन के ऊपर बने मकान, तालाब, कुआं, पेड़ पौधे के अचल सम्पति का मुआवजा के उत्खनन कार्य करने से पहले दिया जाय, स्थानीय बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देकर कम्पनी रोजगर की व्यवस्था करे, दो मृतक बिरहोर परिवार के परिजनों को 25-25 लाख रुपये अभिलम्ब भुगतान करे आदि आदि 18 सूत्री मांग है। इस कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रेम लाल गुप्ता व संचालन सुरेश साव ने किया। इस मौके पर रविन्द्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, पप्पु दस, विजय देवा, उमेश साव, अमित दुबे, प्रदीप महतो, राजेंद्र प्रजापति, रामकुमार दुबे, साजन कुमार, बबलू वर्मा, तनु वर्मा, सागर कुमार समेत सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## दारू अंचल में 151 म्यूटेशन के आवेदन लम्बित

**दारू** : झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भूमि के दाखिल खारिज मामला को संज्ञान में लेकर जिले के उपायुक्त को सख्त निर्देश देते हुए बिना कारण 90 दिन के अंदर दाखिल खारिज करने का निर्देश दिया है। निर्देश के बाद उपायुक्त पुरी तरह से एक्शन में है जिसके बाद जिले 6 अंचल के सीओ को सोकौज किया गया। दारू अंचल में ऑनलाइन के मुताबिक 2024-25 कुल 151 म्यूटेशन के आवेदन लंबित, 9 आवेदन रिजेक्ट और 46 आवेदन का करेक्शन स्लिप जेनरेट किया गया। वहीं, 2023 -24 में 7 आवेदन लंबीत, 366 का करेक्शन स्लिप जनरेट किया गया और 471 आवेदन रिजेक्ट किये गये।

## एक झलक

### सीताराम मेहता मारपीट में घायल

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र के बरियठ गांव निवासी सीताराम मेहता पिता स्व काली महतो उम्र लगभग 59 वर्ष ने अपने ही गांव के मुंशी प्रसाद मेहता, पिता काली महतो, कांति देवी पति मुंशी प्रसाद मेहता, सूरज कुमार, विशाल कुमार, सपना कुमारी सभी के पिता मुंशी प्रसाद मेहता के ऊपर जान लेवा हमला और मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाने में दिये गये आवेदन मे लिखा है की 19 जून की रात 10:20 बजे हम अपने घर जा रहे थे, जैसे ही हम गाड़ी से उतरे सभी लोग अचानक हम पर हमला बोल दिए और जान मारने की नियत से मारपीट करने लगे, जिससे मेरा माथा फट गया एंव ओठ भी कट गया है। शोर गुल सुनकर मेरी पत्नी नर्मदा देवी बचाने आई उसके साथ भी मारपीट किया एवं गले से सोने का चैन छीन लिया एंव मेरे जेब से 25,500 रुपया भी निकाल लिया। इलाज के जब ओ घर वापस लोटा तो 20 जून के दोपहर मे पुन: लोगों ने मारपीट किया। इस सबंध थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की आवेदन दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

### डुबकिया में 25 केवीए ट्रांसफार्मर कराया गया उपलब्ध

**कटकमदाग** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के प्रयासों से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी, जो कई दिनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। बेस पंचायत के जारा टोला डुबकिया क्षेत्र में लगातार हाथियों का आना-जाना बना रहता था, जिससे जंगली इलाका होने के कारण अंधेरे में आने-जाने में ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस ट्रांसफार्मर की स्थापना से न केवल बिजली की समस्या का समाधान होगा, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी ग्रामीणों को राहत प्राप्त होगा।

### भाजपा के नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि की बाइक हुई चोरी

**दारु** : थाना क्षेत्र मे बाइक और मोबाइल चोरी की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद की काले रंग की होंडा शाइन बाइक की चोरी बुधवार की शाम को कर ली गयी। इस बारे में भाजपा नेता ने बताया कि बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने श्रीमंगलम विवाह भवन मे भाजपा की समीक्षात्मक बैठक रखी गयी थी जिसमे वह अपनी बाइक को भवन के ठीक सामने लगाकर बैठक मे मौजूद थे। इस बैठक के बाद जब वह बाहर आये तो अपनी बाइक को गायब पाया। होटल मे लगे सिसिटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा था। इस बैठक मे शामिल होने काफी लोग आये थे और बहुत सारी बाइक खड़ी थी पर उतने बाइक के बीच भाजपा नेता की ही बाइक चोरी हो गयी। इस मामले की जानकारी दारु थाना पुलिस को दे दी गयी है।

### प्रखंड क्षेत्र में रात के अंधेरे में अंधाधुध पेड़ों की कटायी जारी, विभाग मौन

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में रात के अंधेरे में अंधाधुध पेड़ों की कटाई हो रही है इससे हमारा पर्यावरण पर पड़ने वाला असर देखने को मिल रहा है, जिसका दुष्परिणाम यह है कि हमे दोहरी भीषण गर्मी झेलना पड़ रहा है। एक तरफ पर्यावरण के संरक्षण के प्रति सजगता दिखाते हुए पर्यावरण को बचाने हेतु कई घोषणाएं और बातें की जाती है। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के जंगलों से आए दिन बड़े-बड़े पेड़ों को चंद पलों में काट कर गिरा दिया जाता है। जो की एक लंबे समय से चलता आ रहा है। विष्णुगढ़-बगोदर मुख्य मार्ग एनएच 522 में कुछ दिनों पूर्व सड़क किनारे स्थित कुछ पेड़ों को एकाएक काट कर गायब कर दिया गया। इसी संबंध में सूत्रों के हवाले से प्रखंड के गाल्होबार एवं खरकी पंचायत में भी पेड़ काटने का मामला सामने आया है। बताया गया कि उक्त पंचायत लगातार वन विहीन होते जा रहे हैं। जिससे उत्पन्न हो रही परेशानियों से मानव से लेकर पशु-पक्षी भी इससे अछूते नहीं हैं। हाल में ही नमूना के तौर पर हजारों चमगादड़ों की मौत हो गयी थी।

## एक झलक

### क्षेत्र में सक्रिय हैं कोयला व लोहा चोर

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा क्षेत्र में इन दिनों कोयला व लौह सामग्री चुराने वाले तस्कर सक्रिय हैं। कोयला चोरों द्वारा मोटर साइकिल और भारी वाहनों में भरकर कोयला ले जाते देखा जा सकता है। अब तो आउटसोर्सिंग से निकलने वाले अवशेष पत्थर को भी ट्रैक्टरों में भरकर दिनदहाड़े सड़कों पर सरपट सरपट दौड़ते देखे जा सकते हैं। हाल ही में एक ट्रैक्टर श्यामडीह में पलटी मारी थी, जिसमें नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस प्रशासन ने पूछताछ के बाद ट्रैक्टर को छोड़ दिया। जो जांच का विषय है।

### धनबाद की बेटी पत्रकार प्रीति पूजा की अपील का लंदन के चुनाव में असर

**धनबाद :** भारतीय पत्रकार प्रीति पूजा ने अपनी संस्था प्राइम कम्युनिकेशन मीडिया : ए ग्लोबल मीडिया ऑर्गनाइजेशन के बैनर तले सांसद बॉब ब्लैकमन के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। लंदन में निवास करने वाले भारतीय मूल के नागरिकों पर प्रीति पूजा की अपील का असर पड़ेगा, ऐसा माना जा रहा है।

### राजकुमारी देवी का निधन

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** सिंदरी कल्पना टॉकीज के प्रबंधक वशिष्ठ नारायण सिंह की धर्मपत्नी राजकुमारी देवी का निधन गुरुवार को हो गया। हो गया। वह कुछ महीनों से बीमार चल रही थी।
अपने पीछे 2 पुत्र राजीव रंजन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं दो पुत्री के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

### जर्जर तारों को बदलने की मांग

**बाघमारा (धनबाद) :** निचितपुर स्टेशन रोड स्थित हॉस्पिटल के समीप स्थित विद्युत पोल पर लगे तार जर्जर अवस्था में है। इस कारण कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग से इस जर्जर तारों को बदलने की मांग की है।

### चेन्नई कमाने गये मजदूर को वापस बुलाने की मांग

**धनबाद :** टुंडी थाना ताराटांड़ निवासी सखीचन्द महतो ने प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर चेन्नई कमाने गए पुत्र को वापसी की मांग की है। पत्र में उसने कहा है कि स्थानीय ठेकेदार द्वारा अच्छे वेतन का लभ उसके पुत्र लालू महतो को काम करने के लिए चेन्नई ले जाया गया। अब छह महीने से वह उसकी वापसी के लिए प्रयास कर रहे हैं पर कोई पता नहीं चल रहा है। टुंडी थाना में भी इस बात की शिकायत की है पर थाना प्रभारी द्वारा पुत्र को वापस लाने संबंधी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर पुत्र लालू महतो का मोबाइल भी बंद बता रहा है। इस बात की सूचना मिलने के बाद झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के रंजीत कुमार महतो ने जिला प्रशासन व राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष लालू महतो के वापसी के लिए सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने सांसद से सिन्दरी की बिजली, पानी व आवासीय समस्या के समाधान का किया अनुरोध

**सिन्दरी (धनबाद) :** भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह के नेतृत्व मे गुरुवार को मोर्चा की टीम सांसद ढुल्लू महतो के आवास पर मिला, और बुके भेंटकर जीत की बधाई दी। महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अणिमा सिंह ने सांसद का ध्यान सिंदरी के बिजली और पानी समस्या की ओर आकर्षित किया और बताया कि सिंदरी में बिजली सेवा अभिशप्त हो गया है, आंधी आई, पत्ता खड़का की बिजली गुल हो जाती है। बिजली के नही रहने से जलापूर्ति भी बाधित हो जाती है। अणिमा सिंह ने सिंदरी के आवासों के लीज शर्त की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया और अनुरोध किया कि लगभग 70 वर्ष पुराने आवासों का जिनका बुक वैल्यू शून्य है एफसीआई प्रबंधन दो से दस रुपए वर्ग फीट प्लिंथ एरिया के दर पर लीज पर दे रही है जो सरासर गलत है। सांसद ढुल्लू महतो ने महिलाओ को आश्वासन दिया कि वे बहुत शीघ्र सिंदरी आकर एफसीआई और हर्ल प्रबंधन से मिलकर समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे।

# मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए पूर्णत: संकल्पित झारखंड सरकार

**जागरूकता कार्यक्रम**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार 20 जून को जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला जनसम्पर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजित कुमार, डालसा के डॉ कुमार विमलेंदु समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही उपायुक्त, सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालय से आये छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान हेतु लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम में शामिल हुए बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन मे कभी भी किसी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे और समाज के और भी साथियों को इसके प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य




सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है, सभी शिक्षक छात्रों को अच्छी शिक्षा दे एवं उनपर ध्यान भी दे क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नई चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं ओर कई बार गलत चीजों की तरफ चले जाते हैं जिससे उनके भविष्य अधर में चली जाती है। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण विभाग, जनसम्पर्क कार्यालय, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है। सिटी एसपी अजित कुमार ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन के अलावा समाज के नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें साथ साथ अपने आस पड़ोस के बच्चों पर भी नजर रखें। ताकि आपके बच्चों के साथ साथ समाज के बच्चों को भी नशा एवं मादक पदार्थों से दूर रखा जाये।

## जिला स्थापना समिति व जिला अनुकंपा समिति की बैठक सम्पन्न

**धनबाद :** गुरुवार 20 जून को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला स्थापना समिति की बैठक में कुल 06 लोगों के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति का निर्णय समिति द्वारा लिया गया। अनुकंपा समिति की बैठक में अनुकंपा के आधार पर कुल 28 व्यक्तियों के प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा प्राप्त आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति, आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी ली। साथ ही उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की भी जानकारी ली। इस दौरान स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 28 मामलों पर सुनवाई करते हुए, आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई। अनुकंपा समिति द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से 08, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से 03, सिविल सर्जन कार्यालय से 03, समाहरणालय से 04, बीआईटी सिंदरी से 03, पीएचईडी से 02, सहयोग समिति से 01, एसएसपी कार्यालय से 02, अग्निशमन कार्यालय से 01, पथ प्रमंडल से 01 प्रस्ताव पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई।

## सीबीसी धनबाद ने पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन

**10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

- आज प्रात: 7:00 से योगाभ्यास, मुख्य अतिथि विधायक मथुरा प्रसाद महतो रहेंगे उपस्थित
- पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया जायेगा पुरस्कृत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तोपचांची (धनबाद) :** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के तत्वावधान में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार 20 जून को आम जनों तथा विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन जिले के तोपचांची प्रखंड स्थित विनोद बिहारी महतो महिला इंटर कॉलेज, मदईडीह में किया




गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने विद्यार्थियों को इस वर्ष की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' तथा परिवार के साथ योग' के बारे में जानकारी दी और अंतराष्ट्रीय योग दिवस कैसे 2015 से पूरे विश्व में मनाया जाने लगा उसके बारे में चर्चा की। आज के प्री पब्लिसिटी कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, सीबीसी धनबाद के तकनीकी सहायक राजकिशोर पासवान सहित महाविद्यालय के शिक्षक गण प्रो. धिरजु महतो, प्रो. वानेशवर टुडू, प्रो. सरिता गुप्ता, प्रो. राजेश कुमार महतो, प्रो. बलदेव प्रसाद महतो, प्रो . मुकेश महतो,प्रो. शंकर महतो, प्रो. चोलाराम महतो, प्रो.ओम प्रकाश महतो, अनिल रजवार, शिवा महतो, इकबाल अंसारी, आरती देवी, भिखनी देवी आदि की प्रमुख भूमिका रही। पेंटिग प्रतियोगिता में दीपाली कुमारी को प्रथम स्थान मिला, वहीं निबंध प्रतियोगिता की विजेता अंतरा कुमारी रही। शुक्रवार 21 जून को मुख्य कार्यक्रम - योगाभ्यास, जागरूकता रैली, पुरस्कार वितरण और गीत-नाटक मंचन होगा।
21 जून के मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही, समाजसेवी गण तथा प्रखंड अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे।
स्थानीय पतंजलि योग केन्द्र के योग प्रशिक्षक विजय कुमार रजक द्वारा सभी लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जायेगा। योगाभ्यास कार्यक्रम के उपरांत रंगोली, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही, विभाग के जुड़े गीत तथा नाटक मंडली के कलाकारों द्वारा सभी के समक्ष योग पर रोचक प्रस्तुति भी दी जायेगी।

## धनबाद की कार्यकारिणी समिति की बैठक

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार 20 जून को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला योजना समिति, धनबाद के कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में के दौरान धनबाद जिलान्तर्गत पीएचईडी-1एवं2 के कार्यपालक अभियंता, कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), लघु सिंचाई, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनआरइपी, सहकारिता पदाधिकारी, समेत अन्य विभाग के पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त अतिआवश्यक/महत्वपूर्ण एवं जनोपयोगी योजनाओं (Missing Gap) के प्रस्ताव की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि चयनित योजनाओं को जिला योजना समिति की बैठक में पारित करा कर उसका क्रियान्वयन कराया जायेगा।

## रिकवरी एजेंट राहुल सिंह के घर से 80 जीवित कारतूस बरामद, एजेंट गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत अनन्या अपार्टमेंट निवासी राहुल कुमार सिंह को पुलिस ने 80 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राहुल कुमार सिंह की पत्नी स्वाति कुमारी ने पति पर मारपीट करने, जेवर रख लेने का शिकायत सरायढेला थाना में की थी।
जिसकी जांच पड़ताल के लिए पुलिस उसके घर गयी थी।
जांच के दौरान पुलिस ने एक अलमारी से 80 जीवित कारतूस बरामद किया। इनमें 9 एमएम गोली 28 पीस, एलपीयूए 4 पीस, स्पेशल 12 केएफ 13 पीस, व अन्य 23 पीस मिला। मामले को लेकर सरायढेला पुलिस ने राहुल कुमार पर 139/24 धारा 25 (1-AA) शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान पूछताछ में पता चला की राहुल रिकवरी एजेंट है। वह रिकवरी एजेंट उपेन्द्र सिंह के साथ काम करता था। उपेन्द्र सिंह ने उसे कारतूस रखने दिया था। पुलिस अब दोनो मामले में पूरी जांच पड़ताल कर रही है।

## विश्व सिकल सेल रोग दिवस पर आईआईटी आईएसएम में जागरूकता कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम धनबाद ने गुरुवार को विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर संस्थान के गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर जीजेएलटी में कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए सिकल सेल रोग (एससीडी) पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके दौरान डॉ. रवि आर. झा, सामुदायिक रोग विभाग के प्रमुख (एचओडी), (एसएनएमएमसीएच), धनबाद ने सिकल सेल रोग के विभिन्न पहलुओं पर एक व्याख्यान दिया और लोगों को एससीडी के उन्मूलन की दिशा में सरकार के प्रयासों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार, आईआईटी आईएसएम धनबाद के अलावा, डॉ पी कुमार,



आईआईटी आईएसएम स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और प्रोफेसर संजय मंडल, एसोसिएट डीन (छात्र गतिविधियां) अन्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित थे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर आईआईटी आईएसएम के डीन छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में जागरूकता पैदा करने और सिकल सेल रोग (एससीडी) के अंतर-पीढ़ीगत संचरण को रोकने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. रवि आर झा ने कहा एससीडी वंशानुगत रक्त विकारों के एक समूह को संदर्भित करता है, जिसमें आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण असामान्य हीमोग्लोबिन एक साथ चिपक जाता है, जिससे लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार की हो जाती हैं।

## बिजली का पोल गिरने से बाल-बाल बचे लोग

**बाघमारा (धनबाद) :** गुरुवार को वार्ड संख्या एक स्थित कतरास हटिया में बिजली का पोल अचानक गिर जाने से लोग बाल बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने बताया की पोल जर्जर अवस्था में था, जिस पर बिजली के तारों की बोझ भी बहुत अधिक थी। इस संबंध में पोल बदलने के लिए कई बार शिकायत किया गया था। लेकिन फिर भी पुराने पोल को बदलकर नया पोल नहीं लगाया गया। लोगों ने बताया कि घटना लगभग साढ़े दस बजे की है। उसी दौरान कुछ स्कूली बच्चे एवं अभिभावक रास्ते से गुजर रहे थे, तभी अचानक पोल गिर गया। हालांकि बिजली की तारों के सहारे उतना भारी भरकम पोल झूल गया, जिसके कारण बड़ी घटना होते-होते रह गया।

## भाकपा माले ने रणधीर वर्मा चौक पर मनाया प्रतिवाद दिवस

**मांग**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भाकपा माले का देशव्यापी कार्यक्रम के तहत, प्रख्यात लेखिका अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसेन के खिलाफ यू ए पी ए के तहत मुकदमे को रद्द करने की मांग को लेकर धनबाद जिला ईकाई की और से जिला मुख्यालय के रणधीर वर्मा चौक पर गुरुवार को प्रतिवाद दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में दमनकारी कानूनों को खत्म करों। सभी राजनीतिक केदियों को रिहा करो। एनडीए सरकार की तानाशाही नही चलेगी आदि नारा लगा रहा थे। प्रतिवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि 2024 के चुनाव में भाजपा को देश की जनता




पुरी तरह से नकार चुकी है और जेसे तेसे कर के मोदी सरकार बना ली है, लेकीन आज भी मोदी सरकार का तानाशाही जारी हैं। अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार लोकतंत्र एवं संविधान पर हमले कर रही है। हमारी पार्टी मांग करती है कि अरुंधति रॉय एवं शेख शौकत हुसेन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमें को रद्द करे। काला कानुन को खत्म करो। सभी राजनीतिक केदियों को रिहा करो। कार्यक्रम में जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नगर सचिव नकुलदेव सिंह, दिलीप राम, अजरानी निशानी, सरोज देवी, संदीप कौशल, दिनेश दास, रंजीत दास, यमुना शर्मा, बीआर सिंह, एसपी साहू, शुकदेव हरि, अजय प्रजापति, मोनाज अख्तर, ज्ञानोदय गोर्की, वीरभगत गोविन्दपुरी, राहुल कुमार, अशोक दास, सीताराम कुंभकार, अभिषेक कुमार आदि शामिल हुए।

## सांसद निधि से 50 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** रक्तदान दिवस के अवसर पर गुरुवार को अग्रसर भवन झरिया में अखिल भारतीय मारवाड़ी मंच, झरिया शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धनबाद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो, मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नीरज अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के मंडल 4 के उपाध्यक्ष अजय तायल एवं समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रथम बार रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को सम्मानित किया गया, उन्हें भविष्य में भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया। झरिया की अग्रणी समाजसेवी संस्था मारवाड़ी सम्मेलन झरिया एवं मारवाड़ी युवा मंच द्वारा नवनिर्वाचित सांसद का अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में झरिया स्थित समाज की और भी संस्थाओं द्वारा सांसद का अभिवादन किया गया।

## मां काली के दरबार में माथा टेकने सांसद ढुल्लू महतो व भाजपा नेता योगेंद्र यादव पहुंचे

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोड़ापोखर स्थित सुंदरनगर बस्ती के काली मंदिर में कमिटी के सदस्यों द्वारा 6 वीं वार्षिक मन्दिर भवन निर्माण दिवस समाहरोह का आयोजन किया गया है। हलाकी 54 वर्ष से ही स्थानीय लोगों द्वारा एक बेदी पर मां काली की पूजा अर्चना किया जाता था। गुरुवार को बस्ती के अलावा क्षेत्र के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मां काली के दरबार में माथा टेकने धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव भी पहुंच कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों ने धनबाद वासियों की सलामती कामना की। मंदिर के पुजारी दिलीप चक्रवर्ती एवं सौरभ चक्रवर्ती ने सुबह से ही मां का महापूजा, हवन, आरती, पुष्पांजलि अर्पण भक्तों ने किया।

## संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने ट्रांसपोर्टिंग व रैक लोडिंग कार्य किया ठप्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** बीसीसीएल के ईजे एरिया अंतर्गत सुदामडीह 5 नम्बर रेलवे साइडिंग के पीकिंग ब्रेकिंग के 30 ठेका मजदूरों को काम से हटाए जाने को लेकर मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने गुरुवार को कोयला ट्रांसपोर्टिंग व रैक लोडिंग का काम ठप कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए है। वहीं, प्रदर्शन व सभा के दौरान संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कि सुदामडीह रेलवे साइडिंग में पत्थर पीकिंग ब्रेकिंग के लिए वर्षों से 36 मजदूर काम पर लगाए गए थे। जिसमें 6 मजदूरों को ठेकेदार ने



काम से हटा दिया है, और अब 30 मजदूर पीकिंग ब्रेकिंग का काम कर रहे है। जिसे हटाया जा रहा है हम मजदूरों के साथ ऐसा अन्याय बर्दास्त नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि जब तक काम से हटाए गए सभी पीकिंग ब्रेकिंग के मजदूरों को काम पर नहीं रखा जाएगा तब तक मजदूर रैक लोडिंग कार्य को नहीं होने देंगें। संयुक्त मोर्चा के नेताओं का कहना है कि सुदामडीह रेलवे साइडिंग में रेलवे रैक लोडिंग का कार्य एंटी देवप्रभा कम्पनी की है, जो साइडिंग के मजदूरों को काम पर रखना नहीं चाहती है। जबकि भौरा 4 ए पैच से सुदामडीह रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन का ठेका जनता मजदूर संघ नेता सुग्रीव सिंह की है। जिस कारण मजदूर ट्रांसपोर्टिंग एवं रैक लोडिंग दोनों कार्य को ठप करा दिया है। इधर ठेका मजदूरों को काम पर रखने के विवादित मामले को लेकर बुधवार की शाम सुदामडीह थाना परिसर में संयुक्त मोर्चा के नेताओं व ठेकेदार एंटी देवप्रभा के प्रतिनिधि आसुतोष कुमार, जनता मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री सुग्रीव सिंह के साथ वार्ता हुई थी। जिसमें 7 से 8 मजदूरों को काम पर रखने की बात कही गयी। परन्तु संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने नहीं माना और वे पूर्व के कार्यरत पीकिंग ब्रेकिंग के सभी मजदूरों को एक साथ रखने की जिद पर अडिट है, जिस कारण वार्ता सफल नहीं हुआ।
प्रदर्शन में संयुक्त मोर्चा के नेता बीसीकेयू नेता निताई महतो, पूर्व पार्षद सुमित सुपकार, प्रदीप रवानी, सुभाष सिंह, संजय सिंह, राजेश सिंह, अनिल रवानी, राजकुमार रवानी, गौरी शंकर रवानी, नटवर भट्टाचार्य, आदि उपस्थित थे।

# हम आपकी जन समस्याओं को लोकसभा में पूरे दमखम के साथ उठायेंगे : ढुल्लू महतो

**आभार यात्रा**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढूल्लू महतो के विजय होने पर कतरास स्वास्तिक सिनेमा हॉल से एक आभार यात्रा निकाली गई। जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास स्टेशन रोड पहुंच सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता भाजपा नेता प्रकाश राम गुप्ता व संचालन महेश पासवान ने किया। आभार यात्रा को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजय बनाने पर आभार प्रकट किया।उन्होंने कहा भारत में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है एक धर्म और दूसरा अधर्म भारत के 140 करोड़ जनता के प्रति आभार प्रकट किया जिन्होंने पुनः नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने का काम किया। उन्होंने कहा नेहरू के बाद माननीय नरेंद्र मोदी जी



देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला है। आपके इस क्षेत्र से दो-दो सांसद को नेतृत्व करने का अवसर मिला है। हम आपकी जन समस्याओं को लोकसभा में पूरे दमखम के साथ उठाएंगे। मोदी जी कभी भी गलत लोगों के आगे नहीं झुके,हम भी आपसे वादा करते हैं कि हम माफिया गुंडा के आगे कभी नहीं झुकेंगे और अपने मान सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे, अन्याय के खिलाफ हमेशा से लड़ता रहा हूं और आगे भी आपकी लड़ाई को लड़ता रहूंगा। पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी उसको पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने झारखंड सरकार पर तंज कास्ते हुए कहा कि राज्य के सत्ता को चलाने वाले नेता आज जेल में है, उनके मंत्री भी जेल में है। राजनीतिक की नैतिक गिरावट हो गई है। क्षेत्रीयता के नाम पर परिवार चल रहा है। झारखंड में झारखंड की राजनीति के छवि धूमिल हो रही है। झारखंड की जनता से एक बार फिर से एनडीए सरकार को राज्य सौंपने की अपील की। सुदेश महतो ने विस्थापन नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि यहां विस्थापितों के लिए केंद्र में कानून है, अगर एनडीए की सरकार झारखंड में बनी तो हम विस्थापितों के लिए काम करेंगे। मौके पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, रोशन लाल चौधरी, शरद महतो, अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, शेखर सिंह,धनेश्वर महतो, बच्चू राय, भरत शर्मा, प्रकाश राम गुप्ता, सुभाष रवानी, मुकेश झा, गोरचंद बाउरी, राजू सरदार, हरि प्रसाद अग्रवाल, नितेश सिंह, कुंदन सिंह, बबलू बनर्जी, पप्पू सिंह, वाईके पाठक, धनबाद जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी, प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली, प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, संतोष महतो, आशीष तिवारी, नवदीप गुप्ता, मिथुन बाऊरी, राकेश सिंह, कुल्लू चौधरी, प्रदीप सिंह, सोनू गोस्वामी, सिंटु गयाली, गोल्डन तिवारी, दिलीप डांगी, वीरू सिंह आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता अमित भगत ने किया।

## सम्पादकीय.....

# कितना जायज है ईवीएम पर सवाल?

**देश** में प्रायः हर उस चुनाव के बाद विद्युतीय मतदान मशीन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) पर सवाल उठते रहे हैं, जब किसी भी विपक्ष की सरकार नहीं बन पाती। इस बार भी लोकसभा चुनाव के बाद देर से ही सही, लेकिन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) ईवीएम पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि अभी स्वर इसलिए भी धीमे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत बढ़ाकर एक मजबूत विपक्ष बनने का रास्ता तैयार कर लिया है। देश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा दृश्य पहली बार दिख रहा है, जब विपक्ष सरकार बनाने से दूर रहकर भी अपनी विजय का अहसास करा रहा है। इसके विपरीत सत्ता पाने वाले राजग इस बात की समीक्षा कर रहा है कि उसकी सीटें कम कैसे हो गईं। जबकि यह समीक्षा विपक्षी दलों को करना चाहिए। खैर बात हो रही थी ईवीएम की। इस लोकसभा चुनाव से पूर्व भी भाजपा के नेतृत्व में दो बार केंद्र में सरकार बनी, तब भी विपक्ष का यही मानना था कि ईवीएम की गड़बड़ी के कारण ही भाजपा ने विजय प्राप्त की है। हालांकि इन दस वर्ष के दौरान कई बार ऐसे चुनाव परिणाम भी आए हैं, जिसमें भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन विसंगति यही है कि इसके बाद विपक्ष की ओर से ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठाए गए। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि विपक्ष की ओर से स्थिति देखकर ही सवाल उठाए जाते हैं। विपक्षी राजनीतिक दलों को ऐसा ही लगता है कि भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं है। वे मात्र ईवीएम के सहारे ही जीतते हैं। जबकि विपक्ष के किसी राजनीतिक दल को किसी राज्य में सत्ता प्राप्त हो जाए तो फिर ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए जाते। हम जानते हैं कि विपक्ष को केवल भाजपा की जीत से परहेज है। वे भाजपा की जीत को पचा नहीं पाते, जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था, लेकिन तब ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठा। हमें स्मरण होगा कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के अधिकतर नेताओं ने एक स्वर में ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। तब इन सवालों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को बुलाया था कि ईवीएम को कोई हैक करके दिखाए। लेकिन उस समय ज्यादा विरोध करने वाले कोई भी राजनेता चुनाव आयोग के बुलावे पर नहीं पहुंचे। इसका तात्पर्य यही है कि विपक्ष के ईवीएम पर आरोप का कोई पुष्ट आधार नहीं है। इस बार भी केवल आशंका के आधार पर ईवीएम को निशाने पर लाने की कोशिश की जाने लगी है। चुनाव परिणाम के बाद इस बात की पूरी संभावना बन रही थी कि इस बार ईवीएम को आड़े हाथ लिया जाएगा। इसलिए चुनाव आयोग ने भी ईवीएम को लेकर उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर करने का प्रयास किया। लेकिन इतना होने के बाद भी यह भ्रम दूर नहीं हो सका और ईवीएम पर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। यह विवाद कितनी दूर तक जाएगा, यह तो कहना मुश्किल है, लेकिन जब धुआं उठने लगा है तो आग भी कहीं न कहीं लगी ही होगी। अब विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग और ईवीएम दोनों ही हैं। विपक्ष की ओर से यह कई बार कहा गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के संकेत पर कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जिस पर न तो किसी सरकार का कोई प्रभाव रहता है और न ही किसी राजनीतिक दल का। फिर भी चुनाव आयोग को क्यों विवाद में घसीटा जाता है। यहां यह भी बताना बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर विदेश का कोई व्यक्ति या संस्था भारत के बारे में कोई सवाल उठाता है तो हमारे देश के कुछ लोग उस पर आंख बंद करके विश्वास कर लेते हैं, जबकि हमारे देश के संस्थान केवल सफाई देते रहते हैं।

## ● किसने क्या कहा



समाज की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है

**द्रौपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति

भविष्य में पेपर लीक की घटनाएं रोकने के लिए व्यापक सुधार करेगी सरकार

**धर्मेंद्र प्रधान**
शिक्षा मंत्री



# योग में है सर्वे भवन्तु सुखिन: का भाव

विशेष | **डॉ. वंदना सेन**

**सवाल** यह आता है कि वर्तमान के मोहजाल में फंसे विश्व के अनेक देश आज किसी भी चीज में राहत नहीं देख रहा है। पैसे के पीछे भाग रहा पूरा विश्व तनाव भरा जीवन जी रहा है। इस तनाव से मुक्ति पाने का एक ही मार्ग है योग को अपनाना। जिसने अपने जीवन में योग को महत्व दिया है, वह इस तनाव से छुटकारा पाने में सफल रहा है। आज सबसे ज्यादा तनाव का जीवन मुस्लिम देशों में दिखाई देता है। वहां केवल मारकाट की भाषा के अलावा कुछ भी नहीं है। इन देशों में हमेशा अशांति का वातावरण दिखाई देता है और सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। यह इस बात का ध्यान रखना होगा कि आध्यात्मिकता और ध्यान योग के मामले में हम विश्व के सभी देशों से बहुत आगे हैं। इस बारे में दुनिया का ज्ञान भारत के समक्ष अधूरा ही है।

**विश्व** को कल्याण का मार्ग दिखाने के लिए भारत का चिंतन पुरातन काल से रहा है। विश्व का कल्याण करने का भाव भारतीय चिंतन में हमेशा से रहा है। वर्तमान में विश्व में जितनी भी ज्ञान और विज्ञान की बातें की जाती हैं, वह भारत में युगों पूर्व की जा चुकी हैं। इससे कहा जा सकता है कि भारत में ज्ञान और विज्ञान की पराकाष्ठा थी, लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम विदेशी चमक के मोहजाल में फंसकर अपने ज्ञान को संरक्षण प्रदान नहीं कर सके। जिसके कारण हम स्वयं ही यह भुला बैठे कि हम क्या थे। भारत की भूमि से विश्व को एक परिवार मानने का संदेश प्रवाहित होता रहा है, आज भी हो रहा है। यह अकाट्य सत्य है कि विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने का ज्ञान और दर्शन भारत के पास है। योग विधा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से दुनिया को स्वस्थ और मजबूती प्रदान की जा सकती है। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से आज विश्व के कई भारत के साथ खड़े हुए हैं। यह विश्व को निरोग रखने की भारत की सकारात्मक पहल है।

देव भूमि भारत में वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को आत्मसात करने वाले मनीषियों ने बहुत पहले ही विश्व को स्वस्थ और मजबूत देने का संदेश दिया है। वास्तव में योग में राजनीति देखना संकुचित मानसिकता का परिचायक है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व में योग का जो स्वरूप दिखाई दिया है, वह अपने आप में एक करिश्मा है। करिश्मा इसलिए क्योंकि ऐसा न तो पहले कभी हुआ है और न ही योग के अलावा दूसरा कार्यक्रम हो सकता है। इतनी बड़ी संख्या में भाग लेने वाले लोगों के मन में योग के बारे में अनुराग पैदा होना वास्तव में यह तो प्रमाणित करता ही है कि अब विश्व एक ऐसे मार्ग पर कदम बढ़ा चुका है, जिसका संबंध सीधे तौर पर व्यक्तिगत तथा सामूहिक उत्थान से है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाग लेने वालों ने एक कीर्तिमान बनाया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के योग साधकों के साथ मिलकर योग विद्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की जो पहल की थी, आज उसके सार्थक परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। अब विश्व के कई देशों ने स्वस्थ और मजबूती की राह पर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। अब विश्व को निरोग बनाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। वर्तमान में विश्व के अनेक देश इस सत्य से भली भांति परिचित हो चुके हैं कि योग जीवन संचालन की एक ऐसी शक्ति है, जिसके सहारे तनाव मुक्त जीवन की कल्पना की जा सकती है। हम जानते हैं कि विश्व के कई देशों में जिस प्रकार का विचार प्रवाह है, उससे जीवन की अशांति का वातावरण तैयार हो रहा था और अनेक लोग इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं।

विश्व के कई देश इस बात को जान चुके हैं कि योग के सहारे ही मानसिक शांति को प्राप्त किया जा सकता है। योग दिवस को मिले भारी वैश्विक समर्थन के बाद यह तो तय हो गया है कि विश्व को सुख और समृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए भारत के दर्शन को विश्व के कई देश खुले रूप में स्वीकार करने लगे हैं। इससे पहले जो भारत विश्व के सामने अपना मुंह खोलने से कतराता था, आज वही भारत एक नए स्वरूप में विश्व के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। विश्व को भारत की विराट शक्ति का अहसास हो चुका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हमारे देश के बारे में वैश्विक दृष्टिकोण में गजब का बदलाव दिखाई दे रहा है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव नरेन्द्र मोदी को देखकर आया है, नहीं। इसका जवाब यह है कि भारत के पास पूर्व से ही ऐसी विराट शक्ति थी, जिसका भारत की पूर्व सरकारों को भारतीय जनता को बोध नहीं था। हर भारतवासी के अंदर शक्ति का संचय है, हम शक्ति को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे थे, इतना ही नहीं हम यह भूल भी गए थे कि हमारे अंदर भी शक्ति है। नरेन्द्र मोदी ने जामवंत की भूमिका अपनाकर देशवासियों एवं अप्रवासी भारतीयों के मन में इस भाव को जाग्रत किया कि आप महाशक्ति हैं। जैसे ही नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के मेडीसन एस्क्वायर में भारतीय शक्ति का प्रस्फुटन किया, वैसे ही भारत के नागरिकों के अंदर गौरव का अहसास तो हुआ ही साथ ही विश्व के विकसित देश भारत को अपना समकक्ष मानने लगे। भारत के दर्शन में एक ठोस बात यह भी है कि भारत में हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया वाला भाव ही रहा है। जो भी देश भारत के इस दर्शन से तालमेल रखता हुआ दिखाई देता है, वह कभी दूसरे का अहित सोच भी नहीं सकता। जबकि विश्व के अनेक देश केवल स्वयं का ही हित सबसे ऊपर रखकर दूसरों के हितों पर चोट करते हैं। आतंक फैलाकर अपना वर्चस्व स्थापित करने वाला समाज मारकाट करने की मानसिकता के साथ जी रहा है। ऐसे लोगों का न तो काई अपना है, और न ही कोई परिवार। कई मुस्लिम देशों के नागरिक आज मुसलमानों के ही दुश्मन बनकर मारकाट का खेल खेल रहे हैं। ऐसे लोगों से शांति का बातें करना भी बेमानी है। हमारी सलाह है कि ऐसे लोग भी योग की क्रियाएं अपनाकर शांति के मार्ग पर चल सकते हैं।

# विलुप्त होतीं कठपुतलियां...

गौरतलब | **दीप्ति शर्मा अचल**

**आज** कठपुतली कला घूमर के बाद भारत के राजस्थान राज्य की सबसे लोकप्रिय प्रदर्शन कलाओं में से एक है। 1960 में विजयदान देथा और कोमल कोठारी द्वारा स्थापित जोधपुर में रूपायन संस्थान और 1952 में देवीलाल समर द्वारा स्थापित भारतीय लोक कला मंडल , उदयपुर जैसे संगठन कठपुतली की कला को संरक्षित और बढ़ावा देने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, यहाँ तक कि बाद में एक कठपुतली थियेटर के साथ-साथ कठपुतली संग्रहालय भी है।

**कुछ** धागों के इशारों पर नाचती हुई ये कठपुतलियां कभी रोमांच का पर्याय होती थीं। जब मनोरंजन के साधन सीमित थे, तब नाटक, नुक्कड नाटक, कठपुतली, मंडली द्वारा नृत्य यही सब हमारा मनोरंजन करते थे। और यकीन मानिये इनसे हमे बहुत कुछ सीखने को भी मिलता था। पर आज किसी को भी ये सब देखने की फुर्सत नहीं है। सब कुछ चंद मिनिटों मे चाहता है आज का युवा और काफी हद तक हम भी, जो कि हमने मोबाइल द्वारा मिल जाता है। जिस कारण ये कलाएँ अब विलुप्त होने की कगार पर हैं। कठपुतली जो पूरी तरह लकड़ी से बनी होती है। हालाँकि यह लकड़ी, सूती कपड़े और धातु के तार से बनी होती है। राजस्थान के कुछ विद्वानों का मानना है कि कठपुतली कला परंपरा हजारों साल से भी ज्यादा पुरानी है। राजस्थानी लोक कथाओं, गाथाओं और कभी-कभी लोक गीतों में भी इसका संदर्भ मिलता है। इसी तरह की कठपुतलियाँ जो छड़ी वाली कठपुतलियाँ होती हैं, पश्चिम बंगाल में भी पाई जाती हैं। लेकिन यह वास्तव में राजस्थान की अद्भुत कठपुतली है जिसने भारत को अपनी पारंपरिक कठपुतली का आविष्कार करने वाले पहले देशों में से एक बनाया।

राजस्थान की जनजातियाँ प्राचीन काल से इस कला का प्रदर्शन करती आ रही हैं और यह राजस्थानी संस्कृति, विविधता और परंपरा का एक शाश्वत हिस्सा बन गई है। राजस्थान में कोई भी गाँव का मेला, कोई धार्मिक त्योहार और कोई भी सामाजिक समारोह कठपुतली के बिना पूरा नहीं हो सकता। ऐसा माना जाता है कि लगभग १५०० साल पहले, आदिवासी राजस्थान भाट समुदाय ने कठपुतली का उपयोग स्ट्रिंग कठपुतली कला के रूप में शुरू किया था ' राजस्थानी राजा और कुलीन लोग कला और शिल्प के संरक्षक थे और उन्होंने कारीगरों को लकड़ी और संगमरमर की नक्काशी से लेकर बुनाई, मिट्टी के बर्तन, पेंटिंग और आभूषण बनाने तक की गतिविधियों में प्रोत्साहित किया। पिछले 500 वर्षों में, कठपुतली राजाओं और संपन्न परिवारों द्वारा समर्थित संरक्षण की एक प्रणाली थी। संरक्षक कलाकारों की देखभाल करते थे, बदले में कलाकार संरक्षकों के पूर्वजों की प्रशंसा गाते थे। भाट समुदाय का दावा है कि उनके पूर्वजों ने शाही परिवारों के लिए प्रदर्शन किया था, और राजस्थान के शासकों से उन्हें बहुत सम्मान और प्रतिष्ठा मिली थी।

## आज का इतिहास

- मुल्दल सेना ने 1576 में हल्दीघाटी की लड़ाई में राणा प्रताप सिंह को परास्त कर दिया।
- जॉन जेड हॉलवेल के नेतृत्व वाली अंग्रेज सैन्य टुकड़ी ने 1756 में बंगाल के नबाव सिराजउद्दौला के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उसी रात हुई एक नृशंस घटना में 123 अंग्रेज कैदियों की मौत हो गयी।
- मेडिकल में बैचलर डिग्री हासिल करने वाले जॉन आर्चर 1768 में पहले अमेरिकी बने।
- ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर ह्यलिंकन्स इनह्य से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय 1862 में बने।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1898 में स्पेन को हराकर गुआम पर कब्जा किया।
- बर्लिन पर 1944 को भाड़ी मात्रा में बमबारी की गई।
- कनाडाइ संसद ने 1947 में एकमत होकर शरणार्थियों को देश से बाहर करने का कानून पास किया।
- सी. राजगोपालाचारी 1948 में भारत के अंतिम गर्वनर जनरल बने।
- राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना 1949 में हुई।
- एलेन फेयरक्लो ने 1957 में कनाडा की पहली महिला कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।
- कार्डिनल जियोवानी बैट्टिस्टा मोन्टिनी पोप पॉल षष्ठम 1963 में चुने गए।
- वेस्टइंडीज टीम ने 1975 में पहला वर्ल्ड कप जीतने का गौरव हासिल किया था।
- मुस्तफा बुलेंट एसविट ने 1977 को तुर्की में सरकार का गठन किया।
- पी.वी.नरसिम्हाराव ने 1991 में भारत के नौंवे प्रधानमंत्री बनें।
- तमिलनाडु के कुडनकुलम में परमाणु ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए 1998 में भारत और रूस 2.5 अरब डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- मनमोहन सिंह 1999 में भारत के वित्तमंत्री बने।
- कोसोवो लिबरेशन आर्मी (के.एल.ए.) तथा कोसोवो शांति सैनिक बल के बीच विसैन्यीकरण समझौता 1999 में संपन्न हुआ।

## अंकजाल - 7585

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 25 | 25 | 24 | | 38 | 12 | 20 | 12 | |
| 23 | 7 | | 8 | | 5 | | 6 | | 23 |
| 19 | | 8 | | 4 | | 2 | | 5 | 23 |
| 20 | 8 | | 5 | 3 | 8 | | 7 | | 20 |
| 28 | | 2 | | 7 | | 3 | 7 | 2 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 7 | | 9 | | 31 |
| 21 | | 5 | | 7 | 3 | 6 | | 2 | 12 |
| 18 | 5 | | 3 | | 7 | | 5 | | 14 |
| 19 | | 3 | | 7 | | 1 | | 5 | 9 |
| | 15 | 14 | 11 | 30 | | 18 | 21 | 15 | |

*अंकजाल 7584 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 19 | 34 | 13 | | 18 | 20 | 16 | 16 | |
| 19 | 5 | 8 | 6 | 4 | 6 | 8 | 7 | 5 | 26 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 28 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | | | |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 27 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | 12 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 3 | 5 | 16 |
| 18 | 6 | 7 | 3 | 2 | | 7 | 1 | 7 | 15 |
| | 18 | 17 | 10 | 31 | | 23 | 14 | 22 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## खुद में करो भगवान के दर्शन

**यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव ।**
**येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।**

अथार्तः हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नजरिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे। आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है।

## सुविचार

हम प्रयास के लिए उत्तरदायी हैं, न कि परिणाम के लिए।
**गीता**

बुद्धि से विचार कर किये गये कर्म ही सफल होते हैं।
**महाभारत**

# सूरजमल की जानलेवा एयर स्ट्राइक

**राकेश अचल**

**आप** सूरज को देवता मानिए या केवल एक ग्रह ,लेकिन उसके कोप से बचने के लिए अपने आपको तैयार रखिये। सूरज यानी सूरजमल आजकल केवल भारत में ही नहीं वरन पूरी दुनिया में एयर स्ट्राइक करने पर आमादा हैं और इस एयर स्ट्राइक की चपेट में आ रहे हैं वे तमाम लोग जो न अपने लिए ऐसी खरीद सकते हैं न कूलर। देश की एक बड़ी आबादी के पास पंखा तक खरीदने की हैसियत नहीं है। देश-दुनिया के हर कोने से सूरजमल के प्रकोप की खौफनाक खबरें आ रहीं हैं ,लेकिन हम हैं कि जागने के लिए तैयार नहीं है।

धरती से 14 , 96 लाख किलो मीटर दूर स्थित सूर्य पहली बार नहीं तप रहा । वो तो हमेशा से आग उगलता है लेकिन धरती पर रहने वाले हम लोग सूरजमल के ताप से अपने आपको बचा लेते थे ,क्योंकि हमारे पास घने जंगल थे। सूरजमल की ताप्त किरणे इन जंगलों में सीना तानकर खड़े विशालकाय वृक्षों की सघन छाया के सामने हथियार डाल देती थीं ,लेकिन अब हमारे पास सूरजमल के कोप से बचने का प्राकृतिक छाता नहीं रहा । यदि है भी तो बेहद बुरी दशा में, जो हमें न आग उगलती सूरज की किरणों से बचा सकता है और न इंद्र के प्रकोप से।

हम लोग राजनीति के बारे में जानते हैं,धर्म के बारे में जानते हैं। लेकिन सूरजमल के बारे में नहीं जानते। हम में से बहुत से लोग सूरजमल को सुबह-सवेरे उठकर जल अर्पित करते हैं ताकि उसकी आत्मा तृप्त रहे ,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा ।भारत में तो अनेक सूर्य मंदिर हैं जिनमें नित्य सूर्य को पूजा जाता है ,उनकी आरती उतारी जाती है ,लेकिन सूरजमल दिनों-दिन आक्रामक हो रहे हैं। वे न धर्म देख रहे हैं और न जाति ।उन्हें तो बस शिकार करना है । मक्का-मदीना में सूरजमल के प्रकोप से 500 से अधिक लोगों की जान चली गयी । हमारे देश के अनेक हिस्सों से सूरज कीगर्मी के सामने हथियार डालने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अकेले दिल्ली में एक सप्ताह में 178 लोग गर्मी से अपनी जान गवां चुके हैं। हमारा तमाम ज्ञान-विज्ञान सूरजमल के प्रकोप से अवाम को बचा नहीं पा रहा ।हमारे पास अब कोई आसरा नहीं बचा है।

आपको बता दूँ कि सूरज यानि सूरजमल सौर मंडल का सबसे बड़ा पिंड है। सूरजमल का व्यास लगभग 14 लाख हजार किलोमीटर है अर्थात हमारी पृथ्वी से 113 गुना तक बड़ा है। अब तक की खोज बताती है कि ऊर्जा का यह शक्तिशाली भंडार मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक विशाल गोला है। परमाणु विलय की प्रक्रिया द्वारा सूर्य अपने केंद्र में ऊर्जा पैदा करता है। सूर्य से निकली ऊर्जा का छोटा सा भाग ही पृथ्वी पर पहुँचता है जिसमें से मात्र 15 फीसदी अंतरिक्ष में परावर्तित हो जाता है, 30 फीसदी पानी को भाप बनाने में काम आता है और बहुत सी ऊर्जा पेड़-पौधे समुद्र सोख लेते हैं। पृथ्वी के जलवायु और मौसम को प्रभावित करता है ।सूरजमल। सूर्य से पृथ्वी पर प्रकाश को आने में 8 मिनट से कुछ घड़ी ज्यादा का समय लगता है इसी प्रकाशीय ऊर्जा से प्रकाश-संश्लेषण नामक एक महत्वपूर्ण जैव-रासायनिक अभिक्रिया होती है जो पृथ्वी पर जीवन का आधार है ।कल्पना कीजिये की यदि प्रकाश और ऊष्मा कि आने की ये रफ्तार जरा और बढ़ जाये तो क्या होगा।

## राशिफल

**मेष** — व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**तुला** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृष** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**वृश्चिक** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कर्क** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह** — सिंह : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**कुंभ** — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कन्या** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

# संगीत है शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम

गौरतलब | **ललित गर्ग**

**किसी** के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। भारत में संगीत का हजारों वर्षों का इतिहास है, शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी।

**संगीत** मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यह न सरहदों में कैद होता है और न भाषा में बंधता है। माना हर देश की भाषा, पहनावा और खानपान भले ही अलग हों, लेकिन हर देश के संगीत में सभी सात सुर एक जैसे होते हैं और लय-ताल भी एक-सी होती है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। विशेषज्ञों की मानें, संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देती है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। रोज की भागदौड़ और व्यस्तता के बीच संगीत आपको सुकून के पल बिताने का मौका देता है। साथ ही संगीत आपके अकेलेपन का एक बढ़िया साथी भी बन सकता है। संगीत की इसी खासियत को सभी तक पहुंचाने के लिये 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम है 'एक वैश्विक ध्वनि वाली दुनिया का सामना करना।' संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। विश्व संगीत दिवस कुल 17 देशों में ही मनाया जाता है इसमें भारत, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्रिटेन, लक्समवर्ग, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कोस्टारीका, इजाराइल, चीन, लेबनाम, मलेशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलीपींस, रोमानिया और कोलम्बिया शामिल हैं। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।

विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। लांगफेलों के अनुसार संगीत मानव की विश्वव्यापी भाषा है।' विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसिक शांति के लिए संगीत को अहम माना गया है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### योग दिवस की सफलता को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

**बालूमाथ/लातेहार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता को लेकर बालूमाथ में जागरूकता रैली निकाला गया। यह रैली ब्लॉक से चलकर थाना चौक तक गया उसके पश्चात वापस ब्लॉक में आकर समाप्त हुआ। ज्ञात हो कि योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है इस बार बालूमाथ प्रखंड में यह कार्यक्रम बिरसा मैदान जोगियाडी होगा। जागरूकता रैली में शैलेश कुमार सिंह, शशि भूषण प्रसाद, रमेश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, सतन सिंह के अलावा स्कूल के बच्चे शामिल थे।

### महुआडांड़ में प्रखंड पशु चिकित्सक नहीं होने से किसान व पशुपालक परेशान

**महुआडांड़/लातेहार :** महुआडांड़ के राजडण्डा, बहेराटोली, सुग्गी सहित कई अन्य गांव में गला घोट, लंगड़ा बुखार, वयरस बुखार से गाय, भैंस, बैल से पीड़ित है ।इलाज की अभाव में कई जानवर की मौत हो जा रही है। वही प्रखंड सहायक चिकित्सक के भरोसे चल रहा है कभी–कभार ही पशु चिकित्सक महुआडांड़ व नेतरहाट क्षेत्र का भ्रमण करते है। पशु पालक को चिकित्सक की समुचित इलाज नहीं से बीमार जानवर की मौत हो जा रही है। किसानो की माने तो अभी खेती का समय आ रहा है। ऐसे समय में किसानों के मवेशी की बीमार से मौत से कमर टुट गई है। सभी किसान के साथ पशु पालक भी बीमार को लेकर काफी चिंतित है। सभी ने प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सक में डॉक्टर की मांग की है।

### ट्रैक्टर व स्कूटी बाइक की जोरदार टक्कर, दो लोग गम्भीर रूप से घायल

**महुआडांड़/लातेहार :** महुआडांड प्रखंड मुख्यालय गेट स्थित नेतरहाट रांची रोड पर दो विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेक्टर और स्कूटी बाइक में सीधे टक्कर होने से स्कूटी सवार जोनी बड़ाईक और सुशील बड़ाईक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे ग्रामीण व पुलिस जवानों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया ।इस सम्बन्ध में डॉक्टर अमित ने बताया कि सुशील बड़ाईक उम्र 65 वर्ष का दोनों हाथ और एक पैर टूट गया है। वही चालक जोनी बड़ाईक का दौया पैर तीन जगह से टूट गया है ।सभी को बेहतर इलाज के बाहर भेजा गया है ।दोनों स्कूटी सवार महुआडांड़ बाजार से अपने घर विश्रामपुर जा रहे थे। वही ट्रेक्टर चालक कुरो मोड स्थित पेट्रोल पंप से तेल लेकर महुआडांड़ आ रहा था।

### पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट हुए अपराधी अमन साव

**मेदिनीनगर :** पलामू कुख्यात डॉन अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया है। अमन साव पिछले एक वर्ष से पलामू सेंट्रल जेल में था। गुरुवार को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह शिफ्ट किया गया है। यह दूसरा मौका है जब अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह भेजा गया है दो वर्ष पहले अमन साव पर पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक को धमकी देने का आरोप लगा था। घटना के बाद अमन साव को पलामू सेंट्रल जेल से ट्रांसफर किया गया था। पालम सेंट्रल जेल के जेलर प्रमोद कुमार ने अमन साव को गिरिडीह जेल ट्रांसफर करने की पुष्टि की है। अमन साव पर पलामू के इलाके में भी तीन से अधिक एफआईआर दर्ज हैं रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी मांगने और सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट को धमकी देने के मामले में अमन साव पर पलामू में एफआईआर दर्ज है। दो दिन पहले झारखंड के विभिन्न इलाकों में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने अमन साव से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। अमन साव एक इंटरनेशनल डॉन के रूप निकल कर सामने आया है। अमन साव का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है अमन साव के गुर्गे मलेशिया समेत देश के कई राज्यो में मिले हैं। अमन साव पर झारखंड के विभिन्न इलाकों में 100 से भी अधिक एफआईआर दर्ज है। ढाई वर्ष पहले अमन साव से पलामू पुलिस ने पूछताछ की थी। इस दौरान उसने पुलिस से कहा था कि वह भारत का सबसे बड़ा डॉन बनना चाहता है जिस पर देश में सबसे अधिक एफआईआर दर्ज हो।

# डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी संतोष भगत के द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराने का निदेश दिया। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया ।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

# सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत बीमारी है : सिविल सर्जन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सिकल सेल एनीमिया वाले लोगों में लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार या हंसिया का आकार बनाती हैं। आमतौर पर, लाल रक्त कोशिकाएं प्रतिस्थापित होने से पहले 120 दिनों तक जीवित रहती हैं। लेकिन सिकल सेल केवल 15 से 20 दिनों तक ही टिकते हैं। इससे लाल रक्त कोशिकाओं की कमी ( एनीमिया ) हो जाती है। उक्त बातें पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इसका बचाव का सबसे अच्छा तरीका है कि जब लड़की अथवा लड़का की शादी करने से पहले अनिवार्य रूप से सिकल सेल एनीमिया की जांच करा लेनी चाहिए। ताकि उनसे उत्पन्न संतान को इस बीमारी से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लड़का और लड़की दोनों इस बीमारी से पीड़ित हो तो शादी नहीं करनी चाहिए,नहीं तो संतान भी सिकल सेल एनीमिया बीमारी से ग्रसित होंगे। यदि लड़का अथवा लड़की दोनों में किसी केवल एक को सिकल सेल एनीमिया हो तो शादी कर सकते हैं इनसे उत्पन्न संतानों में सिकल सेल एनीमिया होने की चांस काफी कम होता है। सिविल सर्जन ने कहा कि पलामू जिले एक लाख शून्य से लेकर 40 साल के उम्र वाले लोगों को सिकल सेल एनीमिया जांच का लक्ष्य निर्धारित है, इसमें करीब तीन माह में 48029 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है,जिसमें 34 लोग कैरियर सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मिले हैं। वहीं 10 लोग पोजिटिव मिले हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल, कॉलेज, अस्पतालों में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि सवा लाख स्क्रीनिंग करने के लिए जिला में किट उपलब्ध है। सिविल सर्जन ने हा कि 15 से 30 जून तक जिले में आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

# महामहिम राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू का जन्म उत्सव मनाया गया




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** महामहिम राष्ट्रपति महोदय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का जन्मोत्सव समाजसेवी संतोष झा ने सिविल सर्जन गुमला को महामहीम की छायाचित्र प्रदान कर मनाया इस मौके पर वहां उपस्थित सभी जनों को मिठाइयां भी बांटी गई सिविल सर्जन गुमला ने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भारत के उस पद को सुशोभित कर रही हैं जिस पद को आधुनिकता और विकसित देश कहे जाने वाले सिरमौर देश भी अपने देश में यह पद किसी महिला को नहीं सुशोभित करने दिया हम सभी भारतीय के लिए यह महान गर्व का विषय है कि हमारे देश की राष्ट्रपति जनजाति समाज की महिला है और अपने सभी दायित्वों का निर्वहन मजबूती के साथ कर रही है ।

# सी.बी.एस.ई 2024 की 10वीं, 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा जुलाई महीने में होगी सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 15 जुलाई 2024 से सी.बी.एस.ई 2024 की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षा शुरू हो रही है । 12वीं कक्षा की सभी विषयों की पूरक परीक्षा एक ही तिथि 15 जुलाई 2024 को होगी, जबकि दसवीं कक्षा की पूरक परीक्षा 15 जुलाई से शुरू होकर 22 जुलाई 2024 तक चलेंगी । इस परीक्षा में ऐसे छात्र बैठेंगे, जो किसी कारणवश मुख्य परीक्षा में किसी एक विषय में नहीं बैठ पाए या किसी विषय में असफल रहे या अपने प्राप्तांको में सुधार चाहते हैं ।सी.बी.एस.ई के गढ़वा,पलामू के सिटी कोऑर्डिनेटर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि इस वर्ष पूरक परीक्षा हेतु नगर के दो विद्यालयों एम.के. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज एवं रोटरी स्कूल डालटेनगंज को केंद्र बनाया गया है ।इन केंद्रों पर सी.सी.टी.वी की निगरानी में सी.बी.एस.ई की सभी मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से उनका एक वर्ष बच जाता है अथवा उन्हें श्रेणी सुधार का अवसर प्राप्त होता है । छात्रों को चाहिए कि वह इस परीक्षा की गंभीरता एवं महत्व को समझते हुए अभी से इसकी तैयारी में जुट जाएं। छात्र सी.बी.एस.ई के प्रतिदर्ष पत्रों को देखकर वस्तुनिष्ठ,बहु वैकल्पिक एवं वर्णनात्मक प्रश्नों की तैयारी पूर्ण मनोयोग से करें । ईश्वर उन्हें अवश्य सफलता प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को उनकी परीक्षा में सफलता हेतु शुभकामना दी।

# बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था दुरुस्त करें चिकित्सा प्रभारी : अनीता देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिला परिषद् उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। अनिता देवी ने बताया कि जबरा ग्राम के राकेश प्रजापति के द्वारा लगभग 11:00 बजे फोन किया गया और बताया गया कि यहाँ 15 लोग हैं जो 2 घंटे से विभिन्न प्रकार के जांच के लिए सीएचसी में बैठे हैं, लेकिन टेक्नीशियन नहीं आने के कारण जांच नहीं हो पा रहा है। लोग परेशान हो रहे हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो देर होने की वजह से निजी जांच घर की ओर चले गए हैं 'इस पर तुरंत कर्तव्य पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर एलिसा से बात की और सभी उपस्थित लोगों का जांच सुनिश्चित करने को कहा। 10 मिनट के अंदर टेक्नीशियन के द्वारा सभी मरीजो का जांच किया गया। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी से भी बातचीत की गई और बताया गया कि कहीं ऐसा तो नहीं की कुछ अन्य कारणों से टेक्नीशियन देर करके अस्पताल आते हैं, जिससे निजी जांच घर को फायदा पहुंचता हो। इसका कड़ाई से ध्यान रखें।

# सदर अस्पताल में अनुबंध पर चिकित्सा पदाधिकारी व विशेष चिकित्सा पदाधिकारी का हुआ चयन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार जिला अंतर्गत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करनें के उद्देश्य से गुरुवार को उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट की अध्यक्षता में डी०एम०एफ०टी० अंतर्गत अनुबंध के आधार पर सदर अस्पताल लातेहार में चिकित्सा पदाधिकारी / विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी की नियुक्ति की अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करनें हेतु जिला चयन समिति, (स्वास्थ्य) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विज्ञापन के आवेदन समर्पित करनें वाले योग्य 02 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 03 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों से उनके कार्यों, शैक्षणिक योग्यता, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए विमर्श किया गया। यथाशीघ्र विभागीय दिशा निर्देश एंव दर वार्ता पर हुए समिति के द्वारा विचार विमर्श एवं चिकित्सकों द्वारा दी गई सहमति के आलोक में डी०एम०एफ०टी० अंतर्गत सदर अस्पताल लातेहार में अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी/विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई। समिति के द्वारा चयनित चिकित्सा पदाधिकारी/विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी ( 1 सर्जन, 1 रेडियोलोजिस्ट, 1 फॉरेंसिक एक्सपर्ट, 2मेडिकल अफसर की सेवा ली जायेगी, ताकि जिले के निवासियों को उत्तम एवं सुगमतापुर्वक चिकित्सीय सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके ।मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ,जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, डा० अखिलेश्वर प्रसाद, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डा० सीमा रानी प्रसाद, प्रतिनिधि, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार उपस्थित थे।

# बच्चों ने निबंध व लेख के माध्यम से मादक पदार्थ के खिलाफ लोगों को किया जागरूक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** खेलकूद एवम युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय , लातेहार द्वारा इंडोर स्टेडियम डे बोर्डिंग बैडमिंटन सेंटर, लातेहार में पेंटिंग का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षण केन्द्र के दर्जनों खिलाड़ियों ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने एवम इसके नुकसान को लेकर अपनी प्रतिभा को निखारते हुए चार्ट पेपर पर रंगो के माध्यम से उकेरी तथा मादक पदार्थों को रोकने हेतु अपनी अपील समाज में की। जिसमें मुख्य रुप से मुजाहिद राजा, शहीद राजा, विशाल कुमार,कोंपल उरांव, आदित्य भारद्वाज, अखंड गौरव, यश कुमार, दानिश खान, श्रृष्टि उरांव, तन्नू कुमारी, आंचल यादव, यामी कुमारी समेत अन्य का पेंटिग सराहनीय रहा। वहीं जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने डे बोर्डिंग बैडमिंटन प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षुओ के पेंटिग के माध्यम से मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सराहना की । वहीं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के कोच वाहिद का सराहनीय सहयोग रहा इस मौके पर खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, प्रवीण मिश्रा, खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल उपस्थित रहे।

# आजसू पार्टी अपने स्थापना दिवस पर करेगी युवा सम्मलेन का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने को लेकर झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रो में युवा सम्मलेन आयोजित किया जाएगा ।साथ साथ सभी विधानसभा में 100-100 पेड़ लगाया जाएगा ।साथ हीं उक्त कार्यक्रम में आजसू के झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन सहित अभी तक के आजसू के संघर्षों एवं बलिदान को एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से युवाओं के समक्ष रखा जाएगा। इस आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने दी। श्री पाण्डेय ने कहा कि झारखंड आंदोलन में आजसू कि जो भूमिका रही है उसे झारखंड का हर युवा महसूस करे ताकि झारखंड के भविष्य को संवारने में सबकी भूमिका सुनिश्चित हो पाए वहीं मनिका विधानसभा के बरवाडीह में जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर एवं लातेहार जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला में जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी को कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया।

# सपनों की उड़ान नामक साइन्स ओलंपियार्ड का 26 को किया जायेगा आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** शिक्षा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त, कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के शिक्षा विभाग एवं कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय तथा सरकारी आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए साइन्स ओलंपियार्ड के आयोजन का निर्णय लिया गया है। सपनों की उड़ान नामक इस साइन्स ओलंपियार्ड का आयोजन दिनांक 26 जून 2024 को किया जाएगा, जिसमें जिला मुख्यालय अवस्थित तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सहित दस कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, दो झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित छः आवासीय विद्यालय के कक्षा 09 एवं कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्रा भाग लेंगे। साइन्स ओलंपियार्ड में भाग लेने के लिए इन विद्यालयों में कक्षा 09 में पढ़ने वाले 950 बच्चें तथा कक्षा 11वीं विज्ञान में पढ़ने वाले 392 बच्चों को आमंत्रित करते हुए संबंधित विद्यालयों को आवश्यक तैयारियों हेतु निर्देशित किया गया है। एक घंटे के इस साइन्स ओलंपियार्ड में सामान्य विज्ञान, रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान आदि से वस्तुनिष्ठ प्रकृति के कुल 50 प्रश्न पुछे जाएगें। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला से सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा बताया गया कि विज्ञान बच्चों को उनके जीवन में होने वाली चीजों के बारे में होशियार और जिज्ञासु बनाता है तथा छात्रों के तार्किक सोच को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। इस प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं को विज्ञान में अपनी प्रतिभा एवं वैज्ञानिक ज्ञान को जिला स्तर के मंच पर प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा तथा महत्वकांक्षी छात्र-छात्राओं को आधुनिक प्रतिस्पर्धी दुनिया में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी।

# वैदिक हवन और सत्संग के साथ विहंगम योग का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बारियातू प्रखंड डुमरा गांव में आयोजित विहंगम योग का एक दिवसीय कार्यक्रम वैदिक हवन और सत्संग पाठ के साथ सम्पन्न हो गया। डुमरा ग्राम निवासी नरेश उरांव के आवासीय परिसर में आयोजित इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विधार्थी परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने बताया कि विहंगम योग ईश्वर प्राप्ति का सनातन वैदिक मार्ग है। इसके बराबर अभ्यास से मनुष्य चारों फलों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति करता है। संसार के सभी कार्यों को कुशलता पूर्वक कर अंत में मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करता है ।मौके पर सोमेश्वर टाना भगत ने बताया कि विहंगम योग के प्रचार-प्रसार से समाज में व्याप्त कुरीतियों का नाश होता है ।मनुष्य अपने वास्तविक रूप से परिचित होकर ज्ञान के प्रकार के सम्यक दृष्टि का जागरण करते हैं ।विहंगम योग चेतन साधना का एक पक्ष है, जो समस्त प्राकृतिक आधारों का त्याग कर आत्मिक आधार से परमात्मा की भक्ति का संदेश देता है।

# उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के नकटीझरिया ग्राम का किया दौरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कोब्जा पंचायत स्थित नकटीझरिया ग्राम का दौरा किया। दरअसल उक्त ग्राम वासियों ने मंगलवार को जिले में आयोजित हुए जनशिकायत निवारण दिवस में आकर उपायुक्त से मुलाकात की थी एवं उनके गांव तक जाने के लिए पक्की सड़क के निर्माण हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने उनके गांव का दौरा करने का वायदा किया था , इसी क्रम में आज उपायुक्त ने उक्त ग्राम का भ्रमण कर वहां के नागरिकों से मुलकात की। 35 परिवारों वाले नकटीझरिया ग्राम में राउटिया एवं नगसिया समुदाय के नागरिक रहते हैं ,एवं उनकी आजीविका लाह एवं धान की खेती से चलती है। उक्त गांव तक पहुंचने के लिए उपायुक्त ने मुख्य सड़क से बाइक के माध्यम से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय की। उपायुक्त ने सड़क की समस्या को देखा एवं उन्होंने आर.ई.ओ. विभाग के सहायक अभियंता को सोमवार तक मुख्य सड़क से उक्त ग्राम तक के लिए पहुंच पथ बनाने हेतु भौतिक परीक्षण करते हुए प्रकलन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा।



उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क निर्माण में थोड़ा वक्त लग सकता है परंतु केवल सड़क के निर्माण होने तक का इंतजार न करें सरकार के अन्य योजनाओं का लाभ लें स्वयं को जागरूक बनाएं एवं अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं । उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी परंतु ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वे सरकार को सहयोग करें एवं स्वयं को जागरूक बनाएं। सड़क के अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं के बारें में भी जाना ,ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली एवं पानी की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। बिजली की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने उक्त ग्राम में सोलर ग्रिड लगवाने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों से जगह चिन्हित करने की बात कही। इसी प्रकार पानी की समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने पी.एच.ई.डी. विभाग के अधिकारियों को उक्त स्थान का दौरा करते हुए पानी की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 1 दिन के अंदर योजना तैयार करते हुए प्राक्लन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने रोजगार सेवक से आज संध्या तक सभी ग्रामीणों का जॉब कार्ड बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन भर देने का निर्देश दिया एवं संध्या 6 बजे तक रिपोर्ट की मांग की। इसके साथ ही उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकार के अन्य योजनाओं की लाभ लेने की बात कही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी हेल्थ चेकअप कैंप लगाते हुए स्वास्थ्य जांच करने की बात कही।

## एक झलक

### कोर्ट परिसर में बाइक चोरी करते युवक धराया

**दुमका** : जिले में वाहन चोरी का सिलसिला बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने अब सबसे सुरक्षित जगह माने जाने वाले कोर्ट परिसर को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को कोर्ट परिसर से रामगढ़ के एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़ लिया। जमकर पिटाई करने के बाद उसे नगर थाना के सुपुर्द कर दिया। अब पुलिस उससे चोरी हुई अन्य बाइक के बारे में जानने का प्रयास कर रही है। रामगढ़ प्रखंड के सिमरा गांव का संतोष मंडल कोर्ट के काम से व्यवहार न्यायालय आया था। उसने अपनी बाइक पुराने एसी कार्यालय के सामने खड़ी की। वहां पर पहले से करीब दो दर्जन बाइक लगी हुई थी। करीब 12 बजे एक युवक संतोष की बाइक लेकर चला। इसी बीच संतोष भी काम समाप्त कर बाइक की ओर जाने लगा तो देखा कि एक युवक उसकी बाइक को ढकेलकर ले जा रहा है। उसने शोर मचाया तो युवक बाइक छोड़कर भागने लगा। परिसर में मौजूद लोगों ने अधिवक्ताओं की मदद से उसे धर दबोचा। जम कर पिटाई की। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसका नाम मो.अजहरूददीन है और वह जामा के छैलापाथर गांव का रहने वाला है। बताया कि बाइक चोरी करने के लिए कोर्ट आया था। पुलिस ने संतोष मंडल के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि अभी युवक से पूछताछ होना बाकी है। यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि उसने अभी तक किसकी और कहां से बाइक चोरी की है।

### झाड़-फूंक के चक्कर में कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा की गयी जान

**जमशेदपुर** : डुमरिया थाना क्षेत्र के केंदुआ गिरी टोला निवासी सायबा सोरेन की पुत्री सिनगो सोरेन (17 वर्ष) की सर्पदंश से मौत हो गयी। मृतक के पिता सायबा सोरेन ने बताया कि उनकी पुत्री सिनगो सोरेन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 12वीं की छात्रा थी। कई दिनों से आस्ताकोवाली पंचायत के कालियाम में एक रिश्तेदार के घर रह रही थी। बुधवार रात को जमीन पर सोई थी। इस दौरान देर रात को चित्ती सांप ने उसे डंस लिया। सुबह बेहोशी की हालत में उसे सीएचसी डुमरिया लाया गया। सीएचसी में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक परिजन रातभर उसकी झाड़-फूंक कराते रहे, जिसके कारण जहर पूरे शरीर में फैल गया और उसकी मौत हो गयी।

### पीरुडीह गांव में 10 दिनों से बिजली नहीं

**चाईबासा** : चक्रधरपुर प्रखंड की चन्द्री पंचायत के पीरुडीह गांव में 10 दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीण परेशान है। बीते दिनों तेज आंधी बारिश के कारण पीरुडीह गांव में जगह-जगह बिजली के खंभे व तार गिरकर क्षतिग्रस्त हो गये थे। इसके बाद से गांव में अब तक बिजली बहाल नहीं हो पायी है। गांव में बिजली की समस्या रहने पर गुरुवार को ग्रामीणों ने बैठक की। ग्रामीणों के बुलावे पर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ। विजय सिंह गागराई बैठक में उपस्थित हुए। साथ ही गांव में घूम कर बिजली की समस्या का जायजा लिया। ग्रामीणों ने डॉ. गागराई से कहा कि गांव में बिजली नहीं रहने के कारण काफी दिक्कतों का सामना पड़ रहा है।

## नीरा यादव ने नगर पंचायत कोडरमा की तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

# मेरे प्रयास से लगातार दौड़ता रहेगा विकास : डॉ. नीरा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत नगर पंचायत कोडरमा में दो योजनाओं की एकीकृत शिलान्यास व आधारशिला कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के द्वारा रखी गई। उन्होंने गुरुवार को राजा तालाब के निकट वार्ड नंबर 01 में चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में पेभर ब्लॉक का कार्य एवं छोटेलाल के घर के सामने आरसीसी कलवर्ट का निर्माण कार्य का एकीकृत शिलान्यास विधायक डॉ नीरा यादव जी के कर कमलों द्वारा सुसंपन्न हुआ। जिसकी एकरारित राशि छः लाख निन्यानबे हजार सात सौ उनचालीस रुपए है। वहीं इसी नगर में अन्यत्र आठ लाख



अठासी हजार सात सौ पैसठ रुपए की लागत से वार्ड नंबर 06 में सरफराज जी के घर के पीछे रविदास टोला से आंगनबाड़ी केंद्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया । कुल तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस शुभ मौके पर लोगों के बीच विधायक ने स्वयं मिठाई बांटी। उपस्थित सारे चित्रांश परिवार ने विधायक के प्रति हर्ष जाहिर करते हुए इस कार्य के लिए उन्हें आभार जताया। नीरा यादव ने कहा जनहित में बिना भेद भाव के अनवरत विकास कार्य बिना रुके बिना झुके लगातार जारी ही रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर चित्रांश परिवार अध्यक्ष अविनाश प्रसाद, निरंजन प्रसाद, मनोज कुमार रूखैयार, उमाकांत प्रसाद, प्रवीण कुमार, पिंटू श्रीवास्तव, शैलेश कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार सिन्हा, कपिल देव प्रसाद, अरुण सिन्हा, भुनेश्वर प्रसाद, अशोक कुमार, विशाल कुमार, रितेश रंजन, आनंद सिंहा एवं कई चित्रांश परिवार सहित दिवाकर कुमार, दिनकर कृष्णा, रानू शर्मा, नरेन्द्र सिंह, बबलू यादव आदि मौजूद रहे।

## सभी के सहयोग से करें नशामुक्त राष्ट्र का निर्माण : रीना कुमारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा** : मादक पदार्थों पर रोक के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को नगर भवन में किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आज समाज में प्रत्येक वर्ग के बच्चे नशा से ग्रसित हैं। समाज कल्याण कार्यालय द्वारा यह कार्यशाला रखी गई है जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र की कर्मीगण भी हैं जिनकी पहुंच के प्रत्येक वर्ग तक है। अक्सर पंचायत व प्रखण्ड स्तर में नशा के विरूद्ध अभियान चलाये जाने की बात होती है। इसमें आंगनवाड़ी सेविकाओं की भूमिका बढ़ जाती है। आप अपने-अपने आंगनवाड़ी क्षेत्र में जाएं और नशा से ग्रसित किशोरों व युवाओं को जागरूक करें और नशा छुड़वाएं। जरूरत पड़े तो जनप्रतिनिधियों को भी साथ लें। उन्हें पढ़ने-लिखने व खेलकूद में रूचि लेने के लिए प्रेरित करें। आपके सहयोग से गांव नशा मुक्त बनेगा। साथ ही जिला के साथ-साथ राज्य और पूरा राष्ट्र नशामुक्त बनेगा।

**नशा करनेवालों की काउंसिलिंग जरूरी : दिलीप प्रताप सिंह शेखावत**

**उप** विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि आज बच्चें व किशोर आसानी से नशे की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण सोशल मीडिया के जरिये मांदक पदार्थों तक आसानी से पहुंच होना है।

## झुमरी तिलैया में पानी, बिजली व सफाई की समस्याओं पर शालिनी गुप्ता का धरना प्रदर्शन

# बिजली, पानी व साफ-सफाई का निदान नहीं, तो बंद करेंगे टैक्स : शालिनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : शहर में पानी, बिजली और सफाई की समस्याओं को लेकर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने आज विद्युत कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में शहर के 28 वार्डों के निवासी, छात्र-छात्राएं, गृहणियां, विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि और वर्तमान वार्ड पार्षदों ने हिस्सा लिया और प्रशासन की लचर व्यवस्था के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

**पानी और बिजली की समस्या**

**धरने** के दौरान शालिनी गुप्ता ने कहा कि झुमरी तिलैया में पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली की



23 घंटे की निर्बाध आपूर्ति नहीं हो रही है और 1 घंटे का मेंटेनेंस कार्य भी समय पर नहीं किया जा रहा है। बिजली की कटौती से न केवल जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। शालिनी गुप्ता ने बताया कि 2014-15 में 60-70 लाख रुपये का टैक्स वसूला जाता था, जो अब बढ़कर 6-7 करोड़ रुपये हो गया है। इसके बावजूद सुविधाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो जनता टैक्स देने की व्यवस्था पर पुनर्विचार करेगी। शहर में सफाई व्यवस्था को तीन भागों मे नगर परिषद कर्मचारी द्वारा रोड एवं नाली की सफाई, केएमएस डब्लू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण,बुल फाइटर प्राइवेट लिमिटेड,द्वारा मुख्य मार्गों की रात्रि सफाई के बावजूद, शहर की सफाई व्यवस्था नदारद है और जगह-जगह कूड़ा-कचरा बिखरा हुआ है। KMSW Pvt. Ltd. द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य अनियमित रूप से किया जा रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। शहर के कई वार्डों में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। कहीं पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है और जहां बिछाई गई है, वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। सप्लाई पानी का कनेक्शन शुल्क भी बढ़ा दिया गया है, जिससे जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। नगर परिषद पानी का मासिक शुल्क लेती है, जबकि सप्लाई पीएचडी करती है, जिससे जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## नाला का पानी पीने व नहाने के लिए विवश : महेन्द्र जामुदा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा** : गोईलकेरा प्रखंड के बारा पंचायत में ग्रामीण मुंडा राम सिंह गागराई की अध्यक्षता में गुरुवार को मुंडा मानकी भवन के समक्ष बैठक हुई। इसमें झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता एवं अधिवक्ता महेन्द्र जामुदा शामिल हुए। इसमें गोइलकेरा से सेरेंगदा सड़क का निर्माण हो रहा है। इसमें बारा पंचायत के ग्रमीणों की भी जमीन ली जा रही है। उनको अभी तक मुआवजा राशि नहीं मिला है। रोड पर पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है। रोड के आसपास के घर धूल में नहा रहे हैं। गांव के अधिकांश चापाकल खराब हैं। तालाब की कमी के कारण पानी की दिक्कत है और सिंचाई कुआं भी ना के बराबर है। सूखते नाला में पशु पानी पी रहे हैं और लोग नहा रहे हैं। सरकारी कर्मचारी भी गांव नहीं आते हैं। इससे गांव के लोग समस्या नहीं बता पा रहे हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में उनको ही वोट देंगे जो इन समस्याओं को दूर करेगा।

**Office of the Executive Engineer**
**Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002.
Ph. No. 0651-2490406 Email :eercdapsid-jir@nic.in

Letter No- Ranchi, Date-

**Corrigendum**

NOTICE INVITING e-Tender No : RCD/SID/AP/RAN/02/2023-24
P.R.No-326274 Road (24-25) :D

**Name of Work-** Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/ Widening & Strengthening of Road from Belwana More to Nima-Jalgora-Narotand Road via Golgo-Tilkimaran-Tisro village including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Giridih in the State of Jharkhand. (Tetative Length 24 k.m.)

It is hereby notified that the Tender **Last Date/Time of Bid Submission** has been change of the above mentioned Tender bearing P.R.No-326274 Road (24-25) :D Hence the following changes have been made-

| In place of: Last Date/Time of Bid Submission 23.06.2024 | To be read as: Last Date/Time of Bid Submission 22.06.2024 |
|---|---|

Yours Faithfully
Sd./- (Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer, Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi
PR.NO.327067 Road(24-25):D

## दो वाहनो से 75 गेलन स्प्रीट जब्त, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह** : अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार की कार्रवाई करते हुए स्प्रिट लोडेड दो वाहन को जब्त किया है ।इस बाब उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि हजारीबाग जिले के बरही से कच्चा स्प्रिट लाकर गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले में सप्लाई किया जा रहा है। सूचना पर जीटी रोड में टीम ने दो संदिग्ध वाहनों को रोक कर तलाशी लिया गया तो 40 लीटर का 75 गेलन स्प्रिट दोनों वाहनों से जब्त किया गया। इस दौरान चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस धंधे में संलिप्त लोगों के बारे में छानबीन की जा रही है।

## ग्रामीण डॉक्टर के बेटे के अपहरण मामले में 06 गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह** : जिले के देवरी थाना क्षेत्र के चतरो गांव निवासी ग्रामीण चिकित्सक डॉ लक्ष्मण दास के पुत्र पवन दास के अपहरणकांड में शामिल छह अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, उनमें इस गिरोह का सरगना देवरी थाना क्षेत्र के कोसोंगोदोदिघी गांव निवासी संजय पासवान भी शामिल है। अन्य पांचों में संजय राम, महेश कुमार वर्मा, सद्दाम अंसारी, राजकुमार वर्मा और मो मुजफ्फर शामिल हैं। इन सभी आरोपितों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी पिस्टल के साथ तीन कारतूस, अपहरण में इस्तेमाल की गई कार, अपहृत युवक पवन कुमार दास की बाइक के साथ कुल चार बाइक, छह मोबाइल फोन सेट बरामद किये हैं। गिरिडीह के



एसपी दीपक कुमार शर्मा ने गुरुवार पत्रकारों को जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 13 जून 2024 को देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चतरो निवासी डॉ. लक्ष्मण दास के पुत्र पवन दास का अपहरण कर लिया गया था। वह उस वक्त अपनी दुकान से घर लौट रहे थे। डॉ लक्ष्मण दास की लिखित शिकायत पर देवरी थाना में 13 जून 2024 को कांड सं-40/24 दर्ज किया गया। इसके बाद एसडीपीओ खोरीमहुआ नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस टीम ने तेजी से काम करते हुए 12 घंटे के भीतर अपहृत पवन कुमार दास को मोटरसाईकिल सहित बिरनी के पेशम जंगल से सकुशल बरामद कर लिया। अपहरण में इस्तेमाल की गई कार भी पुलिस ने बरामद कर ली। इसके बाद अनुसंधान के क्रम में लगातार छापेमारी कर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से घटना में लिप्त सभी अपराधकर्मियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी आरोपितों ने अपहरण में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**

**पशु आपूर्तिकर्ताओं की सूचीबद्धता हेतु आम सूचना**

राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच दुधारू पशुओं का वितरण दुधारू पशु मेला आयोजित कर कोडरमा जिला में किया जाना है। उक्त मेला में दुधारू पशुओं की आपूर्ति सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं के माध्यम से ही किया जाना है। कोडरमा जिला में दुधारू पशु आपूर्त्ति किये जाने हेतु सूचीबद्धता के लिए कोडरमा जिले के इच्छुक पशु आपूर्तिकर्त्तागण जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा (मेघा डेयरी परिसर, लोकाई, कोडरमा) से आवेदन-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्धारित अर्हताएँ पूर्ण करने के उपरांत ही सूचीबद्धता हेतु आवेदन-पत्र गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची को अग्रसारित किया जा सकेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.327026 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D

## अतिक्रमण व ट्रेड लाइसेंस को लेकर नगर परिषद लगातार चला रही अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : जांच के दरमियान ट्रेड लाइसेंस नहीं रहने पर कई प्रतिष्ठानों से नप ने 10 हजार वसूला जुर्माना झुमरीतिलैया ।नगर परिषद के द्वारा शहर में लगातार अतिक्रमण एवं म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। बता दे कि अतिक्रमण को लेकर एक टीम का गठन किया गया है जो शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, बिक्री, भंडारण करने वाले प्रतिष्ठानों पर दंड अधिरोपित करना एवं दंड वसूल करने के साथ ही सरकारी प्रावधानों के तहत अतिक्रमण करने वालों के समान जप्ती के साथ जुमार्ना दंड अधिरोपित करते हुए दंड राशि वसूल करना है। वही नगर प्रशासक हर्षवर्धन से बात करने पर उन्होंने बताया कि शहर में लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक यूज, अतिक्रमण, एवं म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस को लेकर के प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसके बावजूद भी लोग सड़क पर ईटा, बालू, ढेला रख कर जाम की स्थिति उत्पन्न करते हैं। जिसे लेकर के ही लगातार अभियान चलाया जा रहा है साथी ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत व्यापार करने से पूर्व नगर परिषद से म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है जिसके बावजूद भी कई प्रतिष्ठानों के द्वारा म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लिए बिना ही व्यापार किया जा रहा है।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा आरपीएफ ने 01 व्यक्ति को अंग्रेजी शराब के साथ किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा तथा टास्क टीम धनबाद के बल सदस्यों द्वारा चेकिंग के दौरान कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 04 पर स्थित न्यू फुट ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति आकाश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष, पिता- उमेश कुमार, सा0- पकड़ी, पोस्ट- रेमा, थाना- मसौढ़ी, जिला- पटना, बिहार को कुल 05 बोतल मैजिक मोमेंट ग्रेन वोडका जिसकी प्रत्येक की क्षमता 750 मिली0 व किमत 730/- रुपए है, के साथ गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा पर लाया गया।

**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
Email ID - lohardagazilaparisad@gmail.com Mobile no - 06526-222064

**सूचना**

कुडू बस स्टैण्ड, कुडू हाट एवं भण्डरा टैम्पो स्टैण्ड की बंदोबस्ती हेतु ईच्छुक डाक वक्ताओं / संवेदकों के साथ अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 25/06/2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन में जिला परिषद सभा कक्ष में pre bid meeting आहुत की गई हैं।

ईच्छुक डाकवक्ता/संवेदक जो इस बैठक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित समय एवं स्थान पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 327077 Lohardaga(24-25)#D

# जबरन दुष्कर्म के आरोपी को 16 वर्ष सश्रम कारावास

- अपर जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनायी सजा
- 5,000 जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर 06 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी
- अदालत ने त्वरित सुनवाई करते हुए आरोप गठन के करीब डेढ़ माह के अंदर सुनायी सजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : डोमचांच थाना कांड संख्या 13/ 2024 एसटी 52/ 2024 लकड़ी चुने गई बिरहोरीन महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार



सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी संजय बिरहोर, उम 40 वर्ष, 'पिता मंगर बिरहोर, ग्राम - जिओरायडीह, थाना- डोमचांच, जिला कोडरमा,, निवासी को आईपीसी की धारा 376 (2)(एन) का दोषी पाते हुए 16 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या है मामला**

**कोडरमा**- मुक्तभोगी महिला ने थाना को दिए आवेदन में कहा था कि 02-02-2024 को समय करीब 10:00 बजे मैं अपने गांव के दो अन्य वीरहोरीन के साथ चंदन चूल्हा जंगल में लकड़ी लाने एवं बकरी चराने गई थी। समय करीब 12:00 बजे दिन में जब हम लोग घर वापस आ रहे थे तब वह उन दोनों विरहोरीन के पीछे आ रही थी। इसी दौरान कोई मेरे पीछे से आकर मेरा मुंह दबा दिया। जब पीछे देखी तो मेरे ही गांव का संजय विरहोर पिता मंगल बिरहोर ग्राम जीयोरायडीह मेरा मुंह दबाकर पकड़े हुए हैं। मैं चिल्लाने की कोशिश की पर चिल्ला नहीं पाई और ना ही खुद को उससे छुड़ा पायी।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**
(समाज कल्याण शाखा)
ईमेल - awc3.monitoring@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु गुमला जिलान्तर्गत सम्प्रेक्षण गृह में खाद्य एवं आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा निबंधित एवं प्रतिश्ठित थोक विक्रेताओं से दिनांक-28.06.2024 को 11:30 बजे पूर्वाहन तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन (दिनांक-28.06.2024) जिला क्रय समिति, विकास भवन सभागार, गुमला के समक्ष निविदा 03:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय गुमला में दिनांक- 28.06.2024 को पूर्वाहन 11:30 तक हाथों-हाथ/स्पीड पोस्ट/रजिस्टड डाक से जमा कर सकते है।

नोट :- निविदा से संबंधित जानकारी जिले के वेबसाईट **gumla.nic.in** पर देखा जा सकता है।

PR 327045 Women, Child Development & Social Security(24-25)D जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,गुमला।

## एक झलक

### अमृत भारत ट्रेन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**पूर्वी चंपारण** : रक्सौल-सीतामढ़ी रेलखंड के जयमूर्तिनगर हॉल्ट स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गयी। मृतक बनकटवा के अनिल ठाकुर का पुत्र 3 वर्षीय कल्लू कुमार बताया गया है। वहीं उसकी दो बहनें खुशी कुमारी (5) व रुचि कुमारी (4) ट्रेन की चपेट में आने से बाल बाल बचीं। तीनों सगे भाई बहन प्लेटफार्म के उत्तरी भाग में मौजूद अपने पिता की दुकान से लौट रहे थे। लौटने के क्रम में दो बहनें ट्रैक पार कर गयी, जबकि छोटा भाई ट्रैक पार कर ही आ रहा थी कि रक्सौल की ओर से आर रही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि मृतक अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था। उसकी मां गूंगी है वही उसके पिता भी दिव्यांग हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख पुकार मची है, परिजनो का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

### जमीन विवाद में पुत्र ने की पिता की हत्या

**पूर्वी चंपारण** : जिले में आपसी विवाद में एक पुत्र पक अपने पिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शंभू चक पंचायत के वार्ड नंबर 10 राई टोला की है। में बताया जा रहा है कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शम्भूचक पंचायत के वार्ड नंबर-10 राइटोला गांव निवासी अरुण सिंह और उसके छोटे भाई रत्नेश सिंह के बीच घरारी के जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था, जिसको लेकर फिर से दोनो के बीच विवाद शुरू हुआ तो पिता वशिष्ठ सिंह (70 साल) बीच में आ गए ।फिर दोनों के बीच पहले गाली- गलौज फिर मारपीट शुरू हो गया। इसी दौरान अरुण सिंह ने अपने बेटे विवेक कुमार, पत्नी अर्चना देवी और एक पट्टीदार संजय सिंह के साथ मिल कर अपने वृद्ध पिता वशिष्ठ सिंह की पिटाई शुरू कर दी,जिससे वशिष्ठ सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के बाद अरुण सिंह अपनी पत्नी और बेटा के साथ फरार है। मृतक का छोटा बेटा रत्नेश ने बताया कि पिता जी हमारे साथ थे। बड़े भाई से चार साल पहले ही बंटवारा हो गया है,मेरे भाई आज अचानक घरारी के जमीन को लेकर विवाद शुरू कर दिया ।हमारी दस धुर जमीन चकिया में भी है,जिसे मेरे बड़े भाई ने हड़प लिया है। जिस कारण मेरे पिता नाराज थे। उसने पिता के साथ मारपीट कर उनकी हत्या कर दी है। चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना के बाद कल्याणपुर थाना पुलिस शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मामले को लेकर आवेदन प्राप्त नही हुआ है। शक के आधार पर पट्टीदार संजय सिंह को हिरासत में लिया गया है,जिससे पूछताछ की जा रही है।

### पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र ने युवक की बढ़ाई मुश्किलें, जांच में खुला पूरा मामला

**मुजफ्फरपुर** : पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन के साथ लगाए गए मृत्यू प्रमाण पत्र ने बेटे की मुश्किलें बढ़ा दीं। वजह ये थे कि आवेदन के साथ दो प्रमाण पत्र संलग्न किए गए थे। दोनों में मौत की अलग अलग तारीखें दर्ज थीं। मामला संदेह से घिर गया । जिला प्रशासन ने जांच कराई तो तो इसमें भी माफिया की सक्रियता का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवान शिवशंकर राम की मौत सेवा काल के दौरान 2018 के अप्रैल महीने में हो गई थी। मौत का कारण ह्रदयाघात बताया गया था। इसके बाद उनके पुत्र सकरा प्रखंड के अजीजपुर उर्फ मड़वन गांव निवासी प्रभात कुमार ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए जिला होमगार्ड कार्यालय में आवेदन दिया। आवेदन के साथ उसने कागजात के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपा था, जो दो प्रतियों में था। आवेदन की जांच के दौरान होमगार्ड कार्यालय के अधिकारी उस समय आश्चर्यचकित रह गए, जब दोनों प्रमाणों पत्रों में मृत्यु की अलग-अलग तिथियां दर्ज मिलीं।

# एक ही परिवार के तीन महिलाओं का मिला शव

एजेंसी

**नवादा** : नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव में गुरुवार को एक घर से तीन महिलाओं का शव बरामद हुई है। इस दर्दनाक घटना के प्रकाश में आने से इलाके में हड़कम्प मचा है। एक ही परिवार के तीन महिला सदस्यों की मिली लाश की तरह की शंकाओं को जन्म दे रही है। मृतकों में माता एवं उनकी दो पुत्रियां शामिल है। जिसमें एक पुत्री शिक्षिका बताई जाती हैं। जो प्रखण्ड के केवाली पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा में पदस्थापित थीं। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भलुआही बाजार में अवस्थित सेवानिवृत्त इंजीनियर स्वर्गीय नियाज अहमद के मकान में रह रहे उनकी पत्नी आमना खातून (उम्र-लगभग 85 वर्ष),उनकी शिक्षिका पुत्री शबाना खान (उम्र-लगभग 55 वर्ष) एवं एक अन्य पुत्री मंजू खातून (उम्र-लगभग 56 वर्ष) की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। तीनों महिलाएं का शव मकान के ही अलग अलग कमरा से बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार शव को देखने के बाद घटना एक-दो दिन पूर्व का होना प्रतीत होती है। स्थानीय लोगों द्वारा मृतका के घर से शव की दुर्गंध आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँच कर मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने में जुट गई है। समाचार प्रेषण तक शव को घर से बाहर नहीं निकाला गया है। घटनास्थल पर पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी,इंस्पेक्टर एवं कौआकोल थाना की पुलिस कैम्प किये हुए हैं।





**तीन कमरों में थे तीन शव**

घर के अंदर के तीन अलग अलग कमरों में तीनों महिलाओं के शव पड़े थे। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। उसके बाद स्थानीय थाना की पुलिस गांव में पहुंच चुकी है। पुलिस ने बताया कि घर में तीन महिलाएं ही रहती थीं। कोई पुरुष सदस्य नहीं है। मामले की छाबीन की जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। ग्रामीणों का यह कहना है कि इसके बाद ही पुलिस कुछ आगे करेगी। घटना के कारण को लेकर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है।

**कुछ दिन पहले बेची थी जमीन**

इधर ग्रामीणों के बीच यह चचार्के सप्ताह भर पहले घर की महिलाओं ने जमीन बेची थी। बताया जा रहा है कि जमीन बेचने पर उन्हें 15 लाख रुपए दिए गए थे। रुपए के लिए हत्या का लगाया जा रहा कयास लगाए जा रहे हैं। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल पर पकरीबरावां डीएसपी भी पहुंच गए हैं और अपने स्तर से जांच कर रहे हैं। कौआकोल पुलिस उनका सहयोग कर रही है। खबर लिखे जाने तक मृत महिलाओं के शवों को कमरों से बाहर नहीं निकाला गया है। फोरेंसिक टीम के पहुंचने के बाद कमरे से शव निकालने की बात कही गई है। ग्रामीणों में अंदर ही अंदर आक्रोश है। इसे देखते हुए गांव में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है ।स्थानीय लोगों के अनुसार शव को देखने के बाद घटना एक-दो दिन पूर्व का होना प्रतीत होती है। घटनास्थल पर पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी,इंस्पेक्टर एवं कौआकोल थाना की पुलिस कैम्प किये हुए हैं।

### बाइक चोरी के आरोप में थाना हाजत में बंद आरोपी ने की आत्महत्या

**पूर्वी चंपारण** : बाइक चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक ने थाना हाजत में अपने शर्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर सिकरहना डीएसपी व डीसीएलआर सहित पदाधिकारी घटना की जांच में जुटे है ।मौत की सूचना पर मृतक के परिजन व स्थानीय ग्रामीण थाना का घेराव कर पुलिस की पिटाई से मौत होने का आरोप लगा रहे है। घटना पूर्वी चंपारण जिले झरौखर थाना की बतायी जा रही है। एसपी ने बताया कि झरोखर थाना में चोरी की दो बाइक के साथ एक को हिरासत में लिया गया था। हिरासत में लिए गए युवक द्वारा शर्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। जिसका अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

## बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 22 से 26 जुलाई तक



एजेंसी

**पटना** : बिहार विधानमंडल का सत्र आगामी 22 से 26 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी ।बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र के लिए सरकार ने अपनी स्वीकृति दे दी है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद अब विधानसभा सचिवालय जल्द ही पूरा शेड्यूल जारी करेगा। पांच दिनों तक चलने वाले सत्र के दौरान सरकार कई अहम विधेयकों को सदन के पटल पर रखेगी और दोनों सदनों से उन्हें पारित कराने की कोशिश करेगी। 22 जुलाई को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही मानसून सत्र की शुरूआज होगी। सोमवार से शुरू होकर शुक्रवार तक चलने वाले मानसून सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

## दिल्ली- मुंबई के तर्ज पर नवादा में बनेगा संकल्प सरोवर इन्क्लेव : राजीव सिन्हा

एजेंसी

**नवादा** : नवादा में दिल्ली - मुंबई के तर्ज पर संकल्प सरोवर एनक्लेव की स्थापना की जाएगी ।उसका स्थान नवादा - गया रोड में पुलिस लाइन के निकट होगा ।इन्क्लेव की शुरूआत को लेकर गुरुवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन नवादा के डीएम आशुतोष वर्मा, उप- विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ,इन्क्लेव के निदेशक राजीव सिन्हा, दाऊद खान ,अशोक कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से की। अर्टिटेक मनीष कुमार सिन्हा ने संकल्प सरोवर इन्क्लेव के निर्माण की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नवादा में भैया मुंबई तथा दिल्ली के तर्ज पर संकल्प सरोवर क्लब की स्थापना होगी, जहां लोग रहकर काफी आनंदित महसूस करेंगे । कवि सम्मेलन में चर्चित कवि प्रोफेसर वसीम बरेलवी, पद्मश्री सुरेंद्र दुबे ,गजेंद्र सोलंकी ,अमन अक्षर ,नंदिनी श्रीवास्तव, पद्मिनी शर्मा ,पूर्व सिविल सर्जन आदि ने कविताओं के माध्यम समाज सुधार ,श्रृंगार रस ,वीररस की गाथा को प्रस्तुत कर श्रोताओं को बाग -




कर दिया। इन्क्लेव के निदेशक निमार्ता प्रसिद्ध व्यवसाई राजीव सिन्हा, उनकी धर्मपत्नी महिला ब्यवसाई रेशमा सिन्हा ने भी उपस्थित जनमानस का स्वागत करते हुए आभार जताया। एंक्लेव निर्माण की घोषणा से नवादा वासियों में खुशी देखी जा रही है।

## पूर्णिया यूनिवर्सिटी में पहला दीक्षांत समारोह राज्यपाल ने पीएचडी धारकों एवं स्नातकों को दी डिग्री

एजेंसी

**पूर्णिया** : पूर्णिया यूनिवर्सिटी में आज पहला ऐतिहासिक दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में 200 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को डिग्री तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने छात्र छात्राओं को दिया । लगभग 87 छात्र-छात्राओं को राज्यपाल ने डिग्री दी । शेष छात्राओं को पूर्णिया के कुलपति राजनाथ यादव डिग्री देकर सम्मानित करेंगे। मौके पर राज्यपाल आर्लेकर ने कहा कि यह पहला समारोह है, जिसमें हम और आप इसके साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि आज जो आपको यह डिग्री और मेडल मिला है वह आपके परिवार आपके माता-पिता और गुरु की देन है। आप सभी



मेरे विद्यार्थी हैं, परंतु आपका सम्मान करना मेरा दायित्व है। मेरा यहां आना मेरी कोई कृपा नहीं, बल्कि मेरा कर्म है। मैं भी इस पल का साक्षी बना गर्व महसूस करता हूं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विनम्रता हमारी पूंजी होनी चाहिए। जीवन में अनुशासन आवश्यक है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों से समाज हमेशा अच्छाई की अपेक्षा करता है। अनुशासन के साथ-साथ विद्या का उपयोग समाज के लिए हो और हमारा उपयोग देशभक्ति के लिए भी हो और देश की उन्नति भी हमारे मंजिल में शामिल हो।

## महानंदा नदी का जलस्तर तीन दिन में 4 सेंटीमीटर बढ़ा, जिले के कई हिस्सों में घुसा बाढ़ का पानी

एजेंसी

**किशनगंज** : जिले में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से महानंदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। साथ ही डोंक नदी का भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसको लेकर सीओ मोहित राज ने भी नदियों का जायजा लिया है। पोठिया प्रखंड क्षेत्र होकर बहने वाली महानंदा व डोंक नदी का जलस्तर पिछले तीन दिनों से बढ़ रहा है। लगातार वर्षा होने के कारण दोनों नदी उफान पर है। महानंदा नदी का जलस्तर बढ़कर 4 सेंटीमीटर हो गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से गोरिहाट, डाक बंगला, कलियागंज आदि स्थानों पर नदी किनारे बसने वाले गिल्हाबाड़ी, बारापोखर,



आदिवासी टोला मुस्लिम टोला, बारापोखर प्राथमिक विद्यालय, तैयबपुर, कलियागंज, गोरिहाट, इंदरपुर सहित दर्जनों गांवों में नदी का पानी प्रवेश कर जाता है। फिलहाल, बहादुरगंज के कई हिस्सों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। नदी की उफान को लेकर लोग इस आशंका को लेकर परेशान हैं, कि यदि रात तक पानी की बढ़ती रफ्तार नहीं रुका तो मुश्किलें बढ़ जायेगी। इसी प्रकार डोंक नदी का भी जल स्तर बढ़ने से लोग बाढ़ की आशंका को लेकर चिंतित हैं। पोठिया के मो. आदिल, बिरजू सहित कई स्थानीय लोगो ने बताया कि गांव में अब तक पानी प्रवेश नहीं किया है। लेकिन, माल मवेशियों को दिक्कत जरूर है। नदियों के उफान से कई मुख्य सड़कों से संपर्क टूटने के कगार पर है। कई डायवर्जन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी होगी। मामले पर अंचल अधिकारी मोहित राज ने बताया कि उनके द्वारा विभिन्न बढ़े हुए नदियों का निरीक्षण किया जा रहा है, साथ ही टूटे हुए डायवर्जन वाले जगहों को चिह्नित कर तत्काल प्रभाव से उसे ठीक किया जा रहा है और चलने लायक बनाया जा रहा है।

## ग्रामीण कार्य विभाग में रुपये लेकर ठेकेदार को दिया जाता है काम: टीटू बड़वाल

एजेंसी

किशनगंज : अररिया के सिकटी में निमार्णाधीन पुल के गिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष टीटू बड़वाल ने गुरुवार को अपने किशनगंज आवास पर बड़ा बयान दिया है। टीटू बड़वाल ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस विभाग के खिलाफ इतने सबूत है कि गिनते-गिनते लोग थक जाएंगे। पुल गिरने को लेकर जितना जिम्मेदार संवेदक है, उससे कहीं अधिक जिम्मेदार विभाग के अधिकारी है। बीजेपी नेता बड़वाल ने बताया कि विभाग के जरिए रुपया लेकर ऐसे ठेकेदार को काम दे दिया जाता है, जिनके पास कार्य करने की न तो क्षमता होती है और न ही अनुभव होता है। बड़वाल ने आगे कहा कि अभियंता प्रमुख भगवत राम के कार्यों की जांच ईडी और सीबीआई से करवाने पर सारा पोल खुल जाएगा कि उन्होंने किस तरह नियमों को ताक पर रख कर काम दिया। बीजेपी नेता ने ये भी कहा कि ऐसे संवेदक जिनकी बिड कैपिसिटी मात्र 55 करोड़ रुपये है, लेकिन किशनगंज के अरार्बाड़ी में उन्हें 66 करोड़ से बनने वाले पुल का टेंडर दे दिया गया। टीटू बड़वाल यहीं नहीं रुके और उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग में लूट मचा हुआ है और हमारी मांग है कि पुल गिरने के मामले में संवेदक के साथ-साथ अधिकारियों की भी जांच होनी चाहिए, जो रुपया लेकर काम बांटते है। बड़वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से वो मांग करते हैं कि ऐसे लोग जो रुपया लेकर काम बांट रहे है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। टीटू बड़वाल ने कहा कि अभी लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ है, जिसमे अरबों रुपये खर्च हुए हैं। आखिर वो रुपया कहां से आता है। अगर सही तरीके से जांच होगी तो कई अधिकारी इस मामले में फंसेंगे।

## रेतुवा, कनकई और कोल नदी के जलस्तर में वृद्धि, नाव का परिचालन रहा बाधित



एजेंसी

**किशनगंज** : जिले के टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र में रेतुवा, कनकई और कोल नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण कई घाटों पर नाव का परिचालन बाधित हो गया है। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेतुवा नदी के किनारे बसे गांव और उपजाऊ खेत कटाव की चपेट में हैं। इससे लोगों में डर का माहौल है। पिछले साल रेतुवा नदी के कटाव के कारण चिल्हनिया पंचायत के सुहिया, हाटगांव, और कोठी टोला में करीब 35 परिवार बेघर हो गए थे। इस साल हवाकोल पंचायत के खुरखुडिया घाट स्थित हवाकोल में तेजी से कटाव जारी है। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है। पंचायत समिति सदस्य इस्माइल आलम के अनुसार प्रशासन ने बाढ़ से पूर्व कोई तैयारी नहीं की। इसके कारण बारिश और बाढ़ का पानी बाजार और ग्रामीण इलाकों में घुस रहा है। फुलबड़िया बाजार में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बाजार में कीचड़ जाम हो गया है।

## अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा, न्यायालय का कार्य ठप

एजेंसी

**नवादा** : एडवोकेट एसोसिएशन सदर सब डिविजन नवादा के सदस्य स्वर्गीय अखिलेश प्रसाद के आकस्मिक निधन के बाद मृत आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को नवादा व्यवहार न्यायालय मे शोक सभा का आयोजन किया गया। अनुमंडल अधिवक्ता संघ के साथ ही नवादा जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी आज न्यायालय में कार्य नहीं किया, जिस कारण न्यायालय का कार्य पूर्णतया ठप रहा। मृत अधिवक्ता की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई ।शोकसभा में अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार सिन्हा, महासचिव निरंजन कुमार सिंह, पूर्व महासचिव



इश्वरी प्रसाद शर्मा सहित सैकड़ों सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की । महासचिव निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि तत्काल प्रशासनिक आदेश के तहत अध्यक्ष के साथ विचारोपरांत दस हजार रुपये की सहायता राशी स्वर्गीय अधिवक्ता अखिलेश प्रसाद की पत्नी को दिये जाने की बात पर सहमति बनी। 21 जुलाई यानि कल यह राशी 5 अधिवक्ताओं का एक शिष्टमंडल उनके पैतृक गांव जाकर उनकी पत्नी को प्रदान करेगा। महासचिव निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि बिहार बार काउंसिल से मिलने वाली सुविधाओं को भी जल्द पीड़ित परिवार को मुहैया करा दी जाएगी।

## देखो अपना देश कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को बेतिया से खुलेगी भारत गौरव ट्रेन

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : भारतीय रेलवे की शाखा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड ने देखो अपना देश कार्यक्रम के तहत भारत गौरव ट्रेन की शुरूआत करने जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 प्रतिशत रियायत प्रदान कर रहा है। यह पर्यटक ट्रेन दिनांक 09/07/24 को बेतिया से खुलेगी, जो सुगौली, रक्सौल, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर ,पाटलिपुत्र, दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन होते हुए उज्जैन, द्वारका, सोमनाथ, शिरडी, नासिक, आदि जगहों का भ्रमण करते हुए



19/07/24 को वापस लौटेगी। यह ट्रेन महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर,, सोमनाथ, एवं त्रयम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारिकाधीश मंदिर एवं शिरडी मंदिर के साथ ही शनि सिगनापुर में शनि मंदिर का भी दर्शन कराएगी। ट्रेन में स्लीपर तथा एसी क्लास की व्यवस्था है। स्लीपर में प्रति व्यक्ति यात्रा खर्च 20899 रू तथा एसी में 35795 रु है।

# आज योग को मिल रही है सामूहिक व वैश्विक पहचान



**ओम प्रकाश**

**वर्तमान** समय में जीवन का योग में होना ही सुख शांति समृद्धि का परिचायक है। आज संपूर्ण विश्व में योग सिर चढ़कर बोल रहा है। इस वर्ष योग दिवस का विषय है महिला सशक्तिकरण ।भारत की प्राच्य विद्याओं में योग एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। आज योग को व्यक्तिगत साधना और अनुभवों से निकल कर सामूहिक व वैश्विक पहचान मिल रही है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वैश्विक पर्व बन गया। एक एक व्यक्ति अपने फिटनेस का माध्यम योग को बनाने के लिए तत्पर है। लेकिन यह योग का आठवां हिस्सा मात्र है, जिसे आसन के नाम से लोग जानते हैं। योगासन अर्थात,

**स्थिरम सुखम आसनम**

कुछ लोग इससे आगे बढ़कर प्राणायाम व ध्यान तक पहुंच जाते हैं, जिसे अष्टांग योग कहा जाता है। जिसमें यम,नियम आसन, प्रत्याहार, प्राणायाम, ध्यान धारणा और समाधि आठ अंग है। इन सब को मिलाकर संपूर्ण योग का स्वरूप बनता है। योग का अर्थ है जोड़ना भारत के छह दर्शनों में एक है योग जिसे महर्षि पतंजलि ने रचा। वैसे योग की उत्पत्ति का मूल भगवान शिव को माना गया है शिव में आनंद,तांडव, नृत्य परमानंद और और कभी परम शांति के भाव प्रकट होते हैं यह जानने की अभिलाषा ही ऋषि-मुनियों को तपस्या से शिव को प्रसन्न कर जगत के कल्याण के लिए शिव की उस अनुभूति को जानने का प्रयास करते हैं। शिव के परम आनंद और शांति की अनुभूति ही योग दर्शन के रूप में प्रकट हुई है। महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र के नाम से इसकी रचना की है। जिसमें 195 सूत्र हैं और हर सूत्र अपने आप में एक वृहद व्याख्या है।

योग का केंद्र चित्त को माना गया है। महर्षि पतंजलि ने योग को परिभाषित करते हुए कहा,

**योग चित्तवृत्ति निग्रहः**

अर्थात, चित्त की वृत्तियों को यदि निग्रह यानी नियंत्रण में कर लिया गया तो जीवन की सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। समसामयिक जीवन शैली में व्यक्ति अपनी लालसाओं की पूर्ति हेतु प्रयास करता है प्रयास में स्वार्थ, लालच, ईर्ष्या, क्रोध, अहंकार जैसी जानलेवा दुष्टप्रवृत्तियां ना हो तो प्रयास सफल हो जाता है। भारत देश की 65% आबादी युवाओं की है।आज का दौर भी युवाओं का है।भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है। युवा देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। यदि वे कार्य कुशल हो तो कहना ही क्या है? देश की सरकार भी युवाओं के कौशल विकास पर बहुत जोर दे रही है। स्किल्ड डेवलपमेंट मंत्रालय की स्थापना का होना भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। कहते भी है,

**योग कर्मशु कौशलम**

कुशलता पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करना ही योग है। इसलिए युवाओं के फिटनेस से भी आगे बहुत जीवन उपयोगी है योग, जो युवाओं के जीवन को, सोच को, व्यवहार को, पूर्ण कुशल या वेल स्किल्ड बनाता है। जीवन की व्यूह रचना में मानसिक तनाव को मानसिक सुख में परिवर्तित करने का सबसे सरलतम मार्ग योग है।चूँकि जीवन का संपूर्ण आधार मन से ही है और योग से ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। चित्त संयमित और संतुलित होगा तो जीवन की सही दिशा और गति तय कर सकता है श्री कृष्ण ने गीता में कहा है,

**योगस्थः कुरु कर्माणि संग त्यत्वा धनंजयः,**

सिद्धयहियो समोभूत्वा समत्वं योग उच्यते। हे! धनंजय, आसक्ति को त्याग कर सफलता और विफलता की स्थिति में भी समान चित्त रख कर कर्मों को कर। यह समत्व भाव ही योग कहा जाता है। गीता में विषादग्रस्त अर्जुन को जब कृष्ण मन को संयमित रख चिंतन करने की बात कहते हैं, तो अर्जुन समझ नहीं पाते कि इस वायु के वेग से भी तेज गति वाले मन को कैसे धामे। अर्जुन के यह पूछने पर श्रीकृष्ण कहते हैं, अभ्यासयोगमुक्तेन चेतसा जान्यगामिना, परमं पुरूषं दिव्यं याति पाथार्नुचिंतपन।

हे! पार्थ, परमेश्वर के अभ्यास रूप योग से युक्त, अन्य तरफ ना जानेवाले यानी एकाग्र चित्त से निरंतर चिंतन करता हुआ पुरुष परम दिव्य रूप को प्राप्त होता है। अर्थात परमात्मा में लय हो जाता है। योग से सामाजिक समरसता का मंत्र अर्थात मुझ में सब और सब में मैं यानी, खलिवदं ब्रह्मः का साक्षात्कार कराता है ।तुलसीदास जी ने भी कहा है,

जड़ चेतन जल जीव नभ सकल राममय जान जात-पात, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर मानव जीवन है। जोड़ना है तो गुण देखना ही पड़ेगा। जीवन के विकारों से बचने का साधन योग है। शिक्षा में योग का होना,शिक्षा में संस्कार का आना है। मैं, मेरा परिवार मेरा समाज, राष्ट्र की परिकल्पना योगमय जीवन से संभव हो ही जाएगा। प्रतिदिन योग को दैनिकचर्या में लाना कठिन है, परंतु यह प्रतिदिन के कर्मों के करने का सरल माध्यम है। विडंबना है, आज भी बुद्धिजीवी वर्ग यह कहने से परहेज नहीं करता कि भारत में गर्व करने लायक है ही क्या? उनके अनुसार आज हम जिस तरक्की की राह पर बढ़ रहे हैं उसकी नींव तो अंग्रेजी शासन में रखी गई। जैसे ही पाश्चात्य देश विशेषकर अमेरिका सिर माथे रखता है तब हमें वह गर्व लगने लगता है। जिसे हम तिरस्कृत व हीन मानते थे। आदि शंकराचार्य जब यात्रा के दौरान सामने चांडाल को देखकर बचने लगते हैं तो चांडाल तंज कसता है किससे बच रहा है? तू भी ब्रह्म मैं भी ब्रह्म फिर कौन किससे बचे? शंकराचार्य समझ जाते हैं कि असली ब्रह्म ज्ञान तो यह है और चांडाल का चरण पकड़ लिया। योग के अभ्यास से ही चित्त की ऐसी निर्मलता आती है और ब्रह्म ज्ञान मिलता है। जहां सारे भेद मिट जाते हैं और समाज के विराट रूप के दर्शन होते हैं। वास्तव में योग के माध्यम से ही अहम से वयम का भाव संपूर्ण वातावरण में पनपता है।

# इंग्लैंड ने सुपर-8 के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को हराया

## सॉल्ट का नाबाद अर्धशतक, बेयरस्टो के साथ नाबाद 97 रन की साझेदारी



एजेंसी

**सेंट लूसिया :** डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने यह हाई स्कोरिंग मैच एकतरफा अंदाज में जीता। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए और इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

**वेस्टइंडीज-इंग्लैंड मैच का स्कोर**

**1. मैच विनर...**

इंग्लिश टीम के ओपनर फिल सॉल्ट टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 47 बॉल पर नाबाद 87 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सॉल्ट ने जोस बटलर के 67 रन की ओपनिंग साझेदारी की। बटलर के आउट होने के बाद उन्होंने मोइन अली के साथ 17 और जॉनी बेयरस्टो के साथ नाबाद 97 रन की पार्टनरशिप की।

**2. जीत के हीरोज**

**जॉनी बेयरस्टो :** टीम के दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 26 बॉल पर नाबाद 48 रन की पारी खेली। साथ ही सॉल्ट के साथ तीसरे विकेट एक लिए नाबाद 97 रन की साझेदारी की।

**आदिल रशीद :** 4 ओवर के स्पेल में 21 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने आंद्रे रसेल का बड़ा विकेट झटका और वेस्टइंडीज के स्कोर को 200 पार जाने से रोका। वहीं मैच में टीम के लिए सबसे किफायती बॉलर साबित हुए। रशीद ने 5.25 की इकोनॉमी से रन दिए, बाकि सभी बॉलर इससे ज्यादा से रन दिए।

**3. इंग्लैंड की जीत की वजह**

**दो बड़ी साझेदारी :** इंग्लैंड की ओर से दो बड़ी साझेदारी हुई। एक ओपनिंग साझेदारी हुई। जो फिल सॉल्ट और जोस बटलर के बीच 46 बॉल पर 67 रन की हुई। दूसरी सॉल्ट और जॉनी बेयरस्टो के बीच हुई। यह तीसरे विकेट के लिए 44 बॉल पर नाबाद 97 रन की हुई।

**टाइट फील्डिंग :** इंग्लैंड की तरफ से काफी अच्छी फील्डिंग देखने को मिली. इस ने एक भी कैच या रन आउट के मौके नहीं गंवाए. वहीं वेस्टइंडीज ने दो कैच छोड़े और एक रन आउट का मौका भी गंवाया.

**टर्निंग पॉइंट**

**मैच** का टर्निंग पॉइंट तीसरा ओवर रहा। इस ओवर में इंग्लैंड के ओपनर फिल सॉल्ट का कैच ड्रॉप हो गया। जब कैच ड्रॉप हुआ तो सॉल्ट अपने 7 रन के स्कोर पर खेल रहे थे। इसके बाद उन्होंने नाबाद 87 रन की पस्सरी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड की पारी का तीसरा ओवर अकील होसेन ने किया। पहली दो गेंदो पर कोई रन नहीं आया। तीसरी गेंद पर अकील ने कॉट एंड बोल्ड की कोशिश की लेकिन चौका चला गया। इसके बाद उन्होंने सॉल्ट को बाहर की ओर शॉर्ट बॉल की। सॉल्ट पुल करना चाह रहे थे लेकिन वह शॉट पहले खेल गए और गेंद उनके पैर से लगते हुए पीछे उछल गई। पूरन ने पहली प्रयास किया लेकिन वह कैच नहीं लपक सके।



## एक झलक

### बिशप ने बुमराह की जम कर की प्रशंसा

**ब्रिजटाउन :** अस्सी के दशक में अपनी गेंदबाजी से खौफ पैदा करने वाले वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर इयान बिशप ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि ऐसा गेंदबाज पीढ़ी में एक बार ही पैदा होता है। बिशप ने बुमराह को एक पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाला गेंदबाज करार दिया और कहा कि विरोधी टीम के खिलाड़ी इसी कारण कभी कभार उन्हें निशाना नहीं बनाते दिखते। बिशप ने कहा कि बुमराह एक शानदार क्रिकेटर है जो खेल के बारे में ही सोचता है। यह नींव से शुरू होता है पर उसने विविधताएं भी विकसित की हैं और वह अन्य गेंदबाजों से बेहतर जानता है कि अपनी विविधताओं का उपयोग कब और कैसे करना है। आपने उसे यह कहते हुए सुना है, मैं हर दिन विकेट के लिए नहीं जाता हूं। ऐसे दिन होते हैं जब मैं स्टंप्स पर यॉर्कर फेंकता हूं, ऐसे दिन होते हैं जब मैं वाइड यॉर्कर डालता हूं।

### बाबर आजम पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। टी20 विश्वकप में जिस प्रकार से पाक टीम खराब प्रदर्शन कर बाहर हुई है। उसके बाद से ही बाबर लोगों के निशाने पर हैं। वहीं अब उनपर मैच फिक्सिंग के भी आरोप लग रहे हैं। पाक में ये आरोप नये नहीं हैं पहले भी यहां कई क्रिकेटरों पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगते रहे हैं। बाबर पर ये आरोप पाकिस्तान मीडिया में लगाये हैं। इसमें कहा गया है कि फिक्सिंग के कारण ही टीम सुपर-8 के लिए क्वालिफाई नहीं कर पायी है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो आया है। वह पाक के एक पत्रकार का है। इसका कहना है कि बाबर को जो महंगे-महंगे उपहार मिले हैं। वह उनके फिक्सिंग में शामिल होने का संकेत हैं। इस वीडियो में इस पत्रकार ने कहा, ह्यथोड़े दिन पहले मैंने देखा कि बाबर के पास ऑडी ई ट्रॉन आ गई। बड़ी अच्छी गाड़ी है। आजम ने कहा कि मेरे भाई ने गाड़ी दी है। तो मैंने सोचा कि बाबर का भाई कोई बड़ा काम करता होगा जिससे वह 7-8 करोड़ की गाड़ी उपहार में दी है पर बाद में पता लगा कि बाबर का भाई कोई ऐसा बड़ काम नहीं करता है जिससे ऐसी गाड़ी खरीद सके।

### साल्ट ने अपनी शानदार पारी का श्रेय बेयरस्टो को दिया

**ग्रोस आइलेट :** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने कहा है कि मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपरआठ मैच में वह आक्रामक पारी अपने जोड़ीदार जॉनी बेयरस्टो कारण ही खेल पाये हैं। इस मैच में साल्ट ने 47 गेंद में नाबाद 87 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। साल्ट ने कहा कि बेयरस्टो के कारण ही उनपर से दबाव हट गया था जिसके कारण ही वह अपना स्वाभाविक खेल खेलने में सफल रहे। मैच के बाद साल्ट ने कहा, पारी में एक समय ऐसा भी था जब मैं बहुत अधिक गेंदों पर शाट नहीं खेल पा रहा था। बाउंड्री नहीं लग रहीं थी तब बेयरस्टो ने अपनी बल्लेबाजी से मुझ पर से दबाव हटा दिया, उनकी पारी की मेरी सफलता में अहम भूमिका रही। साथ ही कहा कि बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ खेलना जब कठिन हो रहा था तब बेयरस्टो ने हालात संभाले थे। साल्ट ने 16वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड के खिलाफ एक ही ओवर में 30 रन बनाकर मैच अपनी टीम की ओर मोड़ दिया था।

### सुपर आठ के पहले ही मुकाबले में जीत से मनोबल बढ़ा : फिल

**ग्रोस आइलेट :** टी20 विश्व कप सुपर आठ के पहले ही मुकाबले में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने कहा है कि इससे उनकी टीम का मनोबल बढ़ा है। साल्ट ने कहा है कि जिस प्रकार से टीम ने हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर वेस्टइंडीज को हराया है उससे टीम को लय मिल गयी है।

## राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स में नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा

### यूरोप में तीन अलग-अलग स्थानों पर करेंगे अभ्यास



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ओलंपिक और विश्व चैम्पयन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह पंचकूला में 27 जून से होने वाली राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स में नहीं खेलेंगे। इसी जगह पर वह यूरोप में कोच क्लाउस बतोर्नीज और फिजियो ईशान मारवाहा के साथ तीन अलग-अलग स्थानों पर अभ्यास करेंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए फिनलैंड के कुओतार्ने में अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वहीं अब वह जर्मनी के सारब्रकेन जाएंगे। इसके बाद वह तुर्की में अभ्यास करेंगे और 28 जुलाई तक वहीं रहेंगे। पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नीरज कहा कि कहा है कि उनकी जांघ की चोट अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है और वह इस बारे में पेरिस ओलंपिक के बाद डॉक्टरों से सलाह लेंगे। साथ ही कहा कि अभी इलाज का समय नहीं है क्योंकि पेरिस ओलंपिक सामने है। नीरज ने इसी चोट के कारण ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से भी नहीं खेली थी और एक माह आराम किया था।

## पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण विजेता एथलीटों पर बरसेगा धन



एजेंसी

**पेरिस :** पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को इसबार काफी लाभ होगा। इसका कारण है कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पधाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर करीब 41.60 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की बात कही है। इस प्रकार डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ भी बन जाएगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरूआत एथलेटिक्स के महत्व को देखते हुए की गयी है। साथ ही कहा कि हमने उन एथलीट की सहायता का फैसला किया है जो अपने प्रदर्शन से खेलों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर लगभग 18.63 अरब रुपये पुरस्कार के लिए रखे गये है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि देकर किया जाएगा। इसके अलावा रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जायेगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीटों को ही शामिल किया जायेगा।

## न्यूजीलैंड के लिए तीनों प्रारूपों में खेलने हमेशा तैयार हूं : विलियमसन



एजेंसी

**वेलिंगटन :** टी-20 विश्वकप के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने वाले बल्लेबाज केन विलियमसन ने कहा है कि वह अब लीग क्रिकेट खेलेंगे पर जब भी देश को जरुरत होगी वह राष्ट्रीय टीम से खेलने के लिए तैयार रहेंगे। विलियमसन ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलना उनकी पहली पसंद और प्राथमिता बनी रहेगी। विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए ही उन्होंने केंद्रीय अनुबंध नहीं किया है पर कहा कि वह न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए कभी भी तैयार रहेंगे। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जायेगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है। न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दिशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य रहता है। विलियमसन ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटने पर कहा, मैं जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। उस दौरान कई बेहतरीन टूर्नामेंट है पर एसए 20 अभी अच्छा लग रहा है। इसके लिए मुझे केंद्रीय अनुबंध ठुकराना होगा।

## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय पुरुष कोचिंग शिविर के लिए 27 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की



एजेंसी

**बेंगलुरु :** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 27 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो बेंगलुरु के साई सेंटर में 21 जून से शुरू होगा और 8 जुलाई तक चलेगा। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया, ऱयह शिविर महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय टीम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय पुरुष टीम को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। वे 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत करेंगे। टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौटी है, जहां वे वर्तमान में 16 मैचों में 24 अंक अर्जित करने के बाद चौथे स्थान पर हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शिविर के महत्व के बारे में बताया। फुल्टन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।


## क्वींस क्लब चैंपियनशिप के बीच मैच से हटे एंडी मरे, विंबलडन में खेलना संदिग्ध



एजेंसी

**लंदन :** पीठ की समस्या के कारण क्वींस क्लब चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर होने के बाद तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मरे ने कहा है कि उनकी चोट कितनी चिंताजनक है, यह जानने के लिए स्कैन कराया जाएगा, जिससे यह तय होगा कि वह आगामी विंबलडन 2024 में खेलेंगे या नहीं। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मरे जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ दूसरे दौर के मैच से पांच गेम के बाद अपनी पीठ की समस्या के कारण रिटायर हो गए। एटीपी के अनुसार मरे ने कहा, जाहिर है कि यह बहुत अच्छा नहीं था। मैं कुछ समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा था। मेरे दाहिने पैर में ताकत की कमी थी। इसलिए नियंत्रण में कमी थी, समन्वय नहीं था। हां, मैं हिल नहीं सकता था। पीठ की समस्या से जूझना मरे के लिए कोई नई बात नहीं थी, 37 वर्षीय मरे ने खुलासा किया कि एटीपी 500 मैच से पहले उन्हें बहुत दर्द हो रहा था। मरे ने जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया, जबकि शुरूआती सेट में वे 4-1 से पीछे थे। तीन गेम के बाद, उन्होंने अपने कूल्हे और पीठ के निचले हिस्से के दर्द का इलाज करवाया। बाद में, यह पता चला कि मरे को पीठ की समस्या थी। मरे ने कहा, मैच के दौरान मुझे बहुत दर्द हुआ। लेकिन मैं इसे मैनेज करने में सक्षम था। मैं खेलने में सहज नहीं था, लेकिन मैं इसे मैनेज किया। मैच से पहले वार्मअप के दौरान, मैं बहुत असहज था, और फिर मैं कोर्ट पर जाने से ठीक पहले सीढ़ियों से ऊपर चढ़ा, मेरे दाहिने पैर में सामान्य ताकत नहीं थी। यह सामान्य भावना नहीं थी। 37 वर्षीय मरे ने कहा, मुझे नहीं पता कि आप में से कितने लोग देख रहे थे, लेकिन वार्मअप में मैंने जो पहली दो गेंदें मारी, मेरा दाहिना पैर बहुत ही असंयोजित था। मेरा कोई समन्वय नहीं था। दाहिना पैर ठीक से काम नहीं कर रहा था। मरे ने कहा कि वह पिछले 10 वर्षों से पीठ की समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, ऱमुझे ठीक से नहीं पता कि समस्या क्या है। मैंने पहले ऐसा अनुभव नहीं किया था। मैं अपने करियर के पिछले 10, 11 वर्षों से पीठ दर्द से जूझ रहा हूँ, लेकिन मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया। इसलिए मुझे नहीं पता कि प्रक्रिया क्या होगी या वास्तव में क्या उम्मीद करनी है।

## चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजीली मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला के साथ किया करार



एजेंसी

**चेन्नई :** चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सत्र से पहले एक साल के लिए ब्राजील के मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला के साथ करार किया है। लुकास ब्रैम्बिला साइप्रस के शीर्ष स्तरीय क्लब ओथेलोस एथिनोउ से मरीना माचांस (चेन्नईयिन एफसी का दूसरा नाम) में शामिल हो गए हैं। फुटबॉल क्लब ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, चेन्नईयिन एफसी 2024-25 सत्र से पहले अपने रोस्टर में मिडफील्डर लुकास ब्रैम्बिला को शामिल करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने दुनिया भर की विभिन्न लीगों में खेला है और क्लब में उनके पास अनुभव और कौशल का खजाना है। चेन्नईयिन के साथ एक साल के करार पर जुड़ते हुए, मिडफील्डर का आगमन 2024-25 सत्र के लिए क्लब का नौवां हस्ताक्षर और एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वू और विलमर जॉर्डन गिल के बाद उनका चौथा विदेशी अधिग्रहण है।

## भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का निधन



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन का गुरुवार को बेंगलुरु में 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1996 में दो टेस्ट मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। जॉनसन की बेंगलुरु में एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके करीबी लोगों के अनुसार, जॉनसन को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका घरेलू करियर 39 प्रथम श्रेणी मैचों तक फैला रहा, जिसमें उन्होंने 125 विकेट लिए। उन्होंने चार बार पांच विकेट और एक बार दस विकेट भी लिए। जॉनसन सबसे तेज भारतीय गेंदबाजों में से एक थे और घरेलू सर्किट में उनके प्रदर्शन (1995-96 के रणजी ट्रॉफी सत्र के दौरान केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट) ने उन्हें भारतीय टीम में जगह दिलाई। उन्होंने 1996 में नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया। ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे के दौरान वे माइकल स्लेटर को आउट करने में सफल रहे। दाएं हाथ के गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका दौरे का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें केवल पहले टेस्ट में खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने हर्शल गिब्स और ब्रायन मैकमिलन के विकेट लिए। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर अपनी संवेदना व्यक्त की। शाह ने लिखा, ऱहमारे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भारत के पूर्व कोच और दिग्गज लेग-स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा ऱमेरे क्रिकेट साथी डेविड जॉनसन के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। बहुत जल्दी चले गए 'बेनी'।

## मार्नस लाबुशेन को 2024-25 सत्र के लिए क्वींसलैंड का कप्तान किया गया नियुक्त




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को 2024-25 सत्र के लिए क्वींसलैंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। लाबुशेन अपने हमवतन उस्मान ख्वाजा की जगह लेंगे, जो बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। 29 वर्षीय लाबुशेन ने पिछले सीजन में मार्श कप और शेफील्ड शील्ड में क्वींसलैंड का नेतृत्व किया था। क्वींसलैंड ने 2007-08 के बाद पहली बार सबसे निचले स्थान पर रहते हुए सीजन का अंत किया और 50 ओवर के टूर्नामेंट में पांचवें स्थान पर रहा। वह नए कोच जोहान बोथा के साथ जुड़ेंगे और पिछले सीजन के खराब प्रदर्शन के बाद टीम को ऊपर उठाने की कोशिश करेंगे। टी20 विश्व कप में जगह बनाने से चूकने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज वर्तमान में ग्लैमरगन के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 150वां प्रथम श्रेणी मैच भी खेला। क्वींसलैंड के लिए, उन्होंने 67 शील्ड गेम खेले हैं और 4345 रन बनाए हैं, जिसमें 11 शतक शामिल हैं।


## जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हरा कर अंतिम 16 में किया प्रवेश

**यूरो 2024**



एजेंसी

**बर्लिन :** जमाल मुसियाला और इल्के गुंडोगन के गोलों की मदद से जर्मनी ने बुधवार को हंगरी पर 2-0 से लगातार दूसरी जीत हासिल कर यूरो 2024 के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया, जबकि अल्बानिया ने ग्रुप चरण के दूसरे दौर में क्रोएशिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। हंगरी ने बेहतर शुरुआत की और पहले मिनट में ही गोल करने का सुनहरा मौका चूक गया। जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर ने जोशुआ किमिच के रिटर्न पास को रोलैंड सलाई के पास पहुंचने से पहले ही रोक लिया। मैच के 22वें मिनट में विली ओर्बन ने अपने बॉक्स के अंदर गेंद को फंसा दिया, जिससे गुंडोगन को मुसियाला के लिए गोल सेट करने का मौका मिला। मुसियाला ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिला दी। हंगरी ने बराबरी के लिए बहुत जोर लगाया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और मध्यांतर तक जर्मनी 1-0 से आगे रहा। मैच दोबारा शुरू होने के बाद जर्मनी नियंत्रण में रहा। मैच के 67वें मिनट में मैक्सिमिलियन मिटेलस्टैड ने गुंडोगन को बॉक्स में स्क्वायर पास दिया, जिसे उन्होंने गोल में बदलकर जर्मनी को 2-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ, जर्मनी ग्रुप ए में दो जीत के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद स्विट्जरलैंड, स्कॉटलैंड और हंगरी की टीमें हैं। ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में, स्विट्जरलैंड ने स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रा खेला। ग्रुप बी में, अल्बानिया के क्लॉस गजसुला ने क्रोएशिया को 2-2 की बराबरी के साथ चौंका दिया। अल्बानिया ने काज़िम लैसी के जरिए स्कोरिंग की शुरूआत की, इसके बाद क्रोएशिया के आंद्रेज क्रामारिक ने गोल कर स्कोर बराबर किया। गजसुला ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए क्रोएशिया को 2-1 की बढ़त दिला दी, लेकिन डार्मस्टैड के मिडफील्डर ने इंजरी टाइम में गोल कर अल्बानिया को 2-2 से बराबरी दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।



बुडापेस्ट में ओलंपिक क्वालीफायर सीरीज के लिए अभ्यास करते हुए एक बीएमएक्स साइक्लिस्ट।

## एक झलक

### ताइवान को 36 करोड़ डॉलर के हथियार देगा अमेरिका

**वॉशिंगटन** : अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने मंगलवार को ताइवान को 36 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है। इसमें 291अल्टियस-600एम सिस्टम शामिल है। इस प्रणाली में युद्धक हथियारों के साथ लैस मानवरहित विमान या ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका के इस दावे से चीन की टेंशन बढ़ गई है। इसके अलावा ताइवान को अधिक रेंज वाले 720 स्विचब्लेड ड्रोन और मिसाइल भी दिए जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि यह ताइवान की सुरक्षा में सुधार करने में मदद करेगा और क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, सैन्य संतुलन और आर्थिक प्रगति बनाए रखने में सहायता करेगा।

### 15 करोड़ की कोकीन बरामद, चार गिरफ्तार

**काठमांडू** : नेपाल के रास्ते भारत में सप्लाई करने के लिए भेजी जा रही साढ़े किलो कोकीन नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो ने बरामद की गई है। कोकीन की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 15 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। चार विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो के मुताबिक काठमांडू के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर साढ़े किलो कोकीन बरामद के गई है। ब्यूरो के प्रवक्ता एसपी रामेश्वर कार्की ने बताया कि कोकीन की खेप के साथ भारत, तंजानिया और वेनेजुएला के 4 नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें तंजानिया के 63 वर्षीय डोनाल्ड जैक्सन माबुगा, बोलिविया के 33 वर्षीय लाउरा क्रुज टिकोना, वेनेजुएला के 39 वर्षीय साइमन एन्टोनियो अल्फोंजो राडा तथा भारत के 27 वर्षीय लाल रूवैत सांगी हैं।

### आईएसआईएस का बड़ा रणनीतिकार मारा गया

**वाशिंगटन** : अमेरिका के सीरिया में किए गए हवाई हमले में कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएसआईएस को तगड़ा नुकसान हुआ है। उसका एक शीर्ष और भरोसेमंद नेता मारा गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एक्स हैंडल पर उपलब्ध ब्योरे में मारे गए इस कुख्यात रणनीतिकार का नाम उसामा जमाल मुहम्मद इब्राहिम अल-जनाबी बताया गया है। वह संगठन में आतंकियों की भर्ती करता था। कमांड ने कहा कि यह हमला सीरिया के कसीरिया में 16 जून को किया गया था।

# तीन मंजिला मकान में लगी आग पिता और दो बेटियां जिंदा जले





एजेंसी

**ग्वालियर** : मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के बहोड़पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलाशनगर में बुधवार रात एक तीन मंजिला मकान में आग लग गई। इस हादसे में मकान में रहने वाले एक व्यक्ति और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी पहुंचे। एसडीआरएफ और एयरफोर्स को भी मदद के लिए मौके पर बुलाया गया। इसके बाद मौके पर एक के बाद एक फायर ब्रिगेड की 13 गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात दो से तीन बजे के बीच हुई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। बताया गया है कि बहोड़ापुर थाना इलाके के कैलाशनगर में विजय उर्फ बंटी अग्रवाल का तीन मंजिला मकान है, जिसमें इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर ड्राय फ्रूट्स की दुकान, दूसरी मंजिल पर गोदाम है और तीसरी मंजिल पर वह परिवार के साथ रहते थे। विजय की पत्नी राधिका, बेटे अंश के साथ ससुराल मुरैना गई हुई थीं। घर पर विजय, उनकी दो बेटियां आएशा उर्फ मिनी (15) और यशिका उर्फ यीशू (14) ही थे। बुधवार की रात तीनों खाना खाकर सो गए। देर रात अचानक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और तेज लपटें उठने लगीं। मकान से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता नीचे से है। यहां आग फैली हुई थी। दूसरा रास्ता मकान के पिछले हिस्से से है, लेकिन वहां उन्होंने अलमारी रखी हुई थी, जिसकी वजह पिता और दोनों बेटियां आग में घिर गए और बाहर नहीं निकल सके।

मकान से तेज लपटें उठती देख पड़ोस के लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन स्थिति काबू में नहीं आई, क्योंकि आग बहुत ज्यादा फैल चुकी थी। इसके बाद एसडीआरएफ और एयरफोर्स को भी मदद के लिए मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ की 13 सदस्यीय टीम ने दूसरी मंजिल की दीवार को मशीन से तोड़ा। यहां से विजय को निकाला गया। तीसरी मंजिल के दरवाजे को तोड़कर अलमारी को हटाया। यहां से दोनों बेटियों को निकाला गया। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एएसपी अखिलेश रैनवाल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मकान में फंसे तीन लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी पड़ोस में रहने वाले शैलू चौहान ने बताया कि आग बहुत भीषण थी।

## ओबीसी आरक्षण को किसी भी कीमत पर नुकसान नहीं होने देंगे : शिंदे



**मुंबई** : मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को भरोसा दिलाया है कि महाराष्ट्र सरकार ओबीसी आरक्षण को किसी भी कीमत पर नुकसान नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि दो मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अनशनकारी लक्ष्मण हाके से मुलाकात करके उन्हें भी आश्वस्त करेगा। सीएम शिंदे ने लक्ष्मण हाके से अपनी सेहत पर ध्यान देने की अपील की है। ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे जालना जिले में भूख हड़ताल कर रहे हैं। उनसे मिलने के लिए आज विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार मिलने गए थे। इसके बाद विजय बडेट्टीवार ने मुख्यमंत्री से मोबाइल पर बात की। विजय बडेट्टीवार ने मुख्यमंत्री को बताया कि मराठा नेता बार-बार ओबीसी से आरक्षण लेने की बात कर रहे हैं, इससे ओबीसी समाज में डर का माहौल है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी कीमत पर ओबीसी आरक्षण को नुकसान नहीं होने देगी। ओबीसी समाज को लग रहा है कि उनका हक का आरक्षण मराठा समाज लेने जा रहा है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं होने दिया जाएगा।

## सोपोर मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता : सेना



एजेंसी

**श्रीनगर** : सेना ने गुरुवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के सोपोर में राफियाबाद मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता है। कुपवाड़ा जिले के पोहरूपेट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सेना की 7 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के कमांडर दीपक मोहन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोपोर के राफियाबाद में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में लगातार इनपुट मिल रहे थे। 19 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस को हादीपोरा, राफियाबाद के एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। घर पर छापा मारने के बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना के अधिकारी के साथ उत्तरी कश्मीर के पुलिस उप महानिरीक्षक विवेक गुप्ता और पुलिस और सेना के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े थे और उनकी पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है। सेना अधिकारी ने बताया कि उस्मान 2020 से कश्मीर में सक्रिय था। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। दो आतंकवादियों का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है।

### प्रधानमंत्री से मिले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

## केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन का किया अनुरोध



एजेंसी

**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमि पूजन करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी-जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान जानकारी से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना भूमिपूजन के लिए तैयार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल-गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश की जनता का इस अभियान के प्रति उत्साह देखकर इस अभियान की समय-सीमा को 30 जून तक बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रहे सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में डिंडोरी जिले में विश्व सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार ₹रक्त विकार₹ की इस गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है।

### दो श्रमिकों की मौत पर हरियाणा को नोटिस

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 13 जून की मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि हरियाणा के सोनीपत जिले के बाजिदपुर सबोली गांव के पास एक निजी पैकेजिंग फैक्टरी में सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस के संपर्क में आने से दो भाइयों की मौत हो गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनका तीसरा साथी जो उसी गांव का था, इस दुर्घटना में बच गया है। पुलिस अधिकारियों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फैक्टरी मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 जून को पहुंचेंगे लखनऊ



एजेंसी

**लखनऊ** : लोकसभा चुनाव जीतने और दोबारा केंद्रीय रक्षा मंत्री बनने के बाद राजनाथ सिंह पहली बार 21 जून को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दी। आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का शुक्रवार शाम छह बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट आगमन पर लखनऊ महानगर और कार्यकताओं द्वारा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री हनुमान सेतु मंदिर जाएंगे और वहां पूजन अर्चन करने के बाद कालिदास मार्ग स्थित आवास जाएंगे। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री शनिवार की शाम 05:30 बजे सिटी मोंटेसरी स्कूल, गोमती नगर विस्तार में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत रक्षा मंत्री शाम 6:30 बजे गोमती नगर से एयरपोर्ट जायेंगे और सायं 7:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## 'कन्नप्पा' की शानदार झलक की पेशकश के साथ बहुप्रतीक्षित टीजर रिलीज



■ विष्णु मांचू की महाकाव्य एक्शन फिल्म का पावर-पैक टीजर रिलीज

**कान्स** फिल्म फेस्टिवल में प्रतिष्ठा हासिल करने और अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन के बाद, महाकाव्य एक्शन फिल्म 'कन्नप्पा' का बहुप्रतीक्षित टीजर अब रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। आखिरकार, वह समय आ ही गया, जब दुनियाभर के दर्शकों को विष्णु मांचू के ड्रीम प्रोजेक्ट की शानदार झलक देखने को मिलेगी। 'कन्नप्पा' में विष्णु मांचू ने भक्त कन्नप्पा की भूमिका निभायी है। इसके अतिरिक्त, मोहन बाबू, मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार, शरथ कुमार और काजल अग्रवाल के साथ ही विभिन्न प्रभावशाली कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। 'कन्नप्पा' भक्ति और बलिदान की पौराणिक कहानी को जीवंत करने वाली एक मार्मिक कथा के साथ आश्चर्यजनक विजुअल्स की पेशकश करती है।


टीजर को पाँच भाषाओं में जारी किया जायेगा, जिसमें तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी शामिल हैं। इस प्रकार, यह फिल्म व्यापक रूप से और विविध दर्शकों तक अपनी पहुंच स्थापित करेगी। यह बहुभाषी रिलीज विष्णु मांचू के समर्पण को उजागर करती है, जो फिल्म की सार्वभौमिक अपील और दुनिया भर के दर्शकों के साथ इस महाकाव्य कहानी को साझा करने पर आधारित है।

विष्णु मांचू ने कहा, ₹हम अपने दर्शकों के साथ 'कन्नप्पा' का टीजर शेयर करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। कान्स में इस फिल्म को अद्भुत प्रतिक्रिया मिली है। ऐसे में, हम दुनिया भर के लोगों द्वारा हमारी फिल्म की सुंदरता और भावनात्मक गहराई को देखे जाने का बेसब्री से देखने का इंतजार कर रहे हैं। 'कन्नप्पा' साझा भक्ति की कहानी है, और हम इस यात्रा में दर्शकों को शामिल होता हुआ देखने के लिए उत्सुक हैं। यह फिल्म हमारे इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें इसे सुर्खियों में लाने पर गर्व है। बीते कुछ समय से यह देखने में आ रहा है स्थानीय कहानियाँ सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी लोगों के दिलों में बसर करती हैं और 'कन्नप्पा', जो हमारी समृद्ध संस्कृति में गहराई से निहित है, निश्चित रूप से हर क्षेत्र के दर्शकों को खुद से जोड़ लेगी।'

# साल का सबसे लंबा दिन आज

### सबसे छोटी रात में स्ट्राबेरी मून बिखेरेगा चांदनी

- योग दिवस पर सूर्य का कर्क रेखा से योग, मप्र के 14 जिलों में कर्क रेखा पर रहेगा शून्य छाया दिवस
- 21 जून समर सोलिस्टस और स्ट्राबेरी मून की खगोलीय घटना एक साथ




एजेंसी

**भोपाल** : खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शुक्रवार, 21 जून का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन पृथ्वी के 16 देशों, भारत के आठ राज्यों सहित मध्य प्रदेश के 14 जिलों से होकर उत्तरी गोलार्द्ध में खींची गई काल्पनिक कर्क रेखा पर साल की खास खगोलीय घटना दिखेगी। इस दिन सूर्य कर्क रेखा पर पहुंचा दिखकर अपनी उत्तरायण यात्रा पूरी करेगा। इसके बाद यह अपनी वापसी की दक्षिणायन यात्रा आरंभ करेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य का कर्क रेखा से योग होगा। यह साल 2024 का सबसे लम्बा दिन होगा जबकि रात सबसे छोटी होगी, जिसमें स्ट्राबेरी मून अपनी चांदनी बिखेरेगा।

राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के नगरों में दिन सबसे लंबा और रात सबसे छोटी अवधि की होगी। इस घटना को समर सोलेस्टिस कहते हैं। इस दौरान कर्क रेखा पर स्थित नगरों में सूर्य के लंबवत होने के कारण किसी भी वस्तु की छाया दोपहर में उसके आधार के नीचे बनेगी, जिससे लगेगा कि छाया गायब हो गई। कर्क रेखा के नगरों के लिए शुक्रवार को शून्य छाया दिवस होगा। खगोलीय उत्तरायण के अंतिम पड़ाव पर पहुंचने की इस घटना को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। सारिका ने बताया कि शुक्रवार की रात की शुरूआत भी बेहद खास होगी। पश्चिम में सूर्य के ढलते ही पूर्वी आकाश में पूनम का चंद्रमा उदित होगा।



## सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर संस्था हुई गौरवान्वित




'एक पहल' स्वयंसेवी संस्था ने रांची प्रेस क्लब में 'हमारे होनहार' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जैक बोर्ड में सफल इंटर और मैट्रिक के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कई छात्र झारखंड टॉपर भी थे, जिनको संस्था की ओर से मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी शंकर दुबे व फरीद खान थे।





